e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 10

# प्रभात मंत्र

बुधवार
10.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमारा मकसद अपने बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाना होना चाहिए, सफल तो वो स्वयं हो जाएंगे।



## जन समस्याओं से सबंधित 12 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजकुमार राम के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर जन समस्याओं से सबंधित 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा.प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ से सभी मांगो को पूरा कराने का अनुरोध किया.बीडीओ को दिये गये मांगपत्र में झुमरी ग्राम स्थित ढूडी नाला पर पुलिया निर्माण कराने व सिंचाई कूपों की जांच कर निर्माण कार्य पूरा कराने,तुलसी दामर ग्राम स्थित गूलर पेड़ के पास नाला पर चेकडैम बनवाने,अलकर ग्राम में सतबहिनी नाला पर वर्ष 1917 में टूटे बांध को बंधवाने,देइ खोह डैम के लीकेज को बंद कराकर ऊंचाई बढ़ाने,नकटी नदी चेचरिया चेक डैम बनवाने,पूर्णानगर में वर्ष 1917 में टूटे नइकी बांध बनवाने,सलसलादी ग्राम स्थित कसेया नदी पर बांध बनवाने,सभी आहर, पोखर,तालाब का गहरीकरण कराने,सभी परिवारों को राशनकार्ड तथा परिवार के छूटे लोगों का नाम शामिल कराने,प्रत्येक माह के 10 तारीख तक राशन वितरण सुनिश्चित कराने,बेघरों को अबुआ आवास स्थल जांच कर दिलाने,बंद पड़े तुलसी दामर माइंस को चालू कराने तथा ट्रॉमा सेंटर व आईटीआई कॉलेज को चालू कराने की मांग शामिल है. प्रतिनिधि मंडल में अंचल सचिव गोपाल यादव, श्री राम, विद्या पासवान, यूनुस खान, देवीदयाल मेहता व रामनाथ उरांव शामिल थे।

## पूजित अक्षत का घर घर किया गया वितरण



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद् एंव बजरंग दल के समिति के द्वारा श्री राम मंदीर से आये अक्षत को डोर टू डोर जाकर खरौंधी बाजार मे वितरण किया गया. वितरण कर रहे समिति के सदस्यों ने बताया की यह अक्षत श्री राम जन्मभूमि से पूजित अक्षत आई है इसे सभी लोग अपने घरों में जरूर रखें। और इसमें सभी लोग बढ़ चढ़ कर जरूर भाग लें। इसके साथ ही समिति के सदस्यों ने वितरण करते हुए कहा की 22 जनवरी को सभी लोग अपने घरों और आसपास के मंदिरों को दिवाली की तरह सजाकर रखे।

## केतार बीडीओ के प्रभार में बने रहेंगे नंद जी राम

**केतार(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उपायुक्त शेखर जमुवार ने सोमवार को बीडीओ का प्रभार खरौंधी अंचलाधिकारी सुनील कुमार को निकाले गए आदेश पत्र में संशोधन किया है। मंगलवार को आदेश पत्र के ज्ञापन 14 दिनांक 09-01-2024 के द्वारा संशोधन पत्र जारी करते हुए पत्र में यह उल्लेख किया है कि प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं कार्यहित स्थानीय व्यवस्था के तहत पुनः केतार बीडीओ का सम्पूर्ण प्रभार नंद जी राम को ही सौपा गया है। ज्ञात हो की भवनाथपुर में पदस्थापित बीडीओ नंदजी राम ने करीब दो माह से केतार प्रखंड, अंचल और आपूर्ति के प्रभार में थे जो अब सिर्फ प्रखंड के प्रभार में रहेंगे।



## स्प्रे मशीन का किया गया वितरण

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड परिसर में सिंगल विंडो कार्यालय में अनुदानित मूल्य पर 45 किसानों के बीच स्वचालित स्प्रे मशीन वितरण किया गया इस मौके बीटीएम जय गोविंद यादव ने कहा कि आज सिंगल विंडो में सरकार के द्वारा अनुदानित मूल्य पर स्वचालित स्प्रे मशीन 45 किसानों के बीच दिया गया और भी पंजीकृत किसानों को अनुदानित मूल्य पर स्वचालित स्प्रे मशीन दिया जाएगा इस मौके पर सिंगल विंडो के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर डीएमओ का कार्रवाई जारी

**मेदिनीनगर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त शशि रंजन द्वारा अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी का एक्शन जारी है.सोमवार को लेस्लीगंज अंतर्गत चक इलाके में अवैध रूप से संचालित किया जा रहे हैं क्रशर को सील कर दिया साथ ही क्रशर के अंदर रखे गए 24 सौ सीएफटी बोल्डर,2340 सीएफटी चिप्स एवं 260 सीएफटी डस्ट जप्त करते हुए क्रशर संचालक मनोज कुमार पर लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई**

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि अतिसुदूरवर्ती चक गांव में अवैध तरीके से क्रशर का संचालन किया जा रहा है जिसके पश्चात उन्होंने लेस्लीगंज के चक गांव पहुंच कर मेसर्स सुपर स्टोन वर्क्स,प्रोपराइटर मनोज कुमार के संचालित क्रशर में छापेमारी की,डीएमओ व पुलिस बल को आता देख क्रशर के सभी श्रमिक भाग गए जबकि वहां मौजूद क्रशर के एक कर्मी अरूण कुमार पाया गया. जिससे क्रशर संचालन को लेकर कागजात की मांग की गयी तो अरूण द्वारा कागजात के नाम पर सीटीओ नवीकरण के लिए भेजे गए कागजात दिखा गया एवं इसके अलावे कोई भी अन्य कागजात प्रस्तूत नहीं किया गया,जांच में पाया गया कि क्रशर सीटीओ 31 दिसंबर 2023 तक ही है,वही अन्य कागजात भी नियमानुसार नहीं पाया गया.जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएमओ आनंद कुमार के द्वारा 24 सौ सीएफटी बोल्डर, 2340 सीएफटी चिप्स एवं 260 सीएफटी डस्ट जप्त करते हुए क्रशर संचालक मनोज कुमार पर लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

# पंडवा के लक्ष्मी ज्वेलर्स का शटर तोड़कर लगभग 9 लाख की हुई चोरी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पड़वा( पलामू) :** पड़वा बाजार क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना से दुकानदार काफी नाराज और अक्रोशित हैं. वहीं थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने दुकानदारों के रात का नींद उड़ा दिया है. मालूम हो की पड़वा बाजार की दूरी थाना से लगभग हजार मीटर है. सोमवार की रात बाजार स्थित एनएच 75 किनारे लक्ष्मी ज्वेलर्स में चोरों ने दुकान का शटर काट कर लाक तोड़ कर दुकान में रखे सोना और चांदी समेत नकदी उड़ा ले गए. इस संबंध में दुकानदार सुबोध प्रसाद ने पंडवा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया है. जिसमें उन्होंने बताया है कि प्रत्येक दिन की भांति सोमवार को संध्या सात बजे दुकान बंद कर घर चले गए. जब मंगलवार को सुबह दुकान खोलने आए तो उन्होंने शटर का ताला टूटा पाया. इसकी सूचना उन्होंने पड़वा थाना प्रभारी को दिया. सुचना पाकर थाना प्रभारी आए उनकी उपस्थिति में दुकान खोलकर देखा तो दुकान में रखें 70 ग्राम सोना व 7.6 किग्रा चांदी के साथ ग्राहकों का मरम्मत कार्य के लिए रखे आभुषण व नगदी तीस हजार रूपए भी गायब थे. दुकान के अंदर रखे तिजोरी का भी लॉक टूटा था. मौके पर पहुंची पलामू एसपी रीषमा रमेशन ने थाना प्रभारी नकुल शाह को अवश्य निर्देश दिए एवम खोजी कुता के चोरी की घटना का उद्भेदन का आदेश दिया.एसपी ने दुकानदार को भरोसा दिया कि बहुत जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा.कब कब हुई घटना ~ बाजार स्थित सिंपी ज्वेलर्स में 9 नवंबर 2023 की रात में लाखो रुपए की जेवरात और नकद की चोरी हुई थी. जिसका आज तक उद्भेदन नही हुआ न ही चोर पकड़े गए.26 दिसंबर 2023 की रात गाड़ीखास कमेटी हाल के पास एक दुकान में चोरी हुई थी. जिसमे 40-50 हजार रुपए की सामग्री और नकद चोरी हुआ था. इसका संचालन सुनीता देवी करती है. मालूम हो की सुनीता ने स्वयं सहायता समूह से कर्ज लेकर दुकान खोला था. 27 दिसंबर 2023 की रात पाटन मोड़ स्थित राजन कुमार रवि के दुकान में चोरी हुआ था. इस संबंध में उपरोक्त सभी व्यक्तियों ने लिखित सूचना पड़वा थाना में दिया था. लेकिन आज तक न तो चोर पकड़े गए ना उद्भेदन हुआ।

**क्या कहते है व्यापारी**

एचएमकेपी के अध्यक्ष प्रमोद सोनी ने बताया की बढ़ रही चोरी की घटना से दुकानदार दहशत में हैं. एक किलोमीटर की दूरी पर थाना है बावजूद चोरी होना सोचनीय है।

## विधायक पुष्पा देवी ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार :** नववर्ष के आगमन पर सौगात दिये छतरपुर - पाटन विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी ने। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विभिन्न योजना की आधारशीला पूजा अर्चना व नारियल तोड़कर किया। ग्राम शिवपुर - खरडीहा होते हुए सर सरईहीह तक लगभग 5किमी, मड़वा से लेकर नाशो तक, गुलाबझरी चौक के पास सरदार वल्भव भाई पटेल जी का मूर्ति का अनावरण भी किया। इसके आलावा ग्राम नाशो मे विवाह मंडप का भी शिलायांस किया। इसके बाद खुद से विधायिका पुष्पा देवी कार्यक्रम मे मौजूद महिलाये के अपने हाथ से मुँह मे मिठाई खिलायी। लगभग करीब 2.5 करोड़ की लागत से निर्माण कराया जायेगा। इस मौक पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि सड़क निर्माण किसी प्रकार की अनिमियता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा और मुझे दुबार मौका मिला तो विकास की गंगा बहा देगें। वही पर मौजूद पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि गरीब दलित परिवार और दबले कुचले परिवार निर्भीक होकर किसी प्रकार के समस्या रखें और आप सबों की हर संभव मदद करने के तत्पर है और रहेगें। मौक़े पर प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी,सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार भुइयाँ, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री संतोष कुमार पाठक, मुखिया हेवन्ति देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह, अशोक यादव,शिक्षक संतोष कुमार सिंह,काशी प्रसाद गुप्ता समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता के अधिक संख्या मे ग्रामीणों ने मौजूद थे।

# ट्रक चलाको द्वारा नए कानून के विरोध में किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** मंगलवार सुबह 7 बजे से फोर सड़क सहित अन्य सड़को को ट्रक - बस चालकों ने हिट एंड रन कानून के विरोध में पूरी तरह सड़क जाम कर दिया। जिससे महिलाएं, स्कूली छात्र-छात्राएं सहित लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा चालकों ने छतरपुर के कउल मोड तथा फोर लाइन कॉलेज मोड़ के निकट एचपी पेट्रोल पंप के पास ट्रैकों ,टेम्पू, गाडियो को रोड में लगाकर रास्ता को बंद कर दिया जिससे गाड़ियों की परिचालन पूरी तरह ठप हो गई और गाड़ियों की लंबी कतार लग गई मौके पर पुलिस प्रशासन चालको को समझने में नाकाम रही वही चालकों ने नारेबाजी करते हुए बताया कि नए कानून के विरोध में लगातार सड़क जाम होता रहेगा और सरकार को नए कानून किसी हाल में लागू नहीं होने देंगे .सड़क जाम होने से यात्रियों को काफी परेशानी चलना पड़ा वहीं छतरपुर में मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार भी पूरी तरह प्रभावित रहा



।जाम स्थल पर छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार , इंस्पेक्टर बिर सिह मुंडा , हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा दास ,लठेया पिकेट प्रभारी वरुण कुमार सहित दल बल के साथ चालको को बात कर जाम हटाने की कोशिश की गई लेकिन चालकों ने जाम नहीं हटाया। अन्तः चालकों ने सन्ध्या 5 : 30 बजे जाम को हटाया। जिसे आवागमन चालू हो सका।

# पूर्व पंचायत समिति सदस्य ने बांटें कंबल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह समाजसेवी सुनीता देवी के द्वारा एक सादे समारोह का आयोजन कर 50 से अधिक गरीब महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण कर गरीबों को ठंड पे बचने में सहयोग किया गया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित कई प्रशासनिक अधिकारी सहित समाजसेवियों को सुनता देवी द्वारा शाल देकर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि गरीबों का सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है।उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड में कई गरीब आज भी ठीक हो रहे हैं। किंतु उन्हें देखने वाला कोई नहीं। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य है कि गरीबों को कंबल देकर आशीर्वाद लिया गया।उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सोन नदी के तटवर्ती इलाका में है । जहां लगातार एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड से लोग ठिठुर रहे हैं। जिसे ठंड से बचाने के लिए यह पहल की गई है। इस मौके पर हेमंत कुमारी, सरोज कुमार, राम रक्षा चौधरी, तेतरी कुंवर, रंभा देवी, श्री पासवान, के अलावा 50 लोगों से अधिक को कंबल दिया गया। मौके पर देवरी ओपी के एएसआई अखिलेश यादव के अलावा कई पुलिस कर्मी को सम्मानित किया गया। मौके पर योगेश कुमार चौधरी, नारायण चौधरी, कलश चौधरी, तिलेश्वर चौधरी, दुखी चौधरी, निर्मला देवी, धनवंती देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शराब दुकान में हुई छापेमारी इंचार्ज को ले गई पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** बगलामुखी गैस एजेंसी के समीप स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम की उपस्थिति में जीडीएस कंपनी के जिला कोऑर्डिनेटर ने दुकान का सोशल ऑडिट किया। सोशल ऑडिट के दौरान उक्त विभाग को शराब की दुकान में करीब 9 लाख 37 हजार रुपए की शराब नहीं मिली इससे नाराज होकर दुकान इंचार्ज को कड़ी फटकार लगाई गई।वहीं शराब की राशि जीडीएक्स कम्पनी के खाते में भी नही डाला गया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने दुकान इंचार्ज प्रदीप कुमार गुप्ता को पूछताछ के लिए गढ़वा ऑफिस ले गई है। उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर विक्रम कुमार साहू ने बताया कि दुकान इंचार्ज को पूछताछ के लिए गढ़वा ले जाया जा रहा हैं। दुकान में कितना का गबन हुआ है यह पूछताछ में स्पष्ट नही हो पाया है। इस मौके पर पुलिस बल नरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में आयुष ने जीता सिल्वर मेडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** हरियाणा के पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत शंखा गांव निवासी आयुष कुमार दूबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है.मेडल जीत कर घर वापस पहुंचने पर ग्रामीणों ने आयुष का जोरदार स्वागत किया.यहां बताते चलें कि हरियाणा के पानीपत में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से डीएभी स्कूल के विद्यार्थी हिस्सा लिए थे.जिसमे बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए आयुष ने सिल्वर मेडल जीता.इससे पहले आयुष हासिल कर चुका है.आयुष के पिता बलवंत दूबे रेहला बिजली विभाग में बतौर क्लर्क पदस्थापित हैं.उन्होंने बताया कि आयुष बचपन से हीं काफी होनहार रहा है.वह शिक्षा के साथ खेल में भी हमेशा बेहतर करता रहा है.इधर आयुष के इस सफलता पर कई लोगों ने उसे बधाई दी है।

# समाजसेवी के पिता के निधन पर शोक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हुसैनाबाद :** प्रखंड के जुझार सिकनी गांव निवासी समाजसेवी ललन कुमार पासवान के पिता रामजी पासवान उम्र 86 बर्ष हृदय गति रुकने से सोमवार को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव जुझार सिकनी स्थित स्मशान घाट पर किया गया स्वर्गीय रामजी पासवान अपने वर्तमान समय में क्षेत्र में एक अपनी अलग पहचान बनाकर छाया छोड़ दुनिया से अलविदा कह चल बसे उनके निधन पर ग्रामीण सहित अन्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी ने शोक व्यक्त किया शोक व्यक्त में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन उप प्रमुख इंदू देवी समाजसेवी पवन कुमार पटेल पासवान विनय कुमार पासवान सुधिर कुमार ठाकुर समाजसेवी ललन कुमार पासवान उप डाकपाल अरविंद कुमार ओझा लक्ष्मुण सिंह मुखिया विजय कुमार राम समाजसेवी कुंदन कुमार पासवान रंजित कुमार सिंह विपिन कुमार सिंह संजय कुमार शिक्षक निर्मल कुमार पंकज कुमार पासवान मनोज कुमार पासवान सहित गिरजा पासवान धर्मेन्द्र कुमार रंजन कुमार अन्य लोग निधन पर शोक व्यक्त किया।

# नेटवर्क नहीं रहने के कारण जन वितरण दुकान में लगा रहता है भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बिश्रामपुर :** जिले स्थित बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत मे सरकार की तरफ से चलाई जाने वाली जन वितरण दुकान, जहां लोगों को सरकार की ओर से राशन उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे तो पूरे राज्य में जन वितरण प्रणाली की दुकान है, जहां से लोग अपना राशन का उठाव करते हैं, पर सही से नेटवर्क नहीं होने के कारण जन वितरण संचालक डीलरों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वही गुरी पंचायत पहरगेडुआ निवासी पीडीएस संचालक अभिमन्यु सिंह ने बताया कुछ दिन से नेटवर्क सही नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को काफी कष्ट का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने जिला स्तर के वरीय खाद आपूर्ति पदाधिकारी एवं उपायुक्त पलामू से इस संबंध में ध्यान आकृष्ट करते हुए नेटवर्क ठीक रहने की मांग की है, जिससे दूर से राशन लेने आए हुए ग्रामीण इलाके के लोगों को ज्यादा कठिनाई न हो उन्होंने बताया हम लोग हड़ताल पर नहीं है, पूर्ण रूप से अपना कार्य पर लगे हुए हैं पर नेटवर्क नहीं रहने के कारण राशन वितरण करने में काफी कठिनाई हो रही है, बिरजू यादव गुरी, अभिमन्यु सिंह गुरी, चंद्रशेखर पांडे भंडार, सुरेश यादव, इंदिरा समूह लालगढ़, राजू राम नगर परिषद हम सभी लोग पूर्ण रूप से कार्यरत होने की बात कही।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना जरुरी : बीडीओ

## *हिन्डालको ने किया आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का 13 दिवसीय प्रशिक्षण*

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पंडवा(पलामू):** पड़वा प्रखण्ड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का काम खासकर महिलाओं के लिए काफी रूचिकर होती है, इसलिए महिलाएं यदि लगन व ईमानदारी के साथ अपना रोजगार कर जीने का साधन मानकर प्रशिक्षण हासिल करेंगी तो निश्चित रूप से इस काम को आसानी से जीविकोपार्जन का साधन बना सकती है। आजकल आर्टिफिशियल ज्वेलरी का डिमांड काफी बढ़ गया है। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का आयोजित 13 दिवसीय प्रशिक्षण के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। प्रशिक्षण का उदघाटन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, बीपीओ स्वीटी सिन्हा, मुखिया शंकर साव व सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने की। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने महिलाओं को स्वरोजगार का साधन उपलब्ध कराने का जो प्रयास कर रही है वह बहुत ही सराहनीय है। प्रशिक्षण के दौरान एवं प्रशिक्षण के बाद कंपनी के सीएसआर टीम के साथ साथ जेएसएलपीएस की भी टीम प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं की मानिटरिंग करेगी ताकि महिलाएं इसे रोजगार का साधन बना सकें। बीपीओ स्वीटी सिन्हा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा व जेएसएलपीएस द्वारा भी इस तरह की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इस आयोजन के लिए सीएसआर टीम को बधाई दी। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले महिलाएं आत्मनिर्भर बनें इसी उद्देश्य को लेकर यह प्रशिक्षण आयोजित की है। इस मौके पर जेएसएलपीएस के मुकेश तिवारी, रोजगार सेवक गिरेन्द्र मिश्रा, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, प्रिंस सिंह, रेणु देवी ,प्रशिक्षक संगीता गोयल सहित कई लोग मौजूद थे।

## सीआरपीएफ ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ग्रामीणों के बीच बांटी सामग्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** मंगलवार को सीआरपीएफ कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर ई 190 बटालियन ने कुन्दा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित कोजरम, बलही, हिंदयाकला गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत शिविर का आयोजन कर सैकड़ों ग्रामीणों के बीच कंबल, साड़ी, सोलर लाईट, ड्राम समेत अन्य दैनिक उपयोग में आने वाले सामग्री का वितरण किया।वही मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न रोगों का चिकित्सीय उपचार के साथ दवाईयां भी दी गई।वही बच्चों के बीच स्कूल बैग, कॉपी, कलम, फुटबॉल, वॉलीबॉल सामग्री का वितरण किया गया।सीआरपीएफ के सीएमओ डॉ जगत आनन्द सुरीन व समवाय अधिकारी चौधरी कलीम उल्ला ने कहा लोगों को सुरक्षा देने के साथ-साथ जनता के हर सुख दुख में सीआरपीएफ की टीम साथ निभाने को तत्पर है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 10

बुधवार

10.01.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमारा मकसद अपने बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाना होना चाहिए, सफल तो वो स्वयं हो जाएंगे।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों का लिया जायजा

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने पहले हनुमान गढ़ी में दर्शन-पूजन किया और इसके बाद श्रीराम जन्मभूमि के अस्थाई मंदिर में रामलला की आरती उतारी। योगी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों के मुताबिक योगी का यह दौरा पूरी तरह से प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों से जुड़ा है। वह श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। इस दौरान वह विभिन्न विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्यों का जायजा भी लेंगे।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जब से तय हुआ है, तब से योगी कई बार अयोध्या का दौरा कर चुके हैं, लेकिन नव वर्ष में उनका यह पहली बार अयोध्या आगमन हुआ है।योगी इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 दिसंबर के कार्यक्रम के मद्देनजर दो दिवसीय दौरे पर 29 दिसंबर को अयोध्या आए थे।

### पूर्व विधायक पप्पू यादव से ईडी ने की पूछताछ

**रांची :** पूर्व विधायक पप्पू यादव ईडी के द्वारा दिए गए तय समय पर मंगलवार को एजेंसी के दफ्तर पहुंचे. रजिस्टर एंट्री करने के बाद पूर्व विधायक सीधे ईडी के दफ्तर में चले गए, जहां कुछ आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद उनसे पूछताछ शुरू की गई. पूर्व एमएलए पप्पू यादव साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से व्यावसायिक संबधों की वजह से एजेंसी के रडार पर आए हैं.बिहार के कटोरिया क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकिशोर यादव उर्फ पप्पू यादव को ईडी ने समन जारी करते हुए 9 जनवरी के दिन के 11 बजे एजेंसी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया था. बीते बुधवार को ईडी ने पूर्व विधायक के घर, होटल सहित कई अन्य ठिकानों पर एक साथ रेड किया था.

### अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी सम्मेलन आज हरिद्वार में

**हरिद्वार** : हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा एवं संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने के लिए 10 जनवरी को दोपहर 2 बजे विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर तीर्थ नगरी हरिद्वार के ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज के ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल ने दी।वैश्विक हिन्दी परिवार, हिमालय विश्वविद्यालय, एसएमजेन पीजी कॉलेज और हिमालय विरासत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में एक दर्जन से अधिक देशों के प्रख्यात हिंदी लेखकों के साथ देश के अनेकों लेखन एवं हिंदी प्रेमीजन इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक की पहल और अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा और संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने के लिए संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात ऋषिकुल से हरकी पौड़ी तक संकल्प यात्रा निकाली जाएगी, जहां पर मां गंगा की आरती में प्रतिभाग कर संकल्प लिया जाएगा।

### नक्सलियों ने तीन कंपनियों के आठ वाहनों को फूंका

**गुमला :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के नक्सलियों ने सोमवार देर रात करीब एक बजे गुमला जिले के घाघरा-सेरेंगदाग पथ पर सतकोनवा गांव में बीकेबी, एमटू एवं डॉल्फिन कंपनी के आवासीय परिसर में खड़े आठ वाहनों को जला दिया। घटना की सूचना मिलते ही गुमला के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, अभियान एसपी मनीष कुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 6-7 नक्सली सतकोनवा पहुंचे और करीब आधे घंटे तक उत्पात मचाया। इन्होंने रह रहे कंपनी के कर्मचारियों को घरों से बाहर निकाला और उन्हें हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया।नक्सलियों ने आवासीय परिसर में ही खड़े डाल्फिन कंपनी के एक हाईवा को ब्लॉस्ट कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही बीकेबी कम्पनी की तीन हाईवा, एमटू कंपनी की एक हाईवा, डॉल्फिन कंपनी के एक टैंकर, पिकअप वैन तथा एक अन्य हाईवा को डीजल डालकर आग के हवाले कर दिया। इस आगजनी की घटना में करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

## कैबिनेट में कुल 34 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# राजधानी में बनेगा ताज होटल

**रांची स्मार्ट सिटी कोर कैपिटल एरिया में ताज होटल के लिए 6 एकड़ जमीन आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है**




**इसमें सबसे खास है कि अब राज्य के बाहर की एजेंसियों के बुलावे पर कोई भी अधिकारी सीधे नहीं जाएगा. समन मिलने पर उन्हें पहले अपने संबंधित विभाग के माध्यम से कैबिनेट को बताया होगा.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड की हेमंत सोरेन कैबिनेट में कुल 34 प्रस्तावों पर मुहर लगी है.

इसमें सबसे खास है कि अब राज्य के बाहर की एजेंसियों के बुलावे पर कोई भी अधिकारी सीधे नहीं जाएगा. समन मिलने पर उन्हें पहले अपने संबंधित विभाग के माध्यम से कैबिनेट को बताया होगा. इसके बाद कैबिनेट यह तय करेगा कि उन्हें ईडी, सीबीआई या आईटी जैसे किसी अन्य बाहरी एजेंसी के सामने हाजिर होना है या नहीं.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में 34 फैसलों को स्वीकृति प्रदान की गई है.

रांची स्मार्ट सिटी कोर कैपिटल एरिया में ताज होटल के लिए 6 एकड़ जमीन आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है. मंगलवार 9 जनवरी को झारखंड मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 34 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई. कैबिनेट में लिए गए निर्णय की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने दी. इसके अलावा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने राज्य सरकार के पदाधिकारी को राज्य के बाहर की एजेंसियों के द्वारा भेजे जाने वाले समन या नोटिस को लेकर एसओपी की स्वीकृति दी है. इसके तहत समन मिलने के पश्चात अधिकारी पहले मंत्रिमंडल निगरानी विभाग से मार्गदर्शन लेंगे. मंत्रिमंडल निगरानी विभाग विधि सलाह लेकर अग्रतर कार्रवाई करेगी.

### कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले

- पथ प्रमंडल रांची अंतर्गत नामकुम-डोरंडा फोर लेन सड़क की पुर्नरीक्षित राशि की स्वीकृति दी गई.
- खूंटी तोरपा कोलेबिरा पथ के लिए 30 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति
- गिरीडीह स्थित बोरो हवाई अड्डा रनवे की लंबाई बढाने के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए राशि स्वीकृत की गई.
- भारतीय प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव से उपर अधिकारियों को लैपटॉप सुविधा देने की स्वीकृति
- डॉ सीमा साहू को बर्खास्त करने की स्वीकृति.2021 से अनुपस्थित थी डॉ सीमा साहू
- एनसीसी कैडेट कोड के भोजन भत्ता में वृद्धि की स्वीकृति. अब 95 रुपया की जगह 150 रुपया मिलेगा.
- डॉ संजय कुमार को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति, जून 2016 से अनुपस्थित थे डॉ संजय कुमार
- झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सेवा, चयन नियमावली में बदलाव की स्वीकृति
- 277.32 करोड़ से बनेगा 2500 आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन.
- पंडित रघुनाथ मुर्मू युनिवर्सिटी के संचालन के लिए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई
- वित्तीय वर्ष 2023-24के द्वितीय अनुपुरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.
- अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के धार्मिक स्थलों की घेराबंदी के लिए रुपरेखा की स्वीकृति. अधिकतम 50 लाख खर्च होंगे.
- राजधानी में खुलेगा ताज होटल. कैबिनेट ने 06 एकड़ जमीन स्मार्ट सिटी में देने की दी स्वीकृति
- झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव नियमावली में संशोधन की स्वीकृति
- इटकी में अजीम प्रेमजी स्कूल के लिए जमीन आवंटन की स्वीकृति
- राज्य सरकार के पदाधिकारियों को राज्य से बाहर के जांच एजेंसियो से प्राप्त समन को लेकर एसओपी की स्वीकृति
- रांची सहित राज्य के 8 जिलों में खुलेगा साइबर थाना.

# हमेशा याद रहेंगे भगवान बिरसा मुंडा : अर्जुन मुंडा

*** भगवान बिरसा मुंडा की संघर्षस्थली डोम्बारी बुरू में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा की संघर्षस्थली डोम्बारी बुरू में मंगलवार को शहादत दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर खूंटी के सांसद और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, उपायुक्त लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों, विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों से जुड़े लोगों, विभिन्न गांवों के आदिवासी महिला-पुरुषों तथा बिरसाइत पंथ मानने वाले बड़ी संख्या में डोंबारी बुरु पहुंचे और नौ जनवरी 1899 को अंग्रेजों के साथ संघर्ष में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपनी आहुति देनेवाले अपने पूर्वजों का इतिहास याद रखना चाहिए। अंग्रेजों के उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य शहीदों को लोग हमेशा याद रखे। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया गया, जो संपूर्ण भारत में संकल्प दिवस के तौर पर मनाया जाता है।उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों से समाज, क्षेत्र व राज्य के विकास के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अग्रेजों के विरुद्ध झारखंड में उलगुलान छेड़कर हम आदिवासियों को जीने एवं विकास का रास्ता दिखाया था। अब हमें अपने हक व अधिकार के प्रति जागरुक होकर संवैधानिक तरीके से अपने समाज, गांव एवं राज्य के लिए विकास की दिशा में प्रगति के रास्ते का चुनाव करना होगा।उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा, रीति-रिवाज, संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए राज्य और राष्ट्र के विकास के लिए प्रगति का मार्ग व्यवस्थित करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। यही भगवान बिरसा के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विकास के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्पित है। पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने लोगों से भगवान बिरसा मुंडा, शहीद सरदार गया मुंडा, मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा सहित अन्य महापुरुषों के आर्दशों का अनुकरण करते हुए अपने अधिकार के लिए जागरूक होकर संवैधानिक तरीके से आगे आने का आह्वान किया।

**आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपनी आहुति देनेवाले अपने पूर्वजों का इतिहास याद रखना चाहिए।**

## पहली बार भारत करेगा यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के सत्र की अध्यक्षता

UNESCO

यूनेस्को (UNESCO)

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत इस साल जुलाई में इतिहास में पहली बार यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की अध्यक्षता और मेजबानी करेगा. यह जानकारी यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी शर्मा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी. यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) संयुक्त राष्ट्र के भीतर एक विशेष एजेंसी है जो वैश्विक शांति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है.विशाल वी शर्मा ने पोस्ट में कहा, भारत सम्मेलनों के इतिहास में पहली बार यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की अध्यक्षता और मेजबानी करेगा! 46वें सत्र की तारीखें और स्थान की घोषणा कर दी गई है. उन्होंने बताया कि यह सत्र 21 से 31 जुलाई, 2024 तक नई दिल्ली आयोजित किया जाएगा. यह आयोजन नई दिल्ली को सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण पर वैश्विक चर्चा के केंद्र बिंदु के रूप में रखता है, जो विश्व मंच पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक अहम मौका पेश करता है. यूनेस्को के आधिकारिक बयान के मुताबिक,19वें असाधारण सत्र (यूनेस्को, 2023) में, विश्व धरोहर समिति ने निर्णय लिया कि उसका 46वां सत्र भारत में होगा.यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति का महत्वपूर्ण सत्र हर साल आयोजित होता है, जिसमें 21 सदस्य देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं. इसका प्राथमिक कार्य सांस्कृतिक और प्राकृतिक खजाने के संरक्षण में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की प्रतिष्ठित सूची के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देना है.

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



एजेंसी

**नई दिल्ली.** भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार 9 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जहां क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पैरा तीरंदाज शीतल देवी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पुरस्कार लेने पहुंचे. बैडमिंटन खिलाड़ियों में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया. उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता.

यह पुरुष जोड़ी वर्तमान में मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेल रही है और इसलिए समारोह में शामिल नहीं हुई.हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आम तौर पर 29 अगस्त को होने वाले खेल पुरस्कार समारोह को पिछले साल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों के कारण स्थगित कर दिया गया था. राष्ट्रपति भवन में समारोह में 26 खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. युवा स्टार पिस्टल निशानेबाज 19 वर्षीय ईशा सिंह भी जकार्ता में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में हिस्सा लेने के कारण समारोह के लिए नहीं पहुंच सकीं. उन्होंने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत और टीम स्वर्ण जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया.

पिछले साल एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक के साथ भारत के शानदार प्रदर्शन की झलक पुरस्कार समारोह में भी दिखी क्योंकि पुरस्कार पाने वाले अधिकतर खिलाड़ी हांगझोउ खेलों के पदक विजेता थे.

## संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का निधन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** शास्त्रीय गायक उस्ताद राशिद खान नहीं रहे। मंगलवार को कोलकाता के एक अस्पताल में उन्होंने 55 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वे प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। दिसंबर से उनकी सेहत बिगड़ने लगी थी। 23 दिसंबर को खबरें आई थीं कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पिछले कुछ दिनों से वे आईसीयू में भर्ती थे और वेंटिलेटर पर थे। शुरुआत में उनका इलाज मुंबई के टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल में चला, लेकिन बाद में वे कोलकाता लौट आए थे।उस्ताद राशिद खान का जन्म उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ।

उन्होंने तालीम अपने नाना उस्ताद निसार हुसैन खान से ली। राशिद खान की पहली मंचीय प्रस्तुति 11 साल की उम्र में थी। वे रामपुर-सहसवान घराने के गायक थे। उन्होंने फिल्मों में भी अपनी आवाज दी। जब वी मेट में उनकी गाई बंदिश आओगे जब तुम साजना काफी लोकप्रिय रही।

राशिद खान अपने नाना की तरह विलंबित ख्यालों में गाते थे। वे उस्ताद अमीर खां और पंडित भीमसेन जोशी की गायकी से भी प्रभावित थे। संगीतकार के लोकप्रिया गानों की बात करें तो वे इंडस्ट्री में तोरे बिना मोहे चैन नहीं जैसा सुपरहिट गाना गाया था। वहीं, वे इंडस्ट्री के किंग यानी शाहरुख खान की फिल्म माई नेम इज खान में भी गाना गा चुके हैं।

यही नहीं, उस्ताद राशिद खान राज 3, कादंबरी, शादी में जरूर आना, मंटो से लेकर मीटिन मास जैसी फिल्मों में भी अपनी आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। संगीत जगत को अपनी आवाज से मंत्रमुग्ध करने वाले उस्ताद राशिद खान को पद्मश्री और पद्मभूषण से नवाजा गया था। राशिद का संगीत करियर 11 साल की उम्र में ही शुरू हो गया था। संगीतकार ने कई बांग्ला गीत भी आए।

## पीएम ने देश के सबसे विशाल वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया

एजेंसी

**गांधीनगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) 2024 के अंतर्गत गांधीनगर में देश के सबसे विशाल वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो 2024 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी, तिमोर लेस्टे के राष्ट्रपति जोस मैन्युअल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में स्विच ऑन करके तथा तख्ती का अनावरण कर ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'द समिट ऑफ सक्सेस टुवर्ड्स रियलाइजेशन ऑफ फुलेस्ट पोटेंशियल ऑफ गुजरात' नामक ई-कॉफी टेबल बुक लॉन्च की। प्रधानमत्री द्वारा वाइब्रेंट गुजरात 2024 अमृतकाल की प्रथम समिट की स्मृति में स्मारक सिक्के तथा वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के सफलतापूर्वक 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मारक स्टाम्प का अनावरण भी किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने वाइब्रेंट गुजरात समिट के 20 वर्ष के प्रभाव पर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा तैयार की गई अनुसंधान रिपोर्ट का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी सहित अतिथियों ने ग्लोबल ट्रेड शो में इंटरनेशनल पवेलियन, ई-मोबिलिटी, आत्मनिर्भर गुजरात, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन टेकेड सहित विभिन्न पवेलियनों पर जाकर एग्जीबिटर्स के साथ संवाद किया तथा जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायक सहित देश-विदेश के अग्रणी उद्योगपति उपस्थित रहे।




दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में एग्जीबिशन और स्टॉल हेलिपैड ग्राउंड, गांधीनगर में दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में एग्जीबिशन तथा स्टॉल वाला देश का यह सबसे बड़ा ग्लोबल ट्रेड शो 10 से 11 जनवरी तक बिजनेस विजिटर्स के लिए, जबकि 12 से 13 जनवरी तक आम जनता के लिए खुला रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के समय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के ब्रास बैंड तथा गुजरात पुलिस के पाइप बैंड ने संगीत की धुनों से प्रधानमंत्री सहित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी

**नई दिल्ली(एजेंसी):** केंद्र सरकार की ओर से हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में व्यापक स्तर पर काम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण ने भी अपने सभी कार्य स्थलों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने व उनको सुरक्षित माहौल देने की दिशा में काम कर रही है। भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष आदित्य मिश्र ने मंगलवार को कहा कि हम चाहते हैं कि प्राधिकरण में महिलाओं की भूमिका बढ़े।

दिल का हाल सुने दिल वाला....

रोग नहीं, रोकथाम जरूरी

हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।

यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?

78083 68888 | www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

## तुमांग लैंप्स धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धान अधिप्राप्ति केंद्र तुमांग लैंप्स ग्राम करकट्टा खलारी का मंगलवार को उद्घाटन किया गया. लैंप्स का उद्घाटन प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्यनाथ झा की उपस्थिति में मुखिया संतोष कुमार महली ने किया. मौके पर कृषि पदाधिकारी झा ने कहा कि प्रखंड के किसान धान अधिप्राप्ति केंद्र पर अपना पंजीकरण करवा कर धान बेच सकते हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष किसानों से प्रति क्विंटल 2300 रुपए की दर से धान अधिप्राप्ति किया जाएगा. वहीं मुखिया ने कहा की धान अधिप्राप्ति केंद्र से किसानों को फायदा होगा और बिचौलिए के द्वारा औने-पौने के दाम से किसान बच पाएंगे. इस मौके पर ग्राम प्रधान गणेश पाहन, लैम्स के अध्यक्ष किशुन मुंडा, लैम्स सचिव सत्रुधन मुंडा, लैम्स प्रभारी महेश राम, पंचायत सचिव विपिन कुमार वर्मा के अलावा संतोष गंझू, शोनु खान, राजेन्द्र लोहार उपस्थित थे.



## दो दिवसीय फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जिबीशन 2024 का हुआ आगाज

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दो दिवसीय फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जिबीशन 2024, का आगाज मंगलवार को होटल कैपिटॉल हिल में हुआ.दो दिवसीय इस प्रीमियम एग्जिबीशन का उद्धघाटन सांसद डॉ महुआ माजी ने किया. वही मेले में वीपीएस स्कूल की प्रचार्या डॉक्टर मनीष तिवारी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थीं. मेले में मेट्रो सिटी के विशेष डिजाइनरों का शानदार कलेक्शन और नामी गिरामी बड़े डिजाइनर उपस्थित हुए हैं.जहां आप उनके डिज़ाइनर एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, हैंड मेड ज्वेलरी, लक्ज़री होम डेकोर, देख सकतें हैं. वहीं बनारस की एक्सक्लुसिव साडियों और लखनव की चिकनकारी स्पेशल ड्रेसेस भी देखें जा सकतें हैं.लक्ज़री होम डेकोर, रियल ज्वेलरी ,कश्मीरी पशमीना शॉल स्वेटर , एसेसरीज ,फुटवेयर , वेस्टर्न इंडो वेस्टर्न एक्सक्लूसिव गाऊन शादी के सभी ओकेजन के लिए आप ख़रीदारी कर सकते हैं. साथ हीं दिल्ली ,कश्मीर,बम्बई ,लुधियाना ,लखनऊ ,कानपुर के कलेक्शन, बैंगलोर के डिज़ाइनर साड़ी, ड्रेस, गाउन, को ऑर्ड सेट, पाकिस्तान शरारा गारारा उपलब्ध होंगे. मेले की संचलिका रीना अग्रवाल ने बताया एग्जिबीशन तीज त्यौहार विंटर और वेडिंग सीजन को देखते हुए आपके लिए लगाया गया है.



## प्रखंड स्तरीय रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में प्रखंड स्तरीय रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन प्रखंड कार्यालय प्रांगण में जेएसएलपीएस के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, विधायक प्रतिनिधि, मनरेगा बीपीओ संजय भगत और मौके पर 12 पिया के द्वारा अलग-अलग प्रशिक्षण से संबंधित लोग भाग लिए। प्रांगण में विधिवत रोजगार मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथियों को फूल गुलदस्ता देकर स्वागत गुंज की गई। कैंप में 105 प्रतिभागियों ने भाग लिए जिसमें बेड़ो प्रखण्ड से 18 साल से 35 साल तक के लड़के और लड़कियां इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए। कार्यक्रम में नर्सिंग कंप्यूटर हार्डवेयर, लॉजिस्टिक सेल्समेन, बागवानी प्रशिक्षण, गाय पालन, मुर्गी पालन, टेलरिंग, मधुमक्खी पालन एवं मोबिलाइजेशन कैंप में सभी लोगों को इसके प्रशिक्षण की अवधि, प्रशिक्षण करने के उपरांत जॉब की गारंटी आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम दीनदयाल ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत की गई जिसमें प्रखंड के संकुल समन्वयक फील्ड थेमेटिक कोऑर्डिनेटर ट्री के सीएफ हर और संकुल से जुड़ी हुई सक्रिय वीडियो के सहयोग से यह कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## खूंटी थाना में पदस्थापित एस आई को ऐसीबी की टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में किया गिरफ्तार

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी थाना के एसआई श्रीकांत कुमार को एसीबी की टीम ने मंगलवार को एक व्यक्ति से रिश्वत के रूप में 10 हजार रुपए लेने के आरोप में रंगे हाथ पकड़ कर अपने साथ ले गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माइनिंग एक्ट के एक मामले में उक्त पुलिस अधिकारी ने एक व्यक्ति से रिश्वत की मांग की थी। बताया गया कि उक्त व्यक्ति ने इसकी जानकारी एसीबी को दे दी। मंगलवार दोपहर जब वह व्यक्ति घूस के रूप में उक्त पुलिस अधिकारी को 10 हजार रुपए सौंपा तो पहले से जाल बिछाए एसीबी की टीम ने घूस के रूपयों के साथ पुलिस अधिकारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से युवक की मौत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पुरुलिया मार्ग पर झारखंड मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई! घटना सोमवार की सुबह 5:00 बजे की है। जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखंड के ब्राह्मणडीह गाँव निवासी बैद्यनाथ महतो उम्र 48 वर्ष रोजाना की तरह सोमवार की सुबह-सुबह सड़क के किनारे घूमने निकले थे! अचानक तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए! प्रशासन द्वारा घायल को आनंन फानन में इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया! जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया! रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव के गांव पहुंचते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ रांची पुरुलिया मार्ग पर झारखंड मोड़ के समीप सड़क को जाम कर दिया गया ! जिससे सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई ! स्थानीय प्रशासन द्वारा जाम हटाने के प्रयास किया गया परंतु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे इस घटना की सूचना स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो को दिया गया! सूचना पाकर विधायक घटना स्थल पर पहुंचे एवं पीड़ित परिजनों के साथ आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बूझकर जाम को हटाया गया।एवं मृतक के परिवार को मुआवजा के तौर पर रू 15000 दिलाया। रात 9:30 बजे जाम हटाने के बाद शव के साथ विधायक मृतक के आवास पहुंचे एवं परिवार वालों को ढांढस बंधाया। मंगलवार की सुबह मुरी स्वर्णरेखा नदी में मृतक का दाह संस्कार किया गया।

## गरीब परिवार को मिला आर्थिक सहयोग

**अनगड़ा :** बीसा पंचायत बीसा नया टोली निवासी धनीराम पाहन उम्र-72 साल जो काफी दिनों से बीमार से पीड़ित थे और काफी गरीब परिवार से आते थे । वहीं दूसरी ओर लुपुंग पंचायत निवासी यशोदा देवी उम्र 70 साल जो काफी समय से बीमार चल रहे थे जिनकी अचानक मृत्यु हो गई दोनों मृतक परिवार काफी गरीब परिवार से आते थे जो गरीबी के कारण अपनी बीमारी का इलाज ठीक से नही करा पाए इसी दौरान मृत्यु की खबर मिलते ही आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने मृतक परिवार से मिलकर उनके पुत्रों को सूखा राशन और आर्थिक सहयोग देखकर पीड़ित परिवार की मद्दत किये । इस मौके पर बीसा पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र महतो,महिला अध्यक्ष कर्मी देवी,लुपुंग पंचायत महिला अध्यक्ष शर्मिला देवी,लुपुंग पंचायत अध्यक्ष-कृष्ण कन्हैया साहू,दिलेश्वर बेदिया,मुनी देवी,आशा देवी,शम्भु बड़ाईक, दिलीप पाहन, आदि तमाम लोग उपस्थित रहे ।

## भगवान बिरसा मुण्डा की कर्मभूमि डोम्बारीबुरू में शहादत दिवस का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भगवान बिरसा मुण्डा की कर्मभूमि डोम्बारी बुरू में शहादत दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के लोग डोम्बारीबुरू में एकत्रित होकर 9 जनवरी 1900 को शहीद हुए शहीदों को याद किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद, खूंटी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजातीय कार्य मामले, भारत सरकार, उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, खूंटी अमन कुमार, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए सहित अन्य अधिकारियों ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना के बाद भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपनी आहूति देने वाले अपने पूर्वजों का इतिहास याद रखना चाहिए। अंग्रेजों के उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य शहीदों को लोग भूलने लगे थे। इसलिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस रुप में मनाने का निर्णय लिया गया जो संपूर्ण भारत में संकल्प दिवस के तौर पर मनाया जाता है। उन्होंने भगवान बिरसा मुडा के व्यक्तितत्वों एवं कृतित्वों की चर्चा करते हुए लोगों से समाज, क्षेत्र व राज्य के विकास हेतु उनके पद चिन्हों का अनुकरण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अग्रंजों के विरुद्ध झारखंड में उलगुलान छेड़कर हम आदिवासियों को जीने एवं विकास का रास्ता दिखाया था। अब हमें अपने हक व अधिकार के प्रति जागरुक होकर सवैधानिक तरीके से अपने समाज, गांव एव राज्य के लिए विकास की दिशा में प्रगति के रास्ते का चुनाव करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी परंपरा, रीति-रिवाज, संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए राज्य व राष्ट्र के विकास के लिए प्रगति का मार्ग व्यवस्थित करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। यही भगवान बिरसा के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विकास के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वन धन केंद्र की स्थापना, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।



## दलित समाज का विकास भाजपा में ही संभव : अमर कुमार बाउरी

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला के रुक्का डैम के समीप भाजपा झारखण्ड अनुसूचित जाति मोर्चा की वनभोज सह कार्ययोजना बैठक अयोजित की गई। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 14 से 22 जनवरी तक सभी कार्यकर्ताओं अपने आस पास के मंदिर, महापुरुषों की प्रतिमा, शिक्षण संस्थान आदि की सफाई करें और नमो एप्प पर अपने काम को अपलोड करें। मंदिर के पास एलईडीई पर श्री राम लला के स्थापना को लाइव दिखाए है और दिवाली मनाएं। साथ ही नरेंद्र मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेता प्रतिपक्ष सह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब हम सबको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 10 वर्षो के कार्यकाल का फल उन्हें आगामी चुनाव में अपना मतदान कर समर्पित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्षो के कार्यकाल को देश के गांव, गरीब, दलित, किसान, वंचित, शोषित, महिला, युवा के विकास के लिए समर्पित कर दिया है। अपने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन्होंने अंतिम पायदान के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का काम किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो दलितों को हितैषी है इसी का नतीजा है कि दलितों का वोट प्रतिशत भाजपा के प्रति बढ़ा है। साथ ही झारखंड से एक दलित समाज का बेटा अमर बाउरी जी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने से संपूर्ण झारखंड में दलित आदिवासियों का विश्वास भाजपा के प्रति प्रगढ़ हुआ है और झारखंड के लोगों ने बदलाव करने का मन बना लिया है। अब यहां पारदर्शी और ईमानदार सरकार की जरूरत है। राज्य के लोगों ने भाजपा को मजबूत किया है, अब फिर से बीजेपी की सरकार होनी चाहिए। आज के कार्यक्रम में युवा नेता आशीष साहु के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाजपा का दामन थामा। नेता प्रतिपक्ष ने सभी को भाजपा परिवार का हिस्सा बनने के लिए शुभकामनाएं दी और उनसे आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हुए देश में विकास की गति को आगे बढ़ाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची सांसद संजय सेठ, भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, जीतूचरण राम, रामकुमार पहान, सुरेंद्र कुमार महतो, रंजय भारती, प्रभात भुईयां, विशाल वाल्मीकि,मनोज राम, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का मना शहादत दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी बैंक चौक में स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया. यह दिवस शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह मेमोरियल सोसाइटी के तत्वाधान में मनाया गया.अध्यक्षता मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने किया.इस मौके मुख्य अतिथि पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी शकील अहमद उपस्थित थे.उपस्थित लोगों ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया.मौके पर पीओ शकील अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश की आजादी में इन वीर सपूतों की शहादत अतुल्य है. यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम उनके संघर्ष, आदर्श, समर्पण और बलिदान को व्यर्थ न जाने दें. साथ ही कहा कि झारखंड महापुरुषों, वीरों एवं शहीदों का राज्य है.वही अन्य वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजी शासन के खिलाफ शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह ने जोरदार आंदोलन किया था. उन्हें अंग्रेजों ने कई बार बर्बर तरीके से यातनाएं दीं, फिर भी आंदोलन करने से नहीं रुके तो फांसी पर लटका दिया गया . इस मौके पर जिप सदस्य सरस्वती देवी,रैयत मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,इस्लाम अंसारी,मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहरी, कांग्रेस ग्रामीण प्रदेश महासचिव इंदिरा तुरी, तनवीर आलम,साबिर अंसारी,मुखिया तेजी किस्पोट्टा, पारसनाथ उरांव,मल्का मुंडा ,हारून बुखारी,कलिम रिजवी,मजहर आलम, फिरोज आलम, सलामत अंसारी,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जफरुदीन अंसारी,जावेद अंसारी,महफूज अंसारी,सोनू पांडेय,सुनील सिंह,इकबाल खान,फारूक नवाब,तौहीद अंसारी ,कादिर अंसारी, रूबी यादव आदि लोग उपस्थित थे.



## विद्यार्थी परिषद ने मांडर कॉलेज के नए प्राचार्य व नए बर्सर का किया स्वागत

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांडर इकाई के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय मांडर में नए प्राचार्य प्रो फैयाज अहमद जहांगीर एवं नए वर्ष प्रो.नाथू गाड़ी का जबरदस्त एवं पूरे गर्म जोशी के साथ स्वागत किया कार्यकर्ताओं ने नाथू गाड़ी को ओपन कार में महाविद्यालय के अंदर प्रवेश कराया उसके बाद माला पहनाकर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं यह आशा जताई कि इन दोनों के कार्यकाल में विद्यार्थी परिषद की जो प्रमुख मांगे रहती है ठीक करेंगे चार काम प्रवेश, परीक्षा, पाठ्यक्रम और परिणाम को सुदृढ़ किया जाएगा छात्र हित में नए कदम उठाए जाएंगे पूरे परिसर में प्रोफेसर नाथ हो गाड़ी सर का भ्रमण कराया गया मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक सभी शैक्षणिक गैर शैक्षणिक कर्मचारी सहित विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदर्श प्रसाद विक्रम महतो विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ विभाग सहसंयोजक आकाश सुरक्षित जिला सियोजक उत्कर्ष तिवारी विवेक सोनी नगर मंत्री धीरज सिंह राहुल ठाकुर इकाई अध्यक्ष सीताराम पहान उपाध्यक्ष पंकज कुमार मंत्री विक्की मेहता रोशनी उरांव पार्वती उरांव अमित सिंह सहित विद्यार्थी परिषद के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राओं में उत्साह चरम पर था सबके चेहरे पर खुशी साफ साफ झलक रही थी



## आंगनबाड़ी सेविकाओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार व मंगलवार को अजीम जी प्रेम जी फाउंडेशन के द्वारा सेक्टर 8 व 9 के आंगनवाड़ी सेविकाओं को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण देते हुए साकेत सिंह ने बताया कि किस प्रकार से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास किसी भी चीजों को समझने लायक हो जाता है। किस प्रकार से उन्हें शिक्षा दिया जाए उसपर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । आंगनबाड़ी केंद्र में मुफ्त खेल, नियमित प्रार्थना, बालगीत, भाषा -गणीत, रंगों की पहचान किस प्रकार से सिखाया जाए इसको लेकर प्रदर्शन किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित खेल गतिविधि शामिल करने पर जोर दिया गया।



## आजसू पार्टी महानगर इकाई की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** आजसू पार्टी महानगर इकाई की बैठक में आज सभी वार्ड को लेकर चर्चा हुई । और जिम्मेदारी दी गयी । जिसमें मुख्य अतिथि पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित रांची महानगर के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुआ । जिसमें वार्ड नम्बर 12 काँटाटोली से केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव और सजाद आलम के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता आजसू पार्टी का दामन भी थामे इस दौरान सामूहिक नेतृत्व से रांची महानगर के हर वार्ड में पार्टी की विचारधारा और जनता के हित में पार्टी द्वारा किए गए कार्यो को लोगों तक पहुँचाने का निर्णय लिया गया। आजसू पार्टी मे शामिल हुवे वासिद अहमद,मोहम्मद हामिद,सहादत अंसारी,वसीम खान आदि ने पार्टी का दामन थामा । इस मौके पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत,महासचिव हसन अंसारी,जिला अध्यक्ष संजय महतो,जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत,वर्षा गाड़ी,बनमाली मंडल,ज्ञान सिन्हा, प्रदीप जायसवाल,भरत कसी,राजाराम महतो,उपस्थित थे ।



## बेड़ो के खुखरा में 15 जनवरी को होगी भव्य महा गंगा आरती

**बेड़ो :** वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की होने वाली विश्व विख्यात महाआरती की तरह इस बार मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर राइजिंग यूथ खुखरा के तत्वाधान में आगामी 15 जनवरी को प्रखंड के ऐतेहासिक खुखरा गांव के बेर तालाब में संध्या छह बजे भव्य महाआरती होगी। इस कार्यक्रम को लेकर बेर तालाब के घाट पर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस दौरान महा आरती से पुर्व मां भगवती मंदिर प्रांगण से अपराह्न चार बजे गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।


## उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा।
(खनन शाखा)

### बालू घाटों का MDO चयन हेतु अति– अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | | प्लॉट नम्बर | रकवा (हे0 में) | Yearly Excavation in Tonnes | e- Tender Reference No :- | बेवसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई– निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्त्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dudhi 01 | Jainagar<br>Chandwara<br>Chandwara | Jamkati<br>Kanko<br>Pokdanda | 1<br>135<br>987 | 0.38 | 3534 | Dudhi01/01/23-24 | 09.01.2024 | 16.01.2024 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 17.01.2024 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| 2 | Dudhi 02 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.09 | 837 | Dudhi02/02/23-24 | | | | | |
| 3 | Dudhi 03 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.16 | 1488 | Dudhi03/03/23-24 | | | | | |
| 4 | Dudhi 04 | Chandwara | Kanko | 135 | 0.18 | 1674 | Dudhi04/04/23-24 | | | | | |
| 5 | Dudhi 05 | Chandwara | Garaindih | 373 | 0.08 | 744 | Dudhi05/05/23-24 | | | | | |
| 6 | Dudhi 06 | Chandwara<br>Chandwara<br>Chandwara | Garaindih<br>Garaindih<br>Majhgaon | 699<br>373<br>799 | 0.65 | 6045 | Dudhi06/06/23-24 | | | | | |
| 7 | Akto 01 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Gopaldoh<br>Kakarcholi<br>Kakarcholi | 1361<br>1<br>307 | 0.74 | 6970.8 | Akto01/07/23-24 | | | | | |
| 8 | Akto 02 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Gopaldoh<br>Kakarcholi<br>Kakarcholi<br>Santh | 1361<br>1<br>307<br>731 | 0.63 | 5934.6 | Akto02/08/23-24 | | | | | |
| 9 | Akto 04 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Behradih<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Mandaria | 1586<br>1700<br>753<br>1468<br>843 | 0.49 | 4615.8 | Akto04/10/23-24 | | | | | |
| 10 | Akto 05 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Behradih<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila | 1586<br>1700<br>753<br>1468 | 0.76 | 7159.2 | Akto05/11/23-24 | | | | | |
| 11 | Akto 06 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Behradih<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Tilokri | 1586<br>1700<br>753<br>1468<br>1502 | 0.94 | 8854.8 | Akto06/12/23-24 | 09.01.2024 | 16.01.2024 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 17.01.2024 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| 12 | Akto 08 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Jogiatila<br>Jogiatila<br>Jogiatila<br>Tilokri | 1700<br>753<br>1468<br>1502 | 1.69 | 15919.8 | Akto08/14/23-24 | | | | | |
| 13 | Keso 01 | Markacho<br>Domchanch<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho<br>Markacho | Birajpur<br>Nimadih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih<br>Bansdih | 1<br>1066<br>911<br>1129<br>1<br>1132<br>2 | 0.89 | 16767.6 | Keso01/16/23-24 | | | | | |
| 14 | Keso 07 | Markacho<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Nagirto<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 391<br>1<br>286<br>925<br>916 | 0.6 | 11304 | Keso07/22/23-24 | | | | | |
| 15 | Keso 08 | Markacho<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Nagirto<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 391<br>1<br>286<br>925<br>916 | 0.33 | 6217.2 | Keso08/23/23-24 | | | | | |
| 16 | Keso 09 | Markacho<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Nagirto<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 391<br>1<br>286<br>925<br>916 | 1.24 | 23361.6 | Keso09/24/23-24 | | | | | |
| 17 | Keso 10 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar | Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia | 1<br>286<br>925<br>916 | 0.39 | 7347.6 | Keso10/25/23-24 | | | | | |
| 18 | Keso 11 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Markacho | Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Chopnadih | 1<br>286<br>925<br>916<br>289 | 0.95 | 17898 | Keso11/26/23-24 | | | | | |
| 19 | Keso 13 | Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Jainagar<br>Markacho<br>Markacho | Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Badulia<br>Beladih<br>Beladih | 1<br>286<br>925<br>916<br>1<br>904 | 1.74 | 32781.6 | Keso13/28/23-24 | 09.01.2024 | 16.01.2024 11.00 बजे पूर्वाहन तक | 17.01.2024 14.00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, कोडरमा। |
| 20 | Keso 16 | Markacho<br>Markacho | Dasaro Khurd<br>Dasaro Khurd | 2263<br>1890 | 1.00 | 18840 | Keso16/31/23-24 | | | | | |

नोट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा Category- A के तहत यचनित Empanelled Agency के द्वारा www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई–निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगे।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा। | अपर समाहर्त्ता कोडरमा। | उपायुक्त कोडरमा।

PR 315501 (Mines and Geology) 23-24 (D)



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**आरएमएल नेत्रालय व रेड क्रॉस सोसाईटी के मेगा आई कैंप में शिरकत किए राज्यपाल, बोले**

# अंधापन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है संस्थान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने आज राम मनोहर लोहिया नेत्रालय, जमशेदपुर एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मेगा आई कैंप-2024' पहुंच कर उपस्थित उपचार कराने वाले मरीजों से कुशलक्षेम जाना। राज्यपाल ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, अपनी निःस्वार्थ सेवा के लिए जाना जाता है और यह संकट के समय जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी और राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान ने इस नेत्र शिविर को आयोजित करके अंधापन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्था के ये प्रयास सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि इस संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाता रहा है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं इस कैंप को आयोजित करने में सहायता करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।




### राज्यपाल सी पी राधाकृष्णनन को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

जमशेदपुरः झारखंड के राज्यपाल सी. पी राधाकृष्णनन का पूर्वी सिंहभूम जिला में आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बागबेड़ा स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित नेत्र ज्योति महायज्ञ में महामहिम राज्यपाल, झारखंड मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल में आगमन पर राज्यपाल का जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। सुगम यातायत व्यवस्था व वीआईपी मूवमेंट के दौरान शहरवासियों की सुविधा के मद्देनजर जिला प्रशासन की आवश्यक तैयारियां थी। कार्यक्रम स्थल पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल मौजूद रहे।

## देश की पहली मुस्लिम टीचर फातिमा शैख़ की 191 जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत की पहली मुस्लिम टीचर और समाज सुधारक फातिमा शैख़ की 191 जयंती पर एमएस आईटीआई संस्थान ने याद किया। इस मौके संस्थान के टीचर्स और स्टूडेंट्स ने फातिमा शैख़ को याद किया और उनके बताये हुए रस्ते पर चलने का संकल्प लिया। बता दें कि फातिमा शैख़ मुस्लिम और दलित बच्चो को पढ़ने के लिए सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर पहला स्कूल खोला था। आज गूगल ने भी इनका डूडल बना कर सम्मान दिया है। संस्थान के डायरेक्टर खालिद इक़बाल ने फातिमा शैख़ की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए में आज के डिजिटल जनरेशन को इनसे सीखने की जरुरत जोर दिया।

**टाटा स्टील यूआईएसएल व सीआईआई का रुफटॉप सोलर एडॉप्शन पर सम्मेलन आयोजित**

# आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र को हरित ऊर्जा के रूप में विकसित किया जाएगा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने कन्फेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) पूर्वी क्षेत्र के सहयोग से आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में रूफटॉप सोलर एडॉप्शन पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य टिकाऊ ऊर्जा समाधान के महत्वपूर्ण विषय पर जागरूकता और चर्चा को बढ़ावा देना था। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक और सीआईआई झारखंड सस्टेनेबिलिटी एंड एनर्जी पैनल के संयोजक रितु राज सिन्हा, सीआईआई झारखंड राज्य परिषद के उपाध्यक्ष रणजोत सिंह के साथ क्रमशः मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। रितु राज सिन्हा ने सभा को संबोधित किया और कहा, यह पहल पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति हमारे समर्पण, कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और स्वच्छ, हरित भविष्य में योगदान देने के अनुरूप है। छत पर सौर प्रौद्योगिकी को अपनाकर हमारा लक्ष्य न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना है बल्कि उद्योग के भीतर जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं के लिए एक मानक स्थापित करना भी है। रणजोत सिंह ने कहा, रूफटॉप सौर ऊर्जा अपनाना एक महत्वपूर्ण पहल और महत्वपूर्ण विषय है जो हमारे दिल के बहुत करीब है; यह स्थिरता का भी एक हिस्सा है। सत्र में एक्सएलआरआई के प्रोफेसर कल्याण भास्कर सहित प्रतिष्ठित वक्ता शामिल थे, जिन्होंने 300 किलोवाट सोलर रूफटॉप को चालू करने के अपने अनुभव साझा किया । कैंडी के सुनील चेंगप्पा ने सम्मानित सभा को रूफटॉप सोलर इंस्टालेशन के लिए उपलब्ध ओपेक्स मॉडल के बारे में जानकारी दी, उन्होंने यह भी बताया कि वह उद्योगपति के साथ मानक पीपीए शर्तों को साझा करेंगे । सिडबी के सुमिरन एलराज ने कहा कि उनके पास एसएमई के लिए रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के लिए कम ब्याज दरों के साथ विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं। क्लाइमेटेक्स के विजय शंकर और टाटा कैपिटल के सतीश ओझा ने भी रूफटॉप इंस्टालेशन के लिए उपलब्ध लीज विकल्पों के साथ-साथ हरित ऊर्जा पर अपने विचार प्रस्तुत किए ।

### आप नेता गणपति करुआ ने किया श्राद्धकर्म में मदद



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ ने मंगलवार को पटमदा प्रखंड के जोड़सा पंचायत अंतर्गत घोड़ाबांधा गांव में श्राद्धकर्म हेतु आर्थिक मदद की। जानकारी देते हुए आप नेता करुआ ने बताया कि घोड़ाबांधा गांव के ग्राम प्रधान दशरथ सिंह के माताजी की निधन पिछले दिनों हो गई थी। आज उनके श्राद्धकर्म में शामिल होकर पीड़ित परिवार से मिले और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्राद्धकर्म हेतु आर्थिक सहयोग दीं। इस दौरान जिला सचिव कानेन गणेनन, पटमदा प्रखंड उपाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, अनिल मांझी, नारायण सोरेन आदि उपस्थित थे।

### डीबीसी कुटिमाकुली क्लब का एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 15 फरवरी को

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र के डीबीसी कुटिमाकली (स्माईल क्लब) क्लब की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 फरवरी को डीबीसी कुटिमाकुली तालाब किनारे मैदान में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता, मुर्गा पाड़ा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बूगी बूगी डांस व पाता नाच कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो नेता विजय मछुआ शामिल होंगे। 16 टीमों के बीच आयोजित टूर्नामेंट में विजेता टीम को 41 हजार, उप विजेता को 31 हजार तथा तीसरे व चौथे स्थान प्राप्त करने वाले दोनों टीमों को 20 - 20 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

### बणेश्वर माझी ने उठाया रामतीर्थ मठ मैदान का टेंडर



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगन्नाथपुर प्रखंड के रामतीर्थ मैदान में लगने वाले झारखंड सैरात मकर मेला के आयोजन को लेकर मंगलवार को जगन्नाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में नीलामी संपन्न हुई. जिसमे मुख्यरुप से अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा, राजस्व उपनिरीक्षक कन्हाई रंजन पाल प्रखंड के प्रमुख बुधराम पूर्ती,उपप्रमुख भरत गोप,बीससुत्री अध्यक्ष ललित दुराईबुरु उपास्थित थे. इस निलामी में देवगाँव के बणेश्वर माझी व उनके सहयोगी प्रेम कर्वत ने सर्वाधिक बोली लगाकर 96 हजार 750 रुपए में उक्त रामतीर्थ मैदान को देवगाँव के बणेश्वर माझी ने एक वर्ष के लिए अपने नाम कर लिया. वही प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद द्वारा बणेश्वर माझी को सभी शर्तो के अनुसार एक वर्ष के लिए अनुबंध पर दिया गया. मालूम हो के जगन्नाथपु प्रखंड के रामर्तीर्थ मंदिर में 14 जनवरी मकर संक्राति में विशाल मेला का आयोजन किया जाता है.

### गर्भवती महिलाओं की जांच कर बताई गई सावधानियां



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल सहित जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में एएनसी जांच शिविर का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत जिले के सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह 9 तारीख को एएनसी जांच शिविर आयोजित किया जाता है। आज सदर अस्पताल सरायकेला में 96 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच करते हुए 12 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया। जबकि सीनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित एएनसी जांच शिविर में 71 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। सदर अस्पताल में डॉ पुनीत एस टेक्नो ने मेडिकल टीम के साथ प्रसव पूर्व जांच का संचालन किया। इधर सीनी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आयोजित जनवरी महीने के एएनसी जांच शिविर में डॉ कुमारी माधुरी ने सीएचओ सारा बावला, एवं अन्य सहयोगी मेडिकल टीम के साथ जांच की गई।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 31 जनवरी तक प्रखण्डवार आयोजित किये जाएंगे कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर अनुसूचित जनजाति के कुल 1165 लाभुकों का जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन किया गया है।**

**जमशेदपुर :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर अनुसूचित जनजाति के कुल 1165 लाभुकों का जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन किया गया है। इस क्रम में उक्त लाभुकों का एस्क्रो अकाउंट खोलने हेतु जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार जिला कल्याण विभाग द्वारा प्रखण्डवार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित कैम्प का आयोजन गत 05 जनवरी, 2024 से शुरू है जो 31 जनवरी, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। कैम्प में लाभुकों को बैंक खाता खोलने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जनजाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि जमा लिया जा रहा।

**कलिंगा सुपर कप 2024: जमशेदपुर एफसी बनाम नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी मैच आज**

# टीम को वापसी करने का अच्छा मौका : खालिद जमील



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ कलिंगा सुपर कप 2024 के शुरुआती मुकाबले से पहले मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि हमारे पास सभी खिलाड़ी हैं जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं. यह हमारे लिए दोबारा वापसी करने का अच्छा मौका है क्योंकि हम एक अच्छी टीम के साथ खेलने जा रहे हैं. उनके पास अच्छे खिलाड़ी और कोच भी हैं. इसलिए हमारे लिए यह आसान नहीं होगा. कहा इंजरी के मामले में सभी खिलाड़ी लगभग फिट और उपलब्ध हैं. कुछ इंजरी हैं. मैच की बात करें तो हम अतीत के बारे में नहीं सोचेंगे. हमारे पास नई शुरुआत के साथ नई ऊर्जा है इसलिए हमारे लिए यह आसान होगा लेकिन हम मैचों को हल्के में नहीं लेंगे क्योंकि हम नॉर्थईस्ट के खिलाफ खेल रहे हैं. वे बहुत अच्छा कर रहे हैं और बहुत सुव्यवस्थित टीम हैं. प्रोने के साथ ऋत्विक भी इस सीजन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे जो हमारे लिए एक बड़ा नुकसान है. नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी जुआन पेड्रो बेनाली के नेतृत्व में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे. हमें यही रवैया बरकरार रखना है और दोबारा जीत की राह पर आना है. यह एक नई शुरुआत है और हम एक अच्छी टीम के साथ खेल रहे हैं.

# जमशेदपुर के 56 छात्रों ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण की, जय कांत बेरिया बने सिटी टॉपर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मंगलवार 9 जनवरी को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) फाइनल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। जमशेदपुर शाखा से कुल 262 छात्र अंतिम परीक्षा के लिए उपस्थित हुए, जिनमें से 56 छात्रों ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण की। जय कांत बेरिया सिटी टॉपर बने। रचित अग्रवाल इंटर परीक्षा के लिए सिटी टॉपर बने। कई छात्र पहले या दूसरे समूह (सीए फाइनल) के लिए भी उपस्थित हुए, जिनमें से कुल 47 छात्र उत्तीर्ण हुए। जमशेदपुर शाखा से कुल 432 छात्र सीए इंटर की परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 83 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की और सीए फाइनल में प्रवेश किया। प्रथम समूह और द्वितीय समूह के लिए कई छात्र उपस्थित हुए, जिनमें से कुल 54 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में महक गोयल, इशिका चंद, शिमधीमा साह, निखिल कुमार, आयुषी अग्रवाल, शिवम चौधरी, मेघा बुरादा, सृष्टि चौधरी आदि शामिल हैं। यह जानकारी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) जमशेदपुर चैप्टर की ब्रांच चेयरपर्सन सीए अंकिता अग्रवाल ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महिला इंटक सम्मेलन में संगठन मजबूती पर चर्चा हुई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** महिला इंटक की ओर से आदित्यपुर स्थित पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता महिला इंटक की राष्ट्रीय अध्यक्ष देविका सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नए साल में संगठन को और मजबूत तथा सशक्त बनाने का निर्देश दिया। अपने सम्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि विगत वर्ष आदित्यपुर, गम्हरिया, आसानबनी तथा बिरसानगर में बैठकर आयोजित की गई थी जिसमें काफी संख्या में घरेलू, दिहाड़ी तथा कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया था। उसी प्रकार इस वर्ष भी राज्य के विभिन्न जिलों में बैठकों का आयोजन कर अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़कर इसे और मजबूत बनाएं। कहा कि वर्तमान में एजेंसियों द्वारा कामगार महिलाओं की तस्करी किए जाने की कई बार बातें सामने आई है। अतः ऐसी महिलाओं को प्रताड़ना से मुक्त कराकर उनका अधिकार दिलाने में इंटक की महिलाएं सहयोग करें। इस दौरान आगामी चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर उषा सिंह, संध्या सिंह, रिंकू रॉय, रीता देवी, विद्या सिंह, राजविंदर कौर, आशा सिंह, मीरा तिवारी, रीना सिंह, वीणा देवी, शशि आचार्या, सोनी शर्मा, नूरजहां समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## एसीसीबी सोड़ो तीन दिवसीय टी10 क्रिकेट लीग का खिताब कुदाडीह ने जीता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो मैदान में एसीसीबी सोड़ो द्वारा आयोजित तीन दिवसीय टी10 क्रिकेट लीग मैच में बंगाल के ड्रीम 11 कुकी एवं रांची के कुदाडीह टीम द्वारा फाइनल मैच खेला गया, जिसमे कुदाडीह ने ड्रीम 11 कुकी को 20 रन से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को 18 हजार व ट्राफी, द्वितीय उप विजेता टीम को 12 हजार व ट्राफी एवं त्रितीय व चतुर्थ स्थान के टीमों को 6-6 हजार रूपए देकर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द मैच,मैन ऑफ द सीरीज आदि को भी बैट, ट्राफी आदि देकर पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन भाजपा नेता विनोद राय व मुखिया नयन सिंह मुण्डा आदि ने बेटिंग कर किया। मौके पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो उपस्थित थे। अंतिम दिन लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मौके पर ब्रजेश कुमार पांडे, राहुल कुमार, बलराम दास, परमेश्वर गोप, दवाई गोप आदि उपस्थित थे।

# हथियाडीह में छेड़खानी करने वाले मजदूरों की गिरफ्तारी का मांग को ले धरने पर बैठे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते सोमवार की देर शाम महिला से छेड़खानी किए जाने की घटना से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को भी आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हथियाडीह में निर्माणाधीन नेताजी सुभाष अस्पताल का गेट जाम कर वहां चल रहा कंस्ट्रक्शन काम को बंद कराते हुए धरना प्रदर्शन किया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर सदलबल पहुंची सरायकेला की एसडीओ पारुल सिंह द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया गया।उन्होंने आरोपियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आक्रोषित ग्रामीण शांत हुए। एसडीओ पारुल सिंह ने बताया कि निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों की सूची तैयार कर उनसे पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर दोनों पक्षों द्वारा लिखित शिकायत की गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। बताया कि महिला के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी की फिलहाल पहचान नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि हथियाड़ीह में निर्माणाधीन नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी में काम कर रहा छह मजदूरों ने ड्यूटी से वापस आ रही उक्त गांव की एक महिला से छेड़खानी किया था। इसी को लेकर ग्रामीण उग्र हो गए थे और अस्पताल परिसर में धावा बोलकर एक सुरक्षा गार्ड समेत करीब आधार मजदूरों की पिटाई कर दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही, मुख्यालय डीएसपी चंदन बत्स समेत आदित्यपुर, गम्हरिया, आरआईटी व कांड्रा थाना प्रभारी काफी संख्या में दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर तत्काल मामला शांत कराया था।

# एनआईटी में आईओटी व ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम पर आधारित कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में आज 05 दिवसीय आई.ओ.टी. और ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का उपयोग करते हुए स्मार्ट और प्रभावी कृषि पर आधारित एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित, उन्नत उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम (ए-ईएसडीपी) का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आईओटी के मूल सिद्धांतों, आईओटी के बुनियादी निर्माण खंडों, कृषि में आईओटी के अनुप्रयोग, आईओटी पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण, ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस), जीएनएसएस पोजिशनिंग तकनीक, जीएनएसएस के अनुप्रयोग, वायरलेस सेंसर का डिजाइन, कृषि उपयोग हेतु करना है। देश के विभिन्न संस्थानों जैसे सिक्किम, जम्मू - कश्मीर, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड आदि, के छात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस 5 दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों (आईआईटी बीएचयू, आईआईटी खड़गपुर, बर्दवान विश्वविद्यालय), मौसम विज्ञान विभाग और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अतिथि शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के डायमंड जुबली हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें प्रो गौतम सूत्रधार (निदेशक, एनआईटी जमशेदपुर), प्रो मृत्युंजय कुमार सिन्हा (संयोजक, डीन, अनुसंधान और परामर्श), डॉ. दिलीप कुमार (ईसीई, विभाग प्रमुख )और कार्यक्रम के समन्वयक डॉ सुरजीत कुंडू (सहायक प्रोफेसर, ईसीई विभाग) उपस्थित रहे जिन्होंने कार्यक्रम के बारे में छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. गौतम सूत्रधार ने कृषि के क्षेत्र में आईओटी और जीएनएसएस के लाभों के बारे में अवगत कराया एवं एमएसएमई मंत्रालय के महत्व को समझाया। प्रो मृत्युंजय कुमार सिन्हा ने भी सभी लोगों से कृषि में उन्नत तकनीक और प्रद्योगिकी का उपयोग और देस हित में उसके अनुप्रयोग करने को कहा।

## बोड़ाम प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों में ईवीएम, वीवीपेट का होगा प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को बोड़ाम प्रखंड कार्यालय सभागार में सीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सुदीप्त राज ने प्रखंड के सभी पंचायतों की मुखियों के साथ बैठक करते हुए चुनाव संबंधित कई जानकारियां दी। सीओ सुदीप्त राज ने बताया कि 10 से 18 जनवरी तक बोड़ाम प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 1 से 63 में ईवीएम, वीवीपेट का प्रदर्शन करना है। जिसमें लोगों को ईवीएम मशीन में वोट डालने की प्रक्रिया को दिखाया जाएगा और लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में सभी मुखियों को भी अपने स्तर से सहयोग करने की अपील की गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में जुड़कर जानकारी प्राप्त कर सकें। मौके पर मौजूद बीडीओ नाजिया अफरोज ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

## मालदीव पर चीन का दबदबा

मालदीव के नेता जिस द्वीप के लिए भारत को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं, दरअसल उनमें से कई द्वीप तो चीन ने पट्टे पर ले लिए हैं। यह वह द्वीप हैं जिन पर चीन अगले 50 साल तक अपनी रणनीति के मुताबिक ही काम करेगा। इन द्वीपों में मालदीव का सीधे तौर पर कोई भी दखल नहीं होगा। ऐसे में अब बड़ा सवाल यही उठता है कि क्या मालदीव के मंत्री चीन के लिए अपना सीना ठोंक रहे हैं। दरअसल, मालदीव में चीन की ओर से पट्टे पर दिए गए कई द्वीपों की जानकारी सामने आने के बाद वहां पर सियासी उथल-पुथल भी मची हुई है। वर्तमान सरकार को निशाने पर लेते हुए स्थानीय लोग इस बात से नाराज है कि चीन ने उनके द्वीपों को क्यों ले लिया। वहीं, मालदीव को डर इस बात का भी सता रहा है अगर उनकी अर्थव्यवस्था डगमगाई तो चीन मालदीप का हश्र पाकिस्तान और श्रीलंका जैसा कर सकता है, क्योंकि चीन ने अरबों डॉलर का कर्ज मालदीव को दिया है। विदेशी मामलों के जानकारों का मानना है कि मालदीव के भीतर द्वीपों की जो सियासत वहां के मंत्रियों ने भारत को निशाने पर लेते हुए की है। वह उनकी अंदरूनी और विकट समस्या है। विदेशी मामलों के जानकार कहते हैं कि मालदीव की वर्तमान सरकार के मंत्री और नेता प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप की तस्वीर आने के बाद अपनी प्रतिबद्धता चीन के लिए दिखाने में जुट गए हैं। उनका कहना है कि चीन ने मालदीव में बड़ा निवेश किया है।जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप की तस्वीर और लक्षद्वीप पर्यटन की बात कही तो मालदीव को लगा कि उसकी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था डगमगा जाएगी, क्योंकि मालदीव की बड़ी अर्थव्यवस्था में पर्यटन का सबसे ज्यादा योगदान होता है।।दरअसल, मालदीव के मंत्री अब्दुल्ला मोहजुम माजिद ने लिखा कि मालदीव के पर्यटन को निशाना बनाने के लिए मैं भारत के पर्यटन को शुभकामनाएं देता हूं, लेकिन भारत को हमारे बीच पर्यटन से कड़ी टक्कर मिलेगी। हमारा रिजॉर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर ही इनके पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा है। मालदीव के एक अन्य नेता जाहिद रमीज ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन बढ़ाने को लेकर लिखा कि बेशक यह अच्छा कदम है, लेकिन हमसे प्रतिस्पर्धा करना एक भ्रम ही है। विदेशी मामलों के जानकार कहते हैं कि मालदीव के दोनों नेताओं के बयान यह बताते हैं कि चीन का किस कदर वहां पर दबाव पड़ रहा है। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने मालदीव की मंत्री मरियम शिउना की पोस्ट पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि लक्षद्वीप के बहाने मालदीव के मंत्री चीन को खुश करने में लगे हैं। क्योंकि चीन के कर्ज तले मालदीव जबरदस्त तरीके से दबा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, 2014 में चीन के राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान चीन- मालदीव का एक मैत्री पुल बनना शुरू हुआ, जबकि यहीं के तकरीबन 17 द्वीपों को पर्यटन के तौर पर विकसित करने के लिए करीब करीब 400 अरब डॉलर का कर्ज भी चीन ने मालदीव को दिया और इन द्वीपों का अगले 50 साल के लिए पट्टा करवा लिया।इस बात की जानकारी मालदीव के लोगों को बहुत बाद में हुई। विदेशी मामलों की जानकार कहते हैं कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2014 में जब मालदीव में दौरा किया उसके बाद से मालदीव की पूरी अर्थव्यवस्था एक तरह से चीन के कब्जे में आ गई। वह बताते हैं कि चीन में इस दौरान मालदीव के भीतर जिस तरह से अपना नेटवर्क फैलाने की कोशिश की वह 2018 तक आते-आते तकरीबन दो बिलियन डॉलर के कर्ज के रूप में मालदीव पर थोपी जा चुकी थी। उनका कहना है कि लक्षद्वीप तो महज एक बहाना है। वर्तमान सरकार चीन की इतनी ज्यादा दबाव में है कि प्रधानमंत्री मोदी के अपने देश के दौरे पर ही वहां के मंत्री और नेताओं के होश उड़े हैं। वह कहते हैं कि चीन ने मालदीव के भीतर अलग-अलग तरह के विकास के पूरे मॉडल का खाका खींचकर अरबों डॉलर का कर्जा देना शुरू कर दिया था। इसमें शुरुआत की गई मैरिटाइम सिल्क रोड के हुए बड़े समझौते के तौर पर। फिर चीन ने मालदीव में स्वास्थ्य, पर्यटन, सूचना तकनीकी और जलवायु परिवर्तन के लिए अपना भारी निवेश मालदीव में करना शुरू किया। विदेशी मामलों की जानकारो का मानना है कि 2015 में मालदीव के पर्यटन मंत्री मूसा जकीरम ने जब चीन का दौरा किया तो उन्होंने वहां की एग्जिम बैंक के साथ 400 मिलियन डॉलर का क्रेडिट लोन ले लिया।इसी सरकार के दौरान चीन ने मालदीव के भीतर बनाए जाने वाले 11000 अलग-अलग अपार्टमेंट के लिए तकरीबन 600 मिलियन डॉलर का कर्ज दिया, जबकि नए द्वीपों पर बिजली ग्रिड के लिए 200 मिलियन डॉलर का कर्ज चीन ने और दिया। यही नहीं यहां बनने वाले इब्राहिम नासिर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए भी 500 मिलियन डॉलर का कर्ज चीन ने मालदीव को दिया। आंकड़े बताते हैं कि माले चाइना फ्रेंडशिप ब्रिज के लिए भी चीन ने ही तकरीबन 300 मिलियन डॉलर का कर्ज दिया। अब मालदीव को डर इस बात का सता रहा है उनकी अर्थव्यवस्था गड़बड़ ना हो जाए। बता दें कि भारत और मालदीव आपस में मानवीय, भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक और वाणिज्यिक संबंध साझा करते हैं। पिछले कई वर्षों में संबंध घनिष्ठ, सौहार्दपूर्ण और बहुआयामी रहे हैं। 1965 में मालदीव की आजादी के बाद उसे मान्यता देने और देश के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में भारत था। 1965 से ही सैन्य, रणनीतिक, पर्यटन, आर्थिक, औद्योगिक, चिकित्सकीय और सांस्कृतिक जरूरतों के लिए मालदीव भारत पर आश्रित रहा है।

# भारतीय कृषि का ड्रोन क्षण



**डॉ मनसुख मांडविया**
**केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री**

पंजाब के हरे-भरे खेतों की हरियाली से गुजरते हुए, मेरा ध्यान कहीं दूर गूंजती एक आवाज ने आकर्षित किया। स्वाभाविक मानवीय जिज्ञासा हुई कि इस आवाज का स्रोत क्या है। उतरते ही मेरा स्वागत दो किसानों ने किया। वे ड्रोन के जरिए नैनो यूरिया का छिड़काव कर रहे थे। देश के एक ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा एक नई तकनीक को इतने उत्साहपूर्वक स्वीकार किए जाने को देखकर मुझे सुखद अनुभूति हुई। मुझे लगा कि यह भारत के कृषि क्षेत्र के लिए वह ड्रोन क्षण था, जिसने हमारे देश में ड्रोन आंदोलन की शुरुआत की। किसानों ने मुझे बताया कि उन्हें कृषि-ड्रोन के बारे में जानकारी उनके गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मिली और यह नई तकनीक उनके खेतों में सबसे कुशल तरीके से तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए बेहद उपयोगी है।भारतीय कृषि ने पहले ही पारंपरिक रूप से बैलगाड़ी आधारित होने से ट्रैक्टर आधारित होने तक का सफर तय किया है। मैं अब कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को कृषि क्रांति की तीसरी लहर के रूप में देख रहा हूं। कृषि-ड्रोन तकनीक हमारी कृषि पद्धतियों को आधुनिक बनाने और बदलने में एक वास्तविक सफलता साबित हो रही है। हैंड पंपों के माध्यम से कीटनाशकों और तरल उर्वरकों के थकाऊ और समय लेने वाले हाथ से छिड़काव के दिन चले गए। अब इसकी जगह ड्रोन के माध्यम से छिड़काव की अधिक कुशल और उत्पादक तकनीक ले रही है। कृषि क्षेत्र की दक्षता और उत्पादकता में सुधार के लिए कृषि पद्धतियों का आधुनिकीकरण आवश्यक और अपरिहार्य है ताकि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके, जो कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत का एक महत्वपूर्ण तत्व है।1960 के दशक की हरित क्रांति में नए कृषि उपकरण, एचवाईवी (उच्च उत्पादकता किस्में) बीज, कीटनाशक और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग की शुरुआत देखी गई। पिछले कुछ वर्षों में हमारे पर्यावरण, मिट्टी के स्वास्थ्य और मिट्टी की उर्वरता की दीर्घकालिक स्थिरता बनाए रखने के लिए, उर्वरकों के अधिक संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता महसूस की गई। खुद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इसका आह्वान 2019 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से किया। इससे प्रेरित होकर सरकार ने जैव, नैनो और जैविक उर्वरक जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए पीएम प्रणाम और गोबरधन जैसी कई पहल शुरू की हैं। इन नई पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और किसानों को एक ही छत के नीचे एकीकृत समाधान प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) की स्थापना की गई है।स्वदेशी रूप से विकसित नैनो उर्वरक बेहतर हैं क्योंकि वे पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी विकल्प प्रदान करते हैं। अब पारंपरिक यूरिया की 45 किलोग्राम की बोरी की जगह नैनो यूरिया की आधा लीटर की बोतल ने ले ली है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और फसल की उपज में सुधार करने में सहायता मिल रही है। साथ ही बेहतर पोषक तत्व उपयोग दक्षता और आसान प्रबंधन जैसे कई फायदे भी हैं। इसकी व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित करने में अगली चुनौती कुशल अनुप्रयोग प्रणाली की एक विधि विकसित करना, आसानी से अपनाने के लिए एक इको-सिस्टम का निर्माण करना और कृषक समुदाय को लाभों को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करना था।भारत के युवा और गतिशील स्टार्टअप्स द्वारा किसान ड्रोन का विकास तरल उर्वरकों के इस्तेमाल के लिए एक प्रभावी और कुशल तकनीक प्रदान करता है। मिनटों में एक एकड़ कृषि भूमि पर छिड़काव करने की क्षमता अपने खेतों में घंटों मेहनत करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित हुई। अपने पास अधिक खाली समय होने से, किसान अपनी कमाई बढ़ाने और अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अधिक उत्पादक कार्यों में लग सकते हैं।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का लक्ष्य महिलाओं को सशक्त बनाना और देश के विकास में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने 30 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों के साथ बातचीत के दौरान नमो ड्रोन दीदी का प्रारंभ स्वयं किया। इसका उद्देश्य आसान वित्तीय समाधान प्रदान करके कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को किराये पर ड्रोन उपलब्ध कराना है। इसके लिए नमो ड्रोन दीदी के तहत 15,000 चुनिंदा महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान किया जा रहा है। यह अनूठी पहल न केवल किसानों को तरल उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन आसानी से उपलब्ध कराएगी, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण समृद्धि में भी योगदान देगी। यह भारत के ड्रोन वैमानिकी को बढ़ावा देगा और ड्रोन निर्माण स्टार्टअप को विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में मदद करेगा। यह देश के दूरदराज के इलाकों में ड्रोन पायलटों और ड्रोन मैकेनिकों के लिए रोजगार उद्यम बनाकर महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगा और साथ ही ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा।प्रभावी संवाद किसी भी नई पहल के सफल क्रियान्वयन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। 15 नवंबर, 2023 से शुरू हुई देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा में ड्रोन एक प्रमुख आकर्षण बन गए हैं। यात्रा के दौरान सभी राज्यों में 50,000 से अधिक ड्रोन प्रदर्शन हुए हैं। इन प्रदर्शनों ने किसानों के भीतर अपनी खेती में इस नई उच्च स्तर तकनीक को अपनाने के लिए रुचि जगाई है।

दृष्टि कोण

## अपराधों से जूझती आधी आबादी

**'एनसीआरबी'** (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर 'एनसीआरबी' के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसद क्रूरता, 19.2 फीसद अपहरण, 18.7 फीसद बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसद बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। 'एनसीआरबी' के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसद से बढ़कर 2022 में 66 फीसद हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसद ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं। 'राष्ट्रीय महिला आयोग' के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## हमारा संकल्प, विकसित भारत द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत 09 जनवरी को रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, इसमें उपस्थित ग्रामीणों से केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई मौके पर उपस्थित डॉ संजय सिंह ने भारत सरकार विकास योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दिया गया ने कहा कि केंद्र सरकार पूरे देश में कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिसमें मुख्य रूप से पीएम किसान योजना मनरेगा योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना डाक बीमा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना दुर्घटना वीमा जानकारी डाक जीवन बीमा जैसे अन्य कई महत्वाकांक्षी लाभकारीयोजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारियां दी गई पूरे देशवासी इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं जो लोग वंचित है वह इस योजना का लाभ उठाएं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है । रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आयुष्मान योजना के लाभुक से बात की के साथ साथ सभी से साफ सफाई पर भी ध्यान रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत सिंह कुंदरु कला पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा , प्रखंड कृषि प्रखंड पदाधिकारी विनिता सिंह ,डाक्टर जितेन्द्र कुमार, डाक्टर युनुस समन्वयक उर्मिला देवी,मडल अध्यक्ष संजु बाबा, रूपा कुमारी कुमारी महामंत्री ललन सिंह सहित कई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही, कार्यक्रम में 750 ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य जांच, केकेसी और आयुष्मान कार्ड तथा आयुष विभाग द्वारा लगाए गए जांच शिविर का लाभ उठाया। राजीव रंजन कार्यक्रम प्रभारी बसु तिवारी प्रदीप कुमार नायक विजय जयसवाल उप मुखिया मोहराई महतो तुलसीदास महतो संदीप कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण लाभुक मौजूद थे।

## सेवा ही लक्ष्य को चरितार्थ कर रही रामगढ़ पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार टांड में अज्ञात व्यक्ति का गिरा हुआ पर्स यातायात पुलिस कर्मी पु.अ.नि. विजय यादव एवं आरक्षि चंद्रकर सोरेन को मिला उक्त पर्स में रुपया आधार कार्ड एटीएम कार्ड एवं अन्य जरूरी दस्तावेज थे उक्त पुलिस कर्मियों के द्वारा तत्काल इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दी गई आधार कार्ड में उपलब्ध पते पर संपर्क कर पर्स को वास्तविक मालिक को इसकी सूचना दी गई तदोपरान्त उनका सत्यापन का पर्स उनके सुपूर्द किया गया । उक्त दोनों पुलिसकर्मियों के द्वारा किया गया कार्य आम जनमानस की सेवा की रामगढ़ पुलिस की सदैव तत्पर रहने की भावना को दर्शाता है उक्त पुलिसकर्मियों के द्वारा किया गया कार्य अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों के लिए अनुकरणीय है यातायात पुलिसकर्मी पु.अ.नि. विजय यादव एवं आरक्षि चंद्राकर सोरेन के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य को मान्यता प्रदान करते हुए पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे द्वारा ?2000 हजार रुपए से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## डाड़ी अंबेडकर भवन में जोहर नीतीश कार्यक्रम को लेकर युवा जदयू की प्रखंड स्तरीय बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** अंबेडकर भवन डाड़ी में युवा जदयू का प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक मेंजदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमेश्वर महतो, युवा जदयू के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में 21 जनवरी को आयोजित जोहर नीतीश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डाड़ी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। जिसमें सर्वशक्ति से निर्णय लिया गया कि आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवा जदयू के कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों के साथ भाग लेंगे जिसकी तैयारी क्षेत्र में जोर शोर से चलाई जा रही है साथ ही प्रखंड के सभी पंचायत में जनसंपर्क चलाया जा रहा है बैठक में प्रदीप रजक ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश एवं राज्य में विकास संभव है इसके लिए कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत के साथ अभी से एकजुट होकर गोरबंद होने की जरूरत है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में अभी से ही लग जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न पंचायत में तिथि



निर्धारित की गई है जिसमें 10 जनवरी को रैलीगड़ा 11 को बलसगरा एवं हुवाग,12 को गिद्दी,16 को मिश्रइन मोढ़ा, 17 को टांगी,18 को कनकी,19 को होन्हेमोडा, तथा 20 जनवरी को हेसलोंग पंचायत में कार्यक्रम निर्धारित की गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमित राम ने किया बैठक में मनोज राम, गोपाल शर्मा,सरवन कुमार, राकेश रजक, विजय सिंह,नीतीश कुमार, विजय राम, मुकुंद करमाली,वरुण लाल, प्रदीप राम, भोला सोनी, संजय सोनी, रमेश गोसाई, उमेश राम, अलखदेव राम, योगेंद्र महली ,दीपक कुमार सहित दर्जनों की संख्या में युवा कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

## अरगड्डा श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल में 120 हुए पौधारोपण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा- सिरका के श्रमिक प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में व्यावसायिक शिक्षा कृषि ट्रेड के शिक्षक दीपक कुमार सिन्हा की अगुवाई में छात्रों ने 120 पौधारोपण अभियान स्कूल प्रांगण में चलाया। अवसर पर प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश पांडे, दीपक कुमार सिन्हा, मनोज कुमार चौहान, मोहम्मद आबिद हुसैन, मोहम्मद केसर, शिक्षिका पूनम कुमारी, विकास प्रजापति, पिंटू कुमार, आदित्य कुमार गुप्ता, सत्य प्रकाश, विक्की राज, प्रेमजीत कुमार, अरुणमणि पांडेय, हेमंती कुमारी, मनीषा कुमारी, अनामिका कुमारी, बारला मैडम, शबाना परवीन समेत कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रजरप्पा थाना को मिली बड़ी सफलता, 3 टन कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरूम चाहा में सोमवार की संध्या एक ट्रैक्टर में कच्चा कोयला ले जाया जा रहा था। पुलिस को देख ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। इस दौरान रजरप्पा थाना पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार नायक ने पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ा। जिसके बाद ट्रैक्टर को रजरप्पा थाने ले आया गया। ट्रैक्टर में लगभग 3 टन कच्चा कोयला लोड था। इधर, कानूनी कार्रवाई करते हुए धारा 414/34 भादवी एवं 30 (ढ्ढ्ढ) कॉल माइन्स एक्ट 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत ट्रैक्टर मालिक पर स्नढ्ढक्र दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुटी है।



## झामुमो रामगढ़ जिला समिति की बैठक हुई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा का रामगढ़ जिला समिति की बैठक रामगढ़ में आज हुई । इस बैठक में रामगढ़ शहर की झंडा चौक स्थित एक होटल में की गई । बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कु एवं संचालन जिला सचिव विनोद कुमार महतो ने किया। आज की बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती , जल्द से जल्द बुथ कमेटी का गठन कर जिला कार्यालय में सूची की एक प्रति जमा करने, बाकी बचे प्रखंडों का अभिलंब गठन करने, 11/01/2024 प्रत्येक प्रखंडों एवं जिला कार्यालय में भव्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन भव्य रूप से मनाने पर साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी पर गंभीरपूर्वक विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कु ने बताया कि झारखंड की युवा मुख्यमंत्री के द्वारा आम अवाम की योजना जो धरातल पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा पंचायत स्तर पर पहुंचने के कार्यक्रम किया जा रहा है वो कार्यकर्ताओं के माध्यम से भी हम आम आवाम तक पहुंचाने का हम कार्यकर्ताओं के माध्यम से भी शुरू कर दिये है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित है केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो जिला उपाध्यक्ष मधु साव महेश ठाकुर चित्रगुप्त महतो गीता विश्वास आजाद अंसारी रंजीत बेसरा संतोष कुमार महेंद्र मुंडा विजय किस्कु राज लाल महतो सीताराम महतो मोइन अहमद साजिद आलम मोहम्मद असदुद्दीन अंसारी मुकेश राउत विजय राम योगेंद्र यादव अभिषेक कुमार पिंकी बेसरा गीता देवी रेणु देवी मीना देवी दुबराज पाहन संतोष सिंह शिव कुमार मुरलीधर कोठारी नरेश हंसदा सदा सुरेश चंद्र पटेल,अरुण बनर्जी जग्गू कैमरा करमाली मुमताज मंसूरी कुंवर महतो आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच ने गरीब व असहाय लोगों के बीच किया शॉल का वितरण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के द्वारा मगंलवार को प्रखंड क्षेत्र के संग्रामपुर व गोला में सैकड़ो असहाय वृद्ध विधवा महिलाओं वह पुरुष एवं विकलांग जनों के बीच बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए शॉल का वितरण किया गया। संगठन के द्वारा आए दिन गरीब तबके के लोगों के बीच सहयोग करने का कार्य करते आ रही है। मौके पर मुख्य रूप से संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद शकील अहमद यूथ केंद्रीय उपाध्यक्ष तबरेज आलम जिला यूथ जिला सचिव सद्दाम अंसारी प्रखंड सचिव गोला मोहम्मद अफजाल अंसारी एवं सदस्य गण शामिल थे।



## नवादा मुखिया ने मृतक के परिजनों को किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव ने सिंदरी गाँव( टोला बाचकुम )निवासी दिवगंत रामनाथ गंझु के श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर वस्त्र व खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया।दिवगंत के पत्नी समेत चार छोटे-छोटे बच्चे है जिनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है।मुखिया ने उनकी दैनीय स्थिति को देखते हुए अपने निजी खर्च से सहयोग किया।वही उन्होंने कहा की ग्राम पंचायत के मुखिया होने के नाते हमारा दायित्व बनता है कि गरीब असहाय लोगों को मदद करें ताकि जनकल्याण हो सके।सहयोग मिलने पर दिवगंत के आश्रित परिजनों को श्राद्ध कार्यक्रम करने में सहूलियत मिलेगी।

## सभी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता : मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा कॉलेज चतरा के समीप हैलीपैड ग्राउंड में श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 का विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मंत्री भोक्ता ने सांकेतिक रूप से करीब 12 युवक युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया। साथ ही मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण भी किया। इस मेले में कुल 13 अलग अलग कंपनियों की 1007 रिक्तियां है। जिसे लेकर पात्रता के अनुसार कंपनियों द्वारा युवा युवतियों का चयन कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात मंत्री श्री भोक्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा



कि राज्य के युवा युवतियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर सभी को रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है।पूरे राज्य में श्रम, नियोजन विभाग की ओर से बड़े पैमाने पर रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। हमारी सरकार ने सभी निजी संस्थानों में 75त्न स्थानीय को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर नियम बनाई है जिसका अनुपालन सख्ती से किया जा रहा है।कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार,समाजसेवी नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, रश्मि प्रकाश, मंत्री प्रतिनिधि अजय राम समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## सांसद सुनील कुमार सिंह का मध्य प्रदेश विधान सभा में व्याख्यान आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील कुमार सिंह मध्यप्रदेश विधानसभा में संसदीय विशेषाधिकार और नैतिकता पर आज व्याखान देंगे।इसको लेकर मध्य प्रदेश विधान सभा के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।गौरतलब है कि चतरा के सांसद और भापजा के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह संसद के विशेषाधिकार समिति के सभापति भी हैं।लोकसभा सचिवालय की संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मध्य प्रदेश विधान सभा में संसदीय विशेषाधिकार और नैतिकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।कार्यशाला में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह को व्याख्यान देने का मौका मिला है। चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए भी यह गौरव है कि उनके आशीर्वाद से ही मध्य प्रदेश विधान सभा में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह संसदीय विशेषाधिकार और नैतिकता पर अपना व्याख्यान देंगे।कार्यशाला में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री,विधानसभा अध्यक्ष,मंत्री और सभी विधायक इस कार्यशाला में शामिल होंगे।

## भाजयुमो ने अयोध्या धाम पैदल जाने वाले राम भक्तों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :**जिले के दो राम भक्त पैदल पहुंचेंगे और 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन में पहुंचेंगे। चतरा जिला के बधार गांव से नंदू कुमार और पत्थलगड़ा से निर्मल दांगी श्री राम जी का दर्शन के लिए पदयात्रा कर रवाना हुए। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी के नेतृत्व मे मेन रोड मे दोनों का भव्य स्वागत किया और दोनों को तिलक लगाकर,अंग वस्त्र, मिठाई और ड्राई फ्रूट देकर श्री राम जी का नारा लगाकर शुभकामना दिए। जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी ने कहा राम मंदिर उद्घाटन को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है और सभी लोग 22 जनवरी को मंदिरों में पूजा पाठ करेंगे, जुलूस निकालेंगे और उस दिन सभी रामभक्त दीप जलाकर दिवाली मनाएंगे।

## खनन विभाग के द्वारा 489 करोड़ रुपए की हुई राजस्व की वसूली : डीएमओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** खनन विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 489 करोड़ 77 लाख रुपए की रिकॉर्ड वसूली की है।चतरा जिला खनन पदाधिकारी गोपाल कुमार दास ने यह जानकारी दी है।जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने बताया कि कोयला से 450 करोड़, बालू से 16 लाख, कार्य विभागों से 10 करोड़ 20 लाख, जुर्माना से 52 लाख 91 हजार 948 रूपए प्राप्त हुआ है।उन्होंने बताया कि कोयला लदे 28 वाहन जब्त किया गया हैं।इस संबंध में 17 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 31 पत्थर लदे वाहन जब्त किये गये हैं और 110 बालू वाहन जब्त किये गया है।अब तक 169 वाहन जब्त किये गये हैं।खनन पदाधिकारी दास ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष दिसंबर तक में चार करोड़ एक लाख 41 हजार रुपये की पत्थर से राजस्व वसूली हुई थी। जबकि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 14 करोड़ 51 लाख 97 हजार रुपये राजस्व की वसूली हो चुकी है।

## चतरा नगर मोमिन कॉन्फ्रेंस का वार्ड इकाई का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस चतरा नगर इकाई की बैठक बरकत नगर नगर में अध्यक्ष मो तौफिक अंसारी की अध्यक्षता में की गई।बैठक की शुरुआत तिलावते कुरआन से की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन,प्रधान महासचिव असलम अंसारी,युवा जिला अध्यक्ष नेसार अंसारी ,सदर प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन मौजूद थे। आयोजन का संचालन जिला प्रधान महासचिव असलम अंसारी ने किया। बैठक में जामताड़ा जिले में पवित्र किताब कुरान को जलाने का पुरजोर निंदा की गई तथा राज्य सरकार को इस घटना से अवगत कराके दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी करने को प्रस्ताव पारित किया गया।तत्पश्चात मोमिन कांफ्रेंस को और भी ज्यादा सशक्त बनाकर समाज में तेजी से फैल रही वैमन्यस्ता, कुरीति जैसे दहेज की कुप्रथा, शराब पर पाबंदी, शिक्षा के प्रति जागरूक बनाकर हक अधिकार को समझने वाला बनाया जाय, तथा सामाजिक क्षेत्र, राजनैतिक क्षेत्र में कैसे भागीदारी सुनिश्चित की जाय इन्ही सब प्रमुख मुद्दों पर परिचर्चा की गई। इस बैठक के बाद चतरा जिले के पूरे प्रखंड में अवामी तौर पर सूचना देकर दहेज, शराबबंदी, अशिक्षा जैसी मुद्दों को डोर टू डोर जाकर जागरूक करने का काम मोमिन कान्फ्रेंस ने



फैसला लिया है। इस बैठक में सर्वसम्मति से चतरा नगर सचिव के लिए मो सहाबुद्दीन को नियुक्त किया गया।चतरा नगर अंतर्गत वार्ड कमिटी का विस्तार किया गया जिसमे सर्वसम्मती से वार्ड नंबर 14 के अध्यक्ष के लिए मो नौशाद आलम,सचिव अब्दुल मुतल्लिब, कोषाध्यक्ष मो इरशाद,वार्ड नंबर 15 से अध्यक्ष के लिए मो मिस्टर, इस्लाम नगर से अध्यक्ष के लिए मो सद्दाम, सचिव मो जियाउल्लाह को नियुक्त किया गया है।इस बैठक में मुजाहिद अंसारी, हाफिज मंजूर साहब, मो हदीस ,मो दानिश, मो असद, मो जावेद, को इम्तियाज, मो वसीम, मो साकिब, मो फिरदौस, मो नौशाद, मो हुसैन, मो तैयब, गुलाम सरवर,रेहान अंसारी मो सज्जाद के अलावे दर्जनों मोमिन शुभचिंतक मौजूद थे। अंत में पूरे विश्व में अमन शांति भाईचारा कायम रहे इसके लिए दुआ

## मधुमखियों के आतंक से प्रखण्ड कर्मी एवं कामकाजी परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में अचानक अफरा तफरी मचने लगी। जान बचाने के लिए जिधर तिधर भागते नजर आ रहे थे। यह मामला अचानक किसी व्यक्ति द्वारा मधुमखियों के छत्ते में वार करने से हो गयी। जिससे प्रखण्ड सह अंचल कर्मियों के अलावे आंगनबाड़ी महिलाएं एवं प्रखण्ड कार्यालय में काम काज करने वाले जिधर तिधर भागते नजर आ रहे थे। एक आंगनबाड़ी की महिला को मधुमखियों ने घेर लिया और उस पर टूट पड़ा । किसी तरह एक व्यक्ति ने अपना जैकेट से ढंक दिया जिससे जान बची फिर भी घायल हो गयी जिसकी इलाज जारी है। बता दें कि प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में मधुमखियों के दर्जनों छत्ते लगे हुए हैं। जहां आए दिन उनके जद में भुक्तभोगी लोग हो रहे हैं। प्रखण्ड कर्मी एवं अंचल कर्मी लोग किसी तरह दरवाजा बंद कर अपनी अपनी जान बचाने में कामयाब हुए। वहीं कामकाजी लोग उनके जद में आने से घायल हो गए।

## प्रखंड में चल रहे डीएमएफटी योजनाओं का बीडीयो ने की जाचं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत डीएमएफटी मद से बने तीन योजनाओं का मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने जांच किया। जिसमें अनियमित देखते हुए बीडियो ने कार्य संचालकों को बेहतरीन करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि सूर्य मंदिर छठ घाट के प्रांगण में फेवर ब्लॉक का निर्माण किया गया है।जिसका संवेदक धनेश्वर दांगी है। यह योजना 1104615रु की लागत से बनाई गई है।जिसमें बालू के जगह डस्ट डाला गया है।जिसे लेकर बीडियो ने नाराजगी जताई। एवं ठेकेदारों को सुधार करने की बात कही है। दूसरी योजना पीडब्ल्यूडी रोड से फागु दांगी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण निर्माण



कराया गया है। जिसका लागत 1656471 रुपए की राशि से बनाई गई है। जो इकरारनामा 1142/2023-24 है।ठेकेदार ईश्वर दांगी है। पीएससी टूटा देख वहां भी नाराजगी जताते हुए बेहतरीन करने का निर्देश दिया है। तीसरी योजना पीडब्लुडी रोड से रामसेवक दांगी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य किया गया है।जो 2137500 की लागत से बनाई गई है। इकरारनामा संख्या 1332/2023-24 ठेकेदार मटुक दांगी के द्वारा बनाया गया है।जहां बीडियो ने हाथ से कोड कर ठेकेदारों को बतलाया की यह रोड की आयु बिल्कुल नहीं है उसे सुधार करने का निर्देश बीडियो ने दिया है। मौके पर उपस्थित कनिय अभियंता सचिन कुमार व अन्य ठेकेदार उपस्थित थे।

# लातेहार की खबरें

## आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के निलंबन का बीडीओ ने की अनुशंसा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत लात पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के उपरांत ग्राम गासेदाग का दौरा किया इस क्रम में गासेदाग आंगनबाड़ी केन्द्र का जायजा लिया इस दौरान केन्द्र में एक भी बच्चे नहीं मिले, खाना भी नहीं बना था इसके अलावा हैरान कर देने वाली बात तब हुई जब उपस्थिति पंजी में जनवरी माह में एक भी बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं थी, इसपर बीडीओ भड़क गए और जमीन पर बैठी सेविका को जमकर फटकार लगाई। वहीं उन्होंने इस संबंध में बताया कि यह आदिम जनजाति बहुल इलाका है।यह स्पष्ट है कि गरीब बच्चों का हक छीना जा रहा है। उन्होंने तत्काल इनके निलंबन की अनुशंसा के लिए सूचना उपायुक्त हिमांशु मोहन को दे दी है।

## हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत बरवाटोली पंचायत में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के बरवाटोली पंचायत में मंगलवार को हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता,प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव,बरवाटोली मुखिया शंकुतला देवी,भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक,मंडल महामंत्री दीपक निषाद,मंडल उपाध्यक्ष जयराम साहू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बीडीओ विजय कुमार के द्वारा लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई।भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की केंद्र सरकार किसानों के हित के लिए हर वर्ष उनके खाते में 6000 रुपये भेज रही है जिससे किसान उसका लाभ उठाकर स्वावलंबी



बन रहे हैं । देश के प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के कारण गरीबों का सपना साकार हो रहा है। महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त में गैस सिलेंडर सहित कनेक्शन दिया जा रहा है,अंत्योदय योजना के तहत कोरोना काल के समय से ही 80 करोड़ भारतीय को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज,आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख का मुफ्त ईलाज। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को ये संकल्प लेना है कि सबका साथ,सबका विश्वास,सबका प्रयास से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान,उज्जवला योजन के तहत मुफ्त में गैस कनेक्शन,स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से जल,विश्वकर्मा योजना के माध्यम से समाज के बिभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत जेएसएलपीएस के सखी मंडल द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत गान गाकर किया गया। बरवाटोली पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ विजय कुमार, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मुखिया शंकुतला देवी, प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक, आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा बच्चो को अन्नप्राशन भी कराया गया।मौके पर जेएसएलपीएस के सखी मंडल के सदस्य,स्वास्थ विभाग, गैस वितरक, प्रखंडकर्मी, मुखिया पति संतोष उरांव ग्रामीण राजेश तुरी, अनंदु महतो, उप मुखिया परमेश्वर यादव, अनित सिंह, युगल किशोर महतो, मनोज महतो, उषा देवी,पूनम देवी, बिमला देवी, रूपलाल यादव, पप्पू राम आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## जंगली हाथियों के झुंड ने टोंटी व अमरवाडीह पंचायत में जमकर मचाया उत्पात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथी का आतंक दीन प्रतिदिन थमने का नाम नहीं ले रहा है. जंगली हाथियों ने उत्पान मचाते हुए बिते रात टोंटी व अमरवाडीह में तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज व घरेलू सामान को बर्बाद कर दिया एवं दो किसान के टमाटर व गन्ना की खेती को रौंद कर बर्बाद कर दिया। जानकारी देते हुए पिडित किसान टोंटी पंचायत अंतर्गत टुण्डाहुटू ग्राम के पतरा टोला निवासी विक्रम टाना भगत पिता नगु टाना भगत, एवं अमरवाडीह पंचायत के रहिया ग्राम के ढेकी टोला निवासी जुगेश्वर लोहरा पिता करमा लोहरा व मंगरू टाना भगत पिता तुरी टाना भगत ने बताया कि हम सभी परिवार अपने अपने घर में सो रहे थे कि मध्य रात्रि हाथियों का एक झुंड पहुंचा और घर के पिछे का दिवार धांसने लगा। दिवार गिरने कि



आवाज सुनकर उठा तो देखा कि हाथियों द्वारा घर गिराया जा रहा है। अपने बच्चों एवं परिवार के सभी सदस्यों को किसी तरह जान बचा कर घर से बाहर निकले और गांव वालों को जगाया तब तक हाथियों द्वारा घर में रखे चावल, धान, मक्का को खाकर एवं छिंट कर बर्बाद कर दिया साथ ही घरेलू उपयोग के कई सामान दिवार गिरने से बर्बाद हो गया। ग्रामीण एकठ्ठा होकर लूकारी जला, टीना पीट कर हाथियों को किसी तरह जंगल की ओर भगया हाथियों का झुंड जाते जाते किसान गोपाल टाना भगत के गणना एवं पिपराडीह ग्राम निवासी आकाश यादव पिता छ्ठु यादव के दो एकड़ भुमि पर लगा टमाटर के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया हम सभी किसानों से घर क्षति एवं फसल का लगभग पांच लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

## करांटे मे लातेहार जिले के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, जीते 29 मेडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रांची के स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेल गांव में झारखंड स्टेट यूनियन ऑफ गोजुरियो कराटे ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में प्रथम झारखंड स्टेट यूनियन ऑफ गोजुरियो कराटे चैंपियनशिप सात जनवरी को संपन्न हुआ। वहीं प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि गोजुरियो राष्ट्रीय फेडरेशन के अध्यक्ष शिहान धीरज पवार ने किया। वही समापन के मुख्य अतिथि डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय थे। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 160 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें लातेहार गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए , 8 गोल्ड मेडल आठ सिल्वर मेडल 13 ब्रोंज मेडल पर कब्जा किया । वहीं प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्ग में प्रथम दूसरा और तीसरा स्थान पाने वालों में मनजीत कुमार सिंह शक्ति कुमार सिंह मुकेश उरांव शौर्य राज रानी कुमारी काजल कुमारी नैंसी कुमारी जितेंद्र उरांव छठन उरांव राजन कुमार साक्षी कुमारी गणेश कुमार दीपशिखा कुमारी नीलम कुमारी महेंद्र कुमार सिंह अशोक उरांव विश्व प्रकाश शामिल है। वही प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी मार्च में पुणे में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जो की लातेहार जिले के लिए गर्व की बात है। मेडल जीतकर आनेवाले




खिलाड़ियों को लातेहार गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसियेशन सह लातेहार कराटे प्रशिक्षण केंद्र के कोच सेंसई अक्षय कुमार सिंहऔर झारखंड गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसियेशन के जेनरल सेक्रेटरी शिहान धर्मेंद्र कुमार एवं झारखंड गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे एसोसियेशन के प्रेसिडेंट सेंसई लाल बिहारी सिंह ने खिलाड़ियों को मेडल जीतने पर बधाई दिया और उज्जवल भविष्य का कामना किया। वही मनिका विधायक रामचंद्र सिंह लातेहार विधायक बैजनाथ राम लातेहार नगर अध्यक्ष सीतामनी तिर्की पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनिका मिथिलेश पासवान बीससूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दिया। एवं उज्जवल भविष्य कि कामना किया।

## स्व0 रेवलाल यादव के पुण्य तिथि में पहुंचे लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के मूरपा ग्राम में स्व रेवालाल यादव के पुण्य तिथि के अवसर पर स्व रेलवाल चौक पहुंचकर राजद नेता सह लातेहार विधानसभा प्रत्याशी सुरेश राम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।मौके पर बोलते हुए सुरेश राम ने कहा की स्व रेवालाल यादव हमेशा समाज के सभी वर्गो को लेकर चलते थे ।उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यो की आज भी लोग चर्चा करते है । मौके पर समाजसेवी त्रिवेणी सिंह, रोहन गोप, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, वरुण यादव, गोपाल चंद्र यादव राजद नेता मनोज यादव, ब्रह्मदेव यादव ,संजय यादव, अमित यादव, दीपक यादव, उमेश यादव, रवि यादव, ललन यादव, सतीश यादव, समाजसेवी जगरनाथ यादव, उपेंद्र यादव, दिलीप यादव, योगेंद्र यादव ,विश्वनाथ यादव, विकाश यादव ,शिव कुमार, सुभाष यादव, विनोद यादव, इशू यादव, समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे ।

## लातेहार पुलिस ने गांधी कॉलेज में सड़क दुर्घटना को लेकर किया जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

लातेहारः नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में गांधी इंटर कॉलेज लातेहार में सड़क सुरक्षा दुर्घटना मुक्त सप्ताह के तहत लातेहार थाना के पुलिस अवर निरीक्षक देवानंद कुमार के द्वारा गांधी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही सड़क दुघर्टना को लेकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के युवा अध्यक्ष कंचन कुमारी एवं गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## बारियातू लैम्पस मे हुआ धान क्रय केंद्र का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित लैंपस में मंगलवार को धान क्रय केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग व किसान उपस्थित रहे. . प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव, पूर्व प्रमुख महाबीर उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, बीसिओ सुमन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काट कर धान क्रय केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। ।इस मौके पे लैंपस अध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव राकेश रौशन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष सरकार के द्वारा किसानों का साधारण धान का क्रय 2183 रू प्रति क्विंटल लिया जायेगा। वहीं सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल 117 रू बोनस के रूप में मिलेगा। दोनों मिला कर प्रति क्विंटल धान 2300 रू की दर से किसानों के खाता में भुगतान किया जायेगा। आगे उन्होंने बताया कि एक किसान अधिकतम बीस क्विंटल तक ही धान बिक्री कर सकता है। इस महत्वपूर्ण मौके पर युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, किसान मुकेश यादव, मंटु साव, शाहदेव साव, सहित कई किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोडरमा बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी बनें तलत शब्बीर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : जिले के भाजपा नेता तलत शब्बीर उर्फ़ बाबू खान को कोडरमा जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।उन्हे यह दायित्व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता अनवर हयात ने नियुक्ति पत्र के माध्यम से सूचित करते हुए दिया है।उन्होंने बाबू खान पर विश्वास जताते हुए यह उम्मीद भी जताया है कि श्री खान के नेतृत्व में कोडरमा जिले में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मजबूत होगा।बाबू खान ने उन्हे मिले इस बड़े दायित्व पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा, सदर विधायक मनीष जायसवाल , कोडरमा प्रभारी टुन्नू गोप , कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक नीरा यादव , भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव , सांसद मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा , सांसद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिन्हा एवं प्रफुल्ल कुमार , सांसद जयन्त सिन्हा के निजी सलाहकार हिमांशु कुमार सिन्हा , राम आशीष कुमार सिंह , आरिज अख़्तर उर्फ़ डब्लू , राशिद इकबाल उर्फ़ छोटू सहित भाजपा के अन्य प्रदेश पदाधिकारी , अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी सहित हज़ारीबाग़ जिला के सातों मोर्चा के मंडल अध्यक्ष समेत पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया और पार्टी द्वारा प्राप्त दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन का भरोसा भी जताया। बाबू खान ने कहा कि मैं भाजपा का एक सिपाही हूं और संगठन जो भी दायित्व सौंपेगा उसपर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा।

### रसोईया धमना के छोटकी बरही से काफी संख्या में जायरीन अजमेर के लिए हुए रवाना

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के छोटकी बरही गांव से काफी संख्या में जायरीन अजमेर के लिए रवाना हुवे। मौके पर समाजसेवी तौकीर रजा, मौलाना मो. इस्लाम मिस्बाही, मुफ़्ती शादाब रज़ा ख़ितबो इमाम जामा मस्जिद छोटकी बरही ने सभी



जायरीनों के लिए दुआ किए। वहीं अतिथियों ने जायरीनों से सभी मुल्क वासियों के लिए दुआ करने, भाई चारगी मुल्क की तरक्की, अमन चैन व गंगा यमुनी तहजीब हमेशा हमेशा बना रहे खाव्जा गरीब नवाज के दर पर पहुंचने पर दुवा करने की अपील की। बता दे की धमना मोड़ से मो. मोजिम बाबा के सदारत में दो बस खुली। दोनों बस को सभी लोगों ने खुशी खुशी से रवाना किए। मो. मोजिम अंसारी कम उम्र से लगातार कई बसें को लेकर जानें एवं सभी को एक बेहतर सेवा देने के बाद वापस लाने का कार्य करते है, इसलिए आज से इनका नाम मोजिब बाबा दिया गया। वहीं इनके सहयोगी के रूप में मो. करामत अली, मो. कासिम रहते है। मौके पर तौक़ीर रज़ा प्रदेश प्रधान महासचिव युवा प्रजातांत्रिक मंच झारखंड, मौलाना इस्लाम मिस्बाही, मुफ़्ती शादाब रज़ा, मो. खलील, मो. मोजिम, मो. ईदू मियाँ, करामत अली, मो. कासिम, मो. इर्शाद, मो. हैदर अली, हाजी मो. यूनुस, हाजी मो. इशाक, मो. तबरेज अंसारी, हसन रज़ा, मो. इसराइल, मो. मजहर, मो. कुदुश, मो. मोईन, मो. शाद्दाम, मो. महबूब, मो. सेराज, मो. मुस्लिम, मो. शमसाद, मो. शौकत, मो. सरफराज, मो. अशफाक, गुलाम मोहम्मद, रेहान रज़ा, मो. रफीक, मो आशिक, मो. तौसीफ, मो. मंसूर, मो. अख्तर, मो. मोजहिद, मो. इम्तियाज, मो. कलाम, मो. शमसुल, मो. जसीम, लाल मोहम्मद, मो. अनवर, मो. जसीम, मो. रहीस, मो. अलाउद्दीन, मो. रब्बानी आदि मौजूद थे ।

### धनवार में अयोध्या पूजित अक्षत वितरण शुरू, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद हुए शामिल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड के धनवार पंचायत में श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत आमंत्रण वितरण । मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में गांव के सभी घर में अक्षत वितरण शुभारंभ किया गया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अब हमे प्रभु श्री राम जी



के स्वागत की तैयारी में लगना है। वहीं 22 जनवरी को मंदिर में पूजा, हरी कीर्तन, हवन को लेकर भी तैयारी करनी है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने प्रभु का समाज के प्रति प्रेम भाव का व्याख्यान किया और उन्हें समझाया कि हमारा धर्म सर्वोपरि है, उसमें भी राम का कार्य तो सबसे ऊपर है। केवल राम का नाम लेने से मानव जीवन सफल हो जाता है, इसका प्रमाण तो रामायण में मिलता है कि पत्थर पर केवल प्रभु का नाम लिख देने से वो पानी के ऊपर तैर गए और हमें भी अपने जीवन की नैया को पार करने के लिए राम नाम ही एकमात्र सहारा है, इसलिए हमसब जिस सनातन परंपरा के वाहक हैं उसका जीवन पर्यन्त निर्वहन करें और प्रभु के कार्य को आगे बढ़ायें। मौके पर ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, दिलीप केशरी, केशो यादव, तिलक यादव, मनोज कुशवाहा, मनोज केशरी, जागेश्वर साव, राजेश ठाकुर, अर्जुन साव, राजदेव यादव, उमेश यादव, अशोक यादव, महेश यादव, धर्म महतो, कृष्णा केशरी, राजेश केशरी, प्रदीप केशरी, राखी देवी, पुष्पा देवी, गीता देवी, गिरजा देवी, रीना देवी, तारा देवी, रीता देवी, पार्वती देवी, मालती देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी, विमला देवी, देवन्ति देवी, गिरजा देवी, अनिता देवी, अंजली देवी, कांति देवी, धर्मी देवी, गुलेरी देवी, ममता देवी, कौशल्या देवी, बिंदेश्वरी देवी, किरण देवी, रेखा देवी, संतोषी देवी, बेबी देवी, पूजा देवी, द्रौपदी देवी, सामरी देवी, जितेंद्र केशरी, दीपक केशरी, अजय ठाकुर, अजय कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, रोहित ठाकुर, रवि कुमार, जेगेश्वर ठाकुर, टिप्पण ठाकुर, जगदीश ठाकुर, बासु रविदास सहित अन्य रामभक्त मौजूद रहे।

# जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए, उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय ने जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए ।



# नीतीश की जोहार यात्रा का नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से हो रहा प्रचार प्रसार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ फुटबॉल मैदान में बिहार के मुख्यमंत्री सह जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का आगमन होने जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में शहर के कांग्रेस ऑफिस रोड, पुरानी कचहरी,बाबू गांव चौक,सदर ब्लॉक,डीवीसी चौक, नया बस स्टैंड चौक एवं खिरगांव चौक में नीतीश जोहार कार्यक्रम के तहत दिल्ली के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर नीतीश कुमार के विकास कार्यों का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में रथ के साथ-साथ जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा,बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी अर्जुन कुमार मेहता,प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह,जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल,जिला उपाध्यक्ष श्री मेहता एवं महेश यादव शामिल थे द्यसभी नेताओं ने 21 जनवरी को रामगढ़ चलो और विकास की लहरों को बिहार ने देखा, अब देश देखेगा का नारा बुलंद किया।



# संजय सिंह ने झामुमो केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा से की औपचारिक मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा से झामुमो झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान श्री सिंह ने फागू बेसरा को गुलदस्ता देते हुए झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव बनाए जाने पर खुशी का इजहार किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा के मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है उसे धरातल पर उतारने का प्रयास निष्ठा पूर्वक करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, राजा खान, राम लखन महतो सहित अन्य लोग लोग उपस्थित है।



# प्रखंड स्तरीय जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति के गठन के लिए बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही** : मंगलवार को चुरचू प्रखंड सभागार के प्रांगण में झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के निर्देष पर प्रखंड स्तरीय जेंडर रिसोर्स सेंटर सलाहकार समिति के गठन के लिए बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में किया गया। कार्यकम का संचालन प्रखंड कार्यकम प्रबंधक, जेएसएलपीएस, चुरचू भवेष कुमार के द्वारा किया गया।

इस बैठक में चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, थाना प्रभारी चुरचू, चुरचू CDPO, डालसा से प्रतिनिधि रीना कुमारी, जेएसएलपीएस, के DM SD सौरभ कुमार, प्रखंड के दो कलस्टर के संकुल संगठन के दो प्रतिनिधि, सभी जेंडर सीआरपी एवं सामुदायिक समन्यक शामिल हुए।

इस बैठक में DM SD के द्वारा GRC एवं GJC के बारें में विस्तार पूर्वक PPT के माध्यम से जानकारी दिया गया।

GJC के उद्देषय और संचालन प्रकिया एवं सहयोग संस्थाओं के बारे में बताया गया। GJC में महिला हिंसा, बाल हिंसा, डायन कुप्रथा एवं अन्य सभी समस्याओं के समाधान में सहयोग किया जाएगा एवं एक छत के नीचे सभी तरह के महिला हिंसा से संबंधित कार्यवाही के लिए उचित सलाह दिया जाएगा। बैठक में जानकारी दिया गया कि चुरचू आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा दो कमिटी (क) कोर कियान्वयन टीम का गठन एवं (ख) प्रषासनिक निकाय का गठन किया जा चुका हैं।



# टाटीझरिया प्रखंड के पंचायतों में भ्रमण किया बिरसा किसान रथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया** : झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा सभी पंचायतों में बिरसा किसान रथ घुम - घुमकर किसानों को कृषि कार्य करने के बारे में बताया जिसका शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर रथ को टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल एवं बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के द्वारा किया गया। यह रथ मंगलवार को टाटीझरिया, डहरभंगा, झरपो,भराजो एवं खैरा पंचायत में घुमाया गया। इस रथ के माध्यम से किसानों को केसीसी,ऋष्ण माफी योजना,ड्रीप इरिगेसन,बीज वितरण संबधित जानकारी कृषि विभाग के द्वारा बताया गया। इसके अलावा एलईडी का उपयोग कर फिल्म के माध्यम से मुख्यमंत्री,कृषि मंत्री,कृषि सचिव,कृषि निदेशक का बीडीओ दिखाया गया ताकि कृषि संबंधित जानकारी प्राप्त हो। वही प्रमुख ने कहा कि किसानो को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखना है। बिरसा किसान रथ को भ्रमण सह रवाना कराने में कृषि पदाधिकारी सुधीर राय,बीटीएम अमित मोहन,कृषक मित्र सह मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, कृषक मित्र सह विधायक प्रतिनिधि प्रवील प्रसाद,प्रकाश रवि,श्याम कुमार,निर्मल प्रसाद समेत अन्य शामिल था।



# सलगावां पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग** : प्रखंड के ग्राम नावाडीह स्थित सलगावां पैक्स में मंगलवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन हुआ। केंद्र का उद्घाटन अतिथि सलगावां पंचायत के मुखिया मधु रानी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी घनश्याम महतो व पैक्स अध्यक्ष पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया ने किसानों को पैक्स में ही धान बेचने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कई किसानों ने धान की बिक्री की। पैक्स अध्यक्ष ने बताया साधारण धान का मूल्य 2183 प्रति क्विंटल के साथ बोनस 117 रुपए कुल 2300 रुपए प्रति क्विंटल है। पैक्स प्रबंधक रविंद्र कुमार दास ने प्रधान मंत्री जन औषधीय केंद्र खोलने की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व पैक्स चेयरमैन सदानंद ओझा, किसान मित्र बालेश्वर प्रसाद, सदस्य इंद्रजीत मिश्रा, नीलम देवी, राधा देवी, मो. गिरजा, किरण देवी, तारकेश्वर प्रसाद, कोलेश्वर महतो, विशाल ओझा, कर्मी गणेश प्रसाद, महेश सिंह, विकास कुशवाहा सहित कई किसान उपस्थित थे।



# 23 वें झारखंड स्टेट बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी को तैयार हजारीबाग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आरोग्यम परिसर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन मंगलवार को किया गया।जिसमें हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एहसान उल हक ने पत्रकारों से जानकारी साझा करते हुए बताया कि आगामी 13 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक होने वाले 23 वें झारखंड स्टेट बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप के मैच संत कोलंबा महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में होंगे। इस बाबत कई महत्वपूर्ण समितियों का गठन बास्केटबॉल एसोसिएशन के अधिकृत सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से किया जा चुका है। इसके ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, ऑर्गेनाइजिंग सचिव हजारीबाग बास्केटबॉल के अध्यक्ष डॉ एहसान उल हक एवं संयोजक के रूप में हजारीबाग बास्केटबॉल के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव सी दास तथा कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। डॉ एहसान उल हक ने प्रेस वार्ता में आगे बताया कि जहां संत कोलंबा महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट ग्राउंड में चैंपियनशिप का भव्य आगाज़ 13 जनवरी को होगा वही एक दिन पूर्व 12 जनवरी की संध्या खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का रोड मार्च निकाला जाएगा।उद्घाटन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा जिसमें अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच जे पी सिंह, ओलंपियन हरभजन सिंह सहित कई दिग्गज हस्तियां मौजूद होंगी।वहीं हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन खिलाड़ियों के अनुशासित खेल कौशल और उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे झारखंड प्रदेश का राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन होगा। उन्होंने कहा कि वह अपना भरपूर सहयोग हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन को देते रहेंगे। उन्होंने हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की।एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि पूरा बास्केटबॉल एसोसिएशन अपने टीम वर्क के साथ पूरी लगन और समर्पण के साथ इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए कृत संकल्प है। ओलंपिक संघ से जुड़े भैया मुरारी ने कहा कि इस आयोजन ने हजारीबाग के खिलाड़ियों को स्वर्णिम अवसर दिया है जिसका लाभ उन्हें उठाना चाहिए। अजीत कुमार ने कहा कि जिले में खेल की बड़ी संभावना है यहां के खिलाड़ी काफी मेहनती है। उन्हें इस आयोजन से काफी लाभ होगा। कोषाअध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा कि इस आयोजन में हम शानदार मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने इसमें सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों को बधाई दी।




# तलसवार पंचायत में निकली भव्य पूजित अक्षत वितरण शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : 500 वर्षों के कठिन त्याग एवं तपस्या से बने भव्य राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक का वितरण प्रखंड के विभिन्न गांव टोला में भव्य तरीके से किया जा रहा है। इसी क्रम में 9 जनवरी मंगलवार को तलसवार पंचायत के शिव हनुमान मंदिर से विभिन्न गांव टोलों के बीच अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण किया गया। अयोध्या धाम में 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक एवं अद्भुत बनाने के उद्देश्य से सर्वप्रथम राम भक्तों ने शिव हनुमान मंदिर तलसवार से विधि विधान से पूजा अर्चना कर पूजित अक्षत को तलसवार एवं परेवातरी के ग्रामीणों के द्वारा नगर भ्रमण कर पूजित अक्षत का वितरण घर-घर जाकर लोगों के बीच गाजे-बाजे के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर लोगों में गजब का हर्षोल्लास एवं भगवान श्री राम के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ-साथ आस्था दिखा। लोग जय श्री राम, बजरंगबली की जय एवं अन्य सनातनी नारे लगा रहे थे। लोगों को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र पवित्र अयोध्या धाम से पुजित अक्षत आमंत्रण पत्रक एवं भव्य मंदिर श्री राम की तस्वीर देते हुए 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर-घर में उत्सव के साथ-साथ आसपास के मंदिरों, सामूहिक स्थलों में भजन, कीर्तन, दीपोत्सव एवं प्रत्येक घर में श्रीराम दीप जलाकर कर अपने आराध्य भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की पूजा आराधना कर हनुमान पाठ, हवन, कीर्तन कर प्रसाद वितरण करने का आग्रह किया गया।

# अज्ञात अपराधियों ने लक्ष्मी नर्सिंग होम संचालक को मारी गोली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ** : बीती सन्ध्या सोमवार को करीब 06-50 बजे विष्णुगढ़ में लक्ष्मी नर्सिंग होम संचालक डॉ.परशु राम प्रसाद( डॉ.पीआर प्रसाद ) को अज्ञात अपराधियों ने सोमवार संध्या गोली मार दी। अज्ञात हमलावरों ने दो गोली चलाई एक गोली उनकी कमर से होकर पेट में जा धंसी। डॉ. पीआर प्रसाद ने बताया कि भेलवारा घाटी के पास हमलावरों ने गोली चलाई मुझे लगा कि मेरा मेरी बाइक का टायर फट गया जिसे देखने के लिए बाइक रोकी तो पता चला कि कमर के ऊपर से खून रहा था,जिसके बाद अपने हॉस्पिटल के स्टाफ को फोन कर बुलाया और मेरे स्टाफ ने मुझे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सूचना पाकर विष्णुगढ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने अपने वाहन से लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे और चिकित्सकों ने बेहरत इलाज के लिए रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने बताया कि घायल की स्थिति खतरे से बाहर है। अबतक प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी प्रकार की धमकी या लेवी मांगने से इंकार किया है। संचालक मूल रुप से नुनगांव पत्थलगड्डा चतरा निवासी है। शहरी क्षेत्र के लाखे में किराए पर रहते है। विष्णुगढ़ में पार्टनरशिप पर नर्सिंग होम का संचालन कर रहे है। गोली मारने के कारणों को लेकर हांलाकि तरह तरह की बातें कहीं जा रही है। पुलिस घायल को बेहतर स्थिति में आने का इतंजार कर रही है। इसके बाद हीं इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है। मौके पर सदर थाना प्रभारी ललित कुमार सहित अन्य कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस घटना पर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने त्वरित जाँच करते हुए विष्णुगढ स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम के कर्मचारियों से पूछताछ की और कड़ियों को जोड़ने में पुरजोर तरीके से जुटे है।घायल पीआर प्रसाद को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज से बेहतर इलाज के लिए राँची रेफर कर दिया गया।अपराधियों के धरपकड़ में पुलिस पूरी सक्रियता से जुटी है,ताकि अपराधी जल्द ही कानून की जड़ में हो ।




# मांडू विधायक व गिरिडीह सांसद ने बनासो से बुडगड्डा जाने वाली सड़क का किया भूमि पूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ बनासो से बुडगड्डा जाने वाली सड़क मार्ग का मांडू विधायक सह भाजपा सचेतक जय प्रकाश भाई पटेल एवं गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप भूमि पूजन कर,शिलान्यास करते हुए बहुप्रतीक्षित सड़क मार्ग के कार्य को एक नई गति मिली। बता दे कि इस सड़क मार्ग का शिलान्यास केंद्रीय सड़क,परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले वर्ष 23 मार्च 2023 को ही कर दिया था। इसके बाद भी इसका कार्य शुरू नहीं हो पाया था,जिसमें आज मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की घोषणा कर दी है। यह सड़क मार्ग बनासो से बुडगड्डा कुल 28 किलोमीटर का होने वाला है। काफी समय से इस क्षेत्र के लोग इस सड़क को बनवाने की मांग कर रहे थे आज उनकी इस मांग को भूमि पूजन करके इसकी शुरुआत की है जिससे इस क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष और खुशी का माहौल है। इस मौके पर माण्डू विधायक सह भाजपा सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि सड़क के बनने से इस क्षेत्र में आवागमन की सुविधा एवं इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ साथ किसानों के लिए विकास के बेहतर अवसर मिलेंगे।मैं अपने पूरे प्रयास एवं समर्पण से जनता की हर सुविधा के लिए प्रतिबद्ध हूँ। गिरिडीह साँसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा भारत का सम्पूर्ण विकास एनडीए ही कर सकता है।एनडीए की मजबूत सरकार में भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है।



# विष्णुगढ़ में आदिवासी संथाल समिति ने सोहराय का किया भव्य आयोजन

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: विष्णुगढ प्रखंड के भेलवारा पंचायत अन्तर्गत पड़वा पोखर में आदिवासी संथाल समिति के द्वारा गुरुग्राम पब्लिक स्कूल बके बगल मैदान में सोहराय का संथाल समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन के नेतृत्व में भव्य आयोजन किया गया,तथा संचालन देवीराम हेम्ब्रम ने किया।इस मौके पर आदिवासी समुदाय के सैकड़ो महिलाओ एवं पुरुषों ने अपनी संस्कृति की छाप छोड़ते हुए लोकगीतों के साथ ढोल मांदर की थाप पर जमकर झूमे।आदिवासी संथाल समिति के सचिव महादेव मुर्मू ने जानकारी देते हुए बताया कि सोहराय महोत्सव पाँच दिन मनाया जायेगा जिसका आज सामुहिक रूप से उद्धघाटन किया गया।पहला दिन उम महा,दूसरा दिन दका महा,तीसरा दिन खुटा महा,चौथा दिन जाले महा,पाँचवा दिन ढाकु काम कुम अपने पारम्परिक अन्दाज में मनाया जायेगा।इस मौके पर मुख्य रूप से भेलवारा मुखिया लक्ष्मी कुमारी,सेंगेल अभियान के जिला अध्यक्ष बहराम हांसदा,मोहन हांसदा,छोटू हांसदा,संझलु हांसदा,सुरेश हांसदा,जागेश्वर मराण्डी,दिनेश मुर्मू,छत्रु माँझी,शनिचर माँझी,प्राण सोरेन,मुकेश हांसदा,मनोज मराण्डी,लालजी मुर्मू,लाला सोरेन,जिबलाल बेसरा,गंगाधर महतो,शीतल मरांडी,महेंद्र हांसदा,नेहरुलाल मराण्डी समेत सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष सोहराय महोत्सव में शामिल रही।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी 34 5जी - सेगमेंट का सबसे तेज 5जी फोन स्नैपड्रैगन 695 5जी प्रोसेसर के साथ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने आज मोटो जी34 5जी को लॉन्च किया, जो इसकी जी सीरीज फ्रेंचाइजी का नवीनतम भाग है। यह स्मार्टफोन सेगमेंट के सबसे तेज 5जी परफॉर्मेंस के साथ किफायती 5त्र स्मार्टफोन बाजार में हलचल मचा देगा, जो कि स्नैपड्रैगन0 695 5जी ऑक्टा-कोर प्रोसेसर द्वारा संचालित है, जो सेगमेंट के उच्चतम - 13 5जी बैंड, oNR सपोर्ट और 4 कैरियर एग्रीगेशन प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, मोटो जी34 5जी देखने में शानदार है, इसमें प्रीमियम, वेगन लेदर फिनिश के साथ-साथ 3D ऐक्रेलिक ग्लास (PMMA) फिनिश दी गई है, साथ ही यह सेगमेंट में सबसे पतले और सबसे हल्के डिवाइसों में से एक है। मोटो जी34 5जी विभिन्न सेगमेंट के अग्रणी फीचर्स के साथ आता है, जिसमें नवीनतम एंड्रॉइड 14, 50MP कैमरा सिस्टम, डॉल्बी एटमॉस के साथ स्टीरियो स्पीकर, 120H5 6.5 डिस्प्ले, साथ ही मोटो सिक्योर, फैमिली स्पेस, मोटो अनलॉक्ड, मोटो कनेक्ट और रेडी फॉर PC जैसी कई अलग-अलग सॉफ्टवेयर सुविधाएं इसे अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन बनाती हैं।सेगमेंट के सबसे तेज 5G परफॉर्मेंस के साथ, स्नैपड्रैगन 695 5त्र ऑक्टा-कोर प्रोसेसर से युक्त, मोटो जी34 5त्र सहज मल्टीटास्किंग और गेमिंग क्षमता प्रदान करता है। मोटो जी34 5त्र उपयोगकर्ताओं को दो रैम वेरिएंट और इन-बिल्ट 4 GB या 8GB RAM के साथ पर्याप्त स्टोरेज के माध्यम से बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करता है, जिसे रैम बूस्ट फीचर के साथ 16 GB तक बढ़ाया जा सकता है और इसमें एक विशाल 128 GB यूएफएस 2.2 स्टोरेज है जिसे माइक्रोएसडी कार्ड के साथ 1 TB तक बढ़ाया किया जा सकता है।

## भारत के पहले इको-फ्रेंडली स्कूल बैग के साथ अपरकेस ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वीआईपी इंडस्ट्रीज के पूर्व एमडी सुदीप घोष के प्रमुख डी2सी स्टार्टअप एसफोर एक्सेसिरीज़ द्वारा चलाई जा रही अपरकेस ने भारत के पहले सस्टेनेबल स्कूल बैग के साथ स्कूल बैग कैटेगरी में प्रवेश किया है। प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल और कॉलेज की जरूरतों के लिए डिज़ाइन किए गए 27 रूप के साथ, यह नई रेंज 360 डिग्री ट्रैवल गियर ब्रांड के रूप में अपरकेस की उपस्थिति को दर्शाती है। यह आज के उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है जो स्टाइल और हमारी पृथ्वी के बेहतर भविष्य दोनों को महत्व देते हैं, यह नया एडिशन फैशन, फंक्शनलिटी और सस्टेनेबिलिटी तीनों का मिश्रण है। रीसाइक्लड प्लास्टिक की बोतलों से बने ये स्कूल बैग कंपनी के अपने प्लेटफॉर्म uppercase.co.in, Amazon, Flipkart, Myntra के साथ-साथ देश भर की रिटेल दुकानों पर उपलब्ध हैं जिनकी कीमत सिर्फ 2,252 रुपये से शुरू है।अपरकेस भारत का सबसे बड़ा और वैश्विक स्तर के सस्टेनेबल ट्रैवल एक्ससेरीज़ ब्रांड बनने के लिए आगे बढ़ रहा है। इन इको फ्रेंडली बैकपैक्स की शुरुआत सस्टेनेबिलिटी के अपने मूल्य पर खरा रहते हुए बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए अपरकेस की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह विस्तार सिर्फ लगेज न होकर अपरकेस को एक बहुमुखी और इको फ्रेंडली यात्रा गियर ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।नई कैटेगरी में विस्तार पर बोलते हुए, अपरकेस और एसफोर एक्सेसरीज़ के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर सुदीप घोष ने कहा, हमारा नया सस्टेनेबल स्कूल बैकपैक कलेक्शन जरुरी चीजों को ले जाने के तरीके को नया करने के लिए अपरकेस की इस ठोस कदम को दर्शाता है।

## पैक्स के माध्यम से सस्ती दवाएँ ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को भी उपलब्ध होंगी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 5 राज्यों के पैक्स को प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि केंद्र के संचालन के लिए स्टोर कोड वितरित करने के कार्यक्रम में यह स्पष्ट किया कि, 'अब पैक्स के माध्यम से पीएम जन-औषधि केंद्रों में मिलने वाली सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएँ ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों को भी उपलब्ध होंगी।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने वाले शाह की देख-रेख में देश भर की 2,373 पैक्स को सस्ती दवा की दुकान यानी जन-औषधि केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। अंत्योदय की राजनीति करने वाले दिग्गज नेता अमित शाह के इस कदम से अब पैक्स के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों और किसानों को भी सस्ती दवाइयाँ मिल पाएंगी। इसके पहले इसका फायदा सिर्फ शहर के गरीबों को ही मिलता था, क्योंकि जन-औषधि केंद्र ज्यादातर शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। बीते 10 साल में मोदी सरकार में फार्मेसी के क्षेत्र में ढेर सारे सुधार हुए हैं और आज पूरे विश्व में भारत फार्मा क्षेत्र में अग्रणी उत्पादक देश बन गया है।

## डोंबारी बुरु पहाड़ में सैकड़ों शहीद आदिवासियों को श्रद्धांजलि दी गई : आदिवासी संघर्ष मोर्चा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया, नागेश्वर मुंडा एवं नीता बेदिया ने डोबांरी बुरू पहाड़ में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में हुई सैकड़ों आदिवासी पुरुष सहित महिलाएं शहीद हो गई थी,उन तमाम शहीदों के प्रति एक मिनट के श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञात हो कि खूंटी जिला के डोबांरी पहाड़ों से फैला हुआ विशाल क्षेत्र है, जहां बिरसा मुंडा अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान छेड़ रखा था। इस आंदोलन से अंग्रेज काफी परेशानी हो गई थी।9 जनवरी 1899 को डोबांरी पहाड़ों के बीच एक बड़ी सभा हो रही थी अंग्रेजों के खिलाफ हमला तेज करने के लिए लेकिन इस सभा की सूचना गुप्तचरों के जरिए अंग्रेजों को सूचना मिलते ही अंग्रेजी फौज डोबांरी पहाड़ में हो रही सभा स्थल में आ धमका और ताबड़-तोड़ गोलियां बरसायी गई जिसकी जवाबी कार्रवाई में भी आदिवासियों ने बहादुरी के साथ लड़ाई लड़ते रहे और सैकड़ों पुरुष व महिलाएं शहीद हो गई थी। बिरसा मुंडा वहां से किसी तरह से बच निकले थे। डोबांरी पहाड़ में हुई शहीदों के याद में वहीं पर एक विशाल मिनार बनाया गया है।आज फिर उनकी याद में आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन पर अड़ानी-अंबांनी जैसे कंपनियों के हाथों सौंपा जा रहा है जिसके खिलाफ फिर एक बृहद उलगुलान छेड़ने का वक्त आ गया है। इसी संकल्प के साथ आदिवासी संघर्ष मोर्चा संघर्ष को आगे बढ़ा रही है।

## ईवीएम डेमोंसट्रेशन वैन के संचालन को लेकर हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 10 जनवरी 2024 से शुरू हो रहे ईवीएम डेमोंसट्रेशन वैन के संचालन को लेकर मंगलवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों को ईवीएम डेमोंसट्रेशन वैन के संचालन के उद्देश्यों के प्रति जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा सभी को ईवीएम के संचालन की प्रक्रिया के भी जानकारी दी गई।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी के द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष तीन मामले सामने आए हैं। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अन्य अधिकारियों के साथ तीनों मामलों के तहत अब तक किए गए कार्यो के संबंध में विचार विमर्श करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**क्या है अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989**

यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है, अधिनियम ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है।

**विशेषताएँ**

यह अनुसूचित जातियों और जनजातियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अपराधों को दंडित करता है। यह पीड़ितों को विशेष सुरक्षा और अधिकार देता है। यह अदालतों को स्थापित करता है, जिससे मामले तेज़ी से निपट सकें।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के तहत हुए कार्यों का जायजा लेते हुए ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर जरूरतमंद व योग्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने मनरेगा संबंधित कार्यों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल विकास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान विकसित करने के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्माणाधीन मैदानों का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में नए स्थलों को चिन्हित कर उन्हें खेल मैदान के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर विशेष नजर रखने एवं किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्य करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से बचने के मद्देनजर पौधारोपण सहित अन्य कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मनरेगा अंतर्गत रिजेक्टेड ट्रांजैक्शंन, एरिया ऑफिसर एप, ग्रामीण क्षेत्रों में वर्मी कंपोस्ट यूनिट आदि के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। समाज कल्याण कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से वर्तमान में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं निजी भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में संचालित करने के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मर्जर के उपरांत खाली पड़े विद्यालयों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन की जानकारी लेते हुए केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रामगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 276 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस दौरान उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ सभी आवेदनों पर चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**क्या है मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना**

झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रावधान शुरू किया है। अगर आप अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग में आते हैं और आपको कोविड हुआ है या हुआ था या आप होम आइसोलेशन में थे, तो सरकार आपको 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी वहीं अब इस योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना कर दिया गया है।

**1500 से 25,000 रुपये तक का सहायता देगी सरकार**

योजना के तहत लाभ दो वर्गों में दिया जाता है। पहला ङ्क 18 से अधिक उम्र वालों को और दूसरा 18 से कम उम्र वालों को।

## विधायक अंबा प्रसाद को जनता दरबार लगाने का अधिकार नहीं : महेंद्र महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा आए दिन अखबार और मीडिया में बयान आता है कि अंबा प्रसाद बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में जगह जगह पर जाकर जनता दरबार लगा रही है।लेकिन में बताना चाहता हूं कि विधायक अंबा प्रसाद को जनता दरबार लगाने का अधिकार नहीं है शायद वह नहीं जानती है कि जनता दरबार का मतलब क्या होता है मैं उनको बताना चाहता हूं जनता दरबार की अधिसूचना राज्य सरकार जारी करती है और इस सूचना के आलोक में प्रखंड से लेकर जिला तक के अधिकारी उस जनता दरबार में उपस्थित रहते हैं और जनता की समस्याओं को उसी जनता दरबार में निपटारा करते हैं और जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर रहता है उसको उन्होंने संबंधित अधिकारी पास प्रेषित करते हैं।विधायक अंबा प्रसाद ने जनता दरबार के नाम पर क्षेत्र के लोगों को बरगलाने का काम कर रही हैं क्योंकि विधायक बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में तो निवास नहीं करती हैं वह तो हजारीबाग शहर या रांची के राजधानी में निवास करते हैं आम आदमी के पहुंच से बाहर है।तथा में जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मांग करता हूं कि जनता दरबार के नाम पर जनता से ठगी हो रही हैं ऐसे विधायकों पर जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई हो।

## 17 जनवरी को होगा कांग्रेस परिवार सम्मेलन सह वन भोज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक अति आवश्यक बैठक पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में की गई जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस परिवार मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 17 जनवरी को पतरातू डैम के समीप पतरातू प्रखंड कांग्रेस परिवार मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें पतरातू प्रखंड के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुश्री अंबा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य एवं जिले के के सम्मानित नेतागण उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से करने के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया।बैठक में मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत पटेल, पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,युवा कांग्रेस बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, भुरकुंडा विधायक प्रतिनिधि राजू पांडे, संतोष साहू, अंजन प्रसाद, योगेंद्र सिंह खरवार, कमलेश कुमार, तिलेश्वर साहू, जगदीश साव, विजय साव, शकरुल्ला अंसारी, इमरान अंसारी, अशोक प्रसाद, शंकर पासवान, धीरज कुमार उपस्थित हुए।

## किसान मेला का उद्देश्य तकनीकी कृषि को बढ़ावा देना : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के विवेकानंद सेवा संघ व रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी के सहयोग से ब्यांग गांव में एकदिनी किसान मेला लगाया गया।किसान मेला में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुए। किसान मेला में कृषि, पशु पक्षी और कुटीर उद्योग के संकड़ों नमूने लाए गए थे, उत्कृष्ट नमूनों को पुरस्कृत किया गया।रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यान केन्द्र मोराबादी रांची के सचिव स्वामी भवेशानंद महाराज ने कहा कि किसानों का विकास ही रामकृष्ण मिशन का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और मिट्टी की गुणवत्ता के लिए जैविक खेती समय की मांग है। युवाओं से आश्रम में आकर कृषि, मधुमक्खी पालन, गोपालन, मुर्गीपालन, जैविक खेती का निशुल्क प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने की बात कही।मौके पर पुर्व स्वामी सशाकनन्द महाराज नाबार्ड से उपेन्द्र कुमार मुखिया चुडकी देवी रामकुमार महतो चन्द्र देव महतो अर्जुन महतो जगरनाथ महतो प्रदीप महतो देवेन्द्र कुमार रंजीत कुमार रितेश कुमार राजेश कुमार रुकेश कुमार हरि कुमार तपेन्द्र महतो अरुण कुमार ईश्वर कुमार शुभाष कुमार व सैकड़ों किसान मौजूद थे।

## जयनगर पंचायत में गाजे-बाजे के साथ घूमकर दिया गया अयोध्या जाने का निमंत्रन

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को जयनगर पंचायत के देवी मंडप में अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत और निमंत्रन-पत्र को पूजन कर राम भक्तों ने पूरे गाजे-बाजे के साथ डोर-टू-डोर घूमकर पंचायत के ग्रामीणों को अयोध्या जाने के लिये निमंत्रन दिया है। वहीं शुभम सोनी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इसलिए घूम-घूम लोगों को निमंत्रन दिया जा रहा है। ताकि लोग अयोध्या में प्रसिद्ध भारतीय मंदिरो के इतिहास की झलक के साथ-साथ प्रभू श्री राम की जन्मभूमि, कोटि-कोटि सनातनियो की आस्था का केंद्र अयोध्या नगरी में भव्य श्रीराम मंदिर अतीत की दिव्यता, वर्तमान की आवश्यकता के पल का एक हिस्सा बन सके। मौके पर मुखिया हीरा देवी अमिता सोनी अंजू देवी राधा देवी रेखा देवी प्रथमी देवी अशोक पाठक संचित पाठक दृघायु सोनी बजरंग दल के रवि ठाकुर मुकेश प्रजापति प्रमोद प्रजापति दसरथ ठाकुर बिजेंद्र मुंडा धरमू ठाकुर अनिल ठाकुर लखन ठाकुर शोभा ठाकुर प्रीतम कुमार नवीन कुमार चंदन ठाकुर शुभम सोनी लखन ठाकुर और कार्तिक मुंडा सहित दर्जनों महिला-पुरुष शामिल थे।

## विधायक अम्बा प्रसाद की पहल से पतरातु हेसला में बिजली बहाल हुआ



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीती रात पतरातू प्रखंड के पीटीपीएस स्थित हेसला पंचायत में बिजली विभाग द्वारा वार्ड नंबर 5,6 एवं 7 की बिजली व्यवस्था हमेशा के लिए काट दि गई थी,तथा ट्रांसफार्मर खोलने की तैयारी थी।जिसकी सूचना हेसला मुखिया पूर्व पसंस सहित सैकडो महिला पुरुषो ने विधायक आवास में चल रही जनता दरबार में आकर माननीय विधायक अंबा प्रसाद को दिया।जिसके पश्चात विधायक ने सभी लोगो के साथ उक्त ट्रांस्फॉर्मर स्थल पर हेसला पंचायत में पहुंचकर जिला प्रशासन(उपायुक्त)एवं बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से बातचीत कर देर संध्या वहाँ खडे होकर पूरे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को पुनः सुचारू रूप से बहाल करवाया।तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द कैंप लगाकर सभी उपभोक्ताओं को वैध कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए । मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल उपस्थित थे।बिजली व्यवस्था पुनःबहाल होने पर हेसला पंचायत कि मुखिया प्रीति झा,पूर्व पंसस बैजनाथ राय,विरेन्द्र झा,प्रदीप महतो,मो.महताब,दिनेश दास एवं सभी जनप्रतिनिधि सहित उपस्थित सैकड़ों महिला पुरुष एवं बच्चों ने माननीय विधायक एवं सरकार के प्रति आभार वं धन्यवाद जताया है।

## सांसदी छिनने का डर सता रहा है सांसद के अखबारी प्रतिनिधि को : कृष्ण सिंह

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सांसद के अखबारी प्रतिनिधि ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि विधायक अंबा प्रसाद को जनता दरबार लगाने का अधिकार नहीं है शायद अखबारी नेता को किसी न किसी बहाने अखबार में बने रहने का कोई ना कोई बहाना चाहिए शायद अखबारी नेता को यह जानकारी प्राप्त नहीं है कि कोई भी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की कोई भी जनता की समस्या को सुनकर जानकर ही उस समस्या का हल निकलता है और जब जनता की समस्या को सुनेंगे ही नहीं तो जनता की समस्या को आप हल क्या कीजिएगा इसलिए विधायक जी सप्ताह में एक दिन अपने आवासीय कार्यालय में जनता से रूबरू होती है और जनता के समस्याओं को निराकरण करने में का काम करती है।तथा सांसद के अखबारी नेता कब तक सांसद के नाकामी को छुपाएंगे पूरे लोकसभा क्षेत्र में सांसद के अपने 5 साल के कार्यकाल में कितना विकास किए हैं वह जनता को बताने का काम करें।

# वाहनों की बिक्री में पिछले साल से इस साल की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है : गोविंद पी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन, झारखड़ चेप्टर के चेयरपर्सन गोविंद पी मेवाड़ ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की कैलेंडर वर्ष 2023 में वाहनो की खुदरा बिक्री 10.93 त्न बढ़कर कुल 544045 इकाई हो गई है जबकि कैलेंडर वर्ष 2022 में यह 490462 इकाई ही थी । पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2023 के दिसंबर माह में खुदरा वाहनों की बिक्री 19.81 त्न बढकर 42092 ईकाई हो गई हैं। जबकि पिछले वर्ष 2022 के दिसंबर माह में 35133 ईकाई थी । झारखंड स्तर पर दो पहिया वाहन दिसंबर 23 में 20.45त्न की बढ़त के साथ 32677 इकाई की बिक्री हुई है वही दिसंबर 22 में यह 27129 इकाई थी। तीन चक्का वाहन दिसंबर 23 में 32.23त्न की बढ़त को दर्शाते हुए 2355 ईकाई की बिक्री दर्ज की है जबकि यह दिसंबर 22 में मात्र 1781 इकाई की बिक्री दर्ज की थी। हम कॉमर्शियल वाहन की चर्चा करके देख रहे है कि यह दिसंबर 23 में 15.08 त्न की बढ़त बनाते हुए इसने 1587 इकाई की बिक्री दर्ज कि है वही दिसंबर 22 में यह 1379 इकाई ही थी। यात्री वाहन ने झारखंड मे इस वर्ष दिसंबर माह में 10.50 त्न की बढ़त बनाते हुए 4450 इकाई की बिक्री दर्ज की है वहीं दिसंबर 22 में यह 4027 इकाई थी। दिसंबर 2023 मे टैक्टर कि बिक्री में 25.21त्न कि बढ़त बनाते हुए 1023 इकाई की बिक्री दर्ज की है जबकि पिछले साल दिसंबर में यह मात्र 817 इकाई ही थी।उपरोक्त आंकड़े बता रहे हैं कि पीछले वर्ष दिसंबर 22 की अपेक्षा दिसंबर 23 में सभी वाहनों की बिक्री झारखंड में अच्छी रही है। अब लोग अपने लिए वाहन ख़रीदते समय लागत के साथ साथ पॉवर , इसमें दी जा रही सुरक्षा के मानदंड , इसका लुक तथा वाहन चलाते समय इसके अच्छे अनुभव को भी महत्व दे रहे है परिणामतः यूवी वहनों की बिक्री कुल यात्री वाहन की बिक्री का 65त्न तक हो गया है ।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, राँची
(कमरा नं0–503, जल भवन, डोरण्डा–834002)

(2nd Call, PR-313069)

पुनः अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–09/2023–24 दिनांक–08.01.2024

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | | कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, राँची। |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि | :– | | 12.01.2024 से 18.01.2024 (कार्यालय अवधि में) |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | | 19.01.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | | 19.01.2024 को अपराह्न 3:30 बजे तक। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमण्डल, राँची। (कमरा नं0–402, जल भवन, डोरण्डा) |
| | | | 2) | अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, जलपथ अंचल, राँची। (कमरा नं0–101, जल भवन, डोरण्डा) |
| | | | 3) | मुख्य अभियंता का कार्यालय, जल संसाधन विभाग, राँची। (कमरा नं0–501, जल भवन, डोरण्डा) |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | | कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, राँची। (कमरा नं0–402, जल भवन, डोरण्डा) |
| 7. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | :– | | |

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंचाई शिविर धुर्वा, राँची के मुख्य पाईप लाईन, मोटर मरम्मति एवं सेप्टिक टैंक की सफाई का कार्य। | 9,08,698/– | 1,250/– | 18,500/– | 45 दिन |

नोट –
1) परिमाण विपत्र की राशि सिर्फ बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही ली जायेगी जो कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमण्डल, राँची के पदनाम से निर्गत होगा एवं SBI, Doranda, Ranchi में भुगतेय होगा जो None refundable होगी।
2) विस्तृत विवरणी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता,
जलपथ प्रमण्डल,राँची

PR 315469 Water Resource(23-24).D



## Office of the Additional Principal Chief Conservator of Forests, CAMPA, Jharkhand, Ranchi
Van Bhawan, Doranda-834002

e-mail : apccf-campa@gov.in, Phone : 0651-2481466 (O)

**CORRIGENDUM**

**Reference- PR. No. 315288 Dated 07-01-2024**

RFP No: 01/2024 dated 07-01-2024 RFP No. 01/2024

**Notice inviting RFP for selection of Agency for Third Party Evaluation of works undertaken under Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in Jharkhand for the year 2022-23 and 2023-24**

Sealed RFP (Request for Proposal) is invited for selection of Agency for Third Party Evaluation of works done under Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in Jharkhand for the year 2022-23 and 2023-24. The salient features of the assignment, eligibility criteria and instructions on bidding process and other details are available in the RFP document uploaded on the website of Forest Department, Jharkhand at: http://forest.jharkhand.gov.in

Interested applicants are requested to submit their complete proposals (Technical and Financial) comprising the documents and forms as specified in the RFP. The proposal needs to be submitted in a sealed envelope through registered post/speed post/courier service or by hand superscribing RFP No: 01/2024, **"Selection of Agency for Third Party Evaluation of works done under Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in Jharkhand"** on top of the envelope at the submission address outlined below on or before **06th February, 2024 13:00 hrs.**

The sealed envelope of RFP superscribed **"Proposal for Selection of Agency for Third Party Monitoring and Evaluation of works undertaken under Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in Jharkhand for the year 2022-23 and 2023-24"** shall contain two separate sealed envelopes: (a) the sealed envelope containing Technical Proposal along with all supporting documents, and (b) the second sealed envelope containing only the Financial Bid in the prescribed format.

**Critical Datasheet**

| | |
|---|---|
| Date and time for pre-bid conference | 17 January, 2024, 13:30 hrs. |
| Last date and time for submission of complete proposal | 6th February, 2024, 13:00 hrs. |
| Date and time for opening of opening of Technical Proposal | 6th February, 2024, 15:00 hrs. |
| Date for presentation by the Team Leader | 7th February, 2024, 11:30 hrs. |
| Date for opening of Financial Proposal | 7th February, 2024, 15:30 hrs. |

The proposal must be addressed to: **Additional Principal Chief Conservator of Forests, CAMPA, Department of Forest, Environment and Climate Change Department, Van Bhawan, Doranda, Ranchi-834002, Jharkhand.**

Additional PCCF, CAMPA,
Department of Forest, Environment and Climate Change Department,
Jharkhand, Ranchi

PR 315513 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

# अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड के नगरकेसवारी पंचायत में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों ने पंचायत सेवक पर मनमानी तरीक़े से बिना भौतिक निरिक्षण किये ही सूची बना देने का आरोप लगाया है, जिसे लेकर पंचायत भवन मे जमकर लोगो ने हंगामा मचाया और इस सूची को रद्द करने और योग्य लोगो को सूची मे शामिल करने की मांग कि है।

**क्या कहते है लोग :** इस बाबत उपस्थित स्थानीय निवासी मनीष मंडल ने बताया की पंचायत सेवक ने बिना भौतिक निरिक्षण किये ही सूची तैयार कर दिया कैंप मे अबुआ आवास के लिये 422 आवेदन प्राप्त हुवा लेकिन इस सूची मे सिर्फ 141 लोगो का नाम है कई योग्य लोगो का नाम इस सूची मे नहीं है, सूची मे वैसे लोगो का नाम है जो पहले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ले चुके है, कई के पक्का मकान है इससे साफ जहिर होता है की कही न कही गड़बड़ी हुवी है !

**योग्य लोगों का नाम सूची में छुटा है, कुछ गड़बड़ी हुआ : मुखिया प्रतिनिधि**

मुखिया प्रतिनिधि मनी मंडल ने कहा की आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान लगभग अबुआ आवास योजना के लिये 422 आवेदन मिले थे जिसमे सिर्फ 141 लोगो का नाम इस सूची मे है कई योग्य लोगो की नाम इस सूची मे नहीं है कही न कही लापरवाही हुवी है हम प्रशासन से निवेदन करेंगे की आवास योजना मे योग्य लोगो को इसका लाभ दिलाने का काम करें।

**शिकायते मील रही है जांच की जायेगी : बीडीओ**

इस बाबत बीडीओ पप्पू रजक ने कहा की विभिन्न श्रोतो से जानकारी मील रही है की अबुआ आवास योजना मे गड़बड़ी की जा रही है, अगर किसी की कोई शिकायत हो तो अनुमंडल स्तर पर अनुश्रवण समिति कार्य कर रही वहाँ आवेदन दें, जरूर कार्यवाई होगी साथ ही प्रखंड कार्यालय मे एक सुचना भी चिपका दी गई है की अगर कोई लाभुक तथ्य छुपा कर योजना का लाभ ले रहे है और जाँच मे इसकी बात सामने आयेगी तो दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इसमे पदाधिकारियों को कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईवीएम प्रबंधन, मीडिया मॉनीटरिंग, कम्युनिकेशन प्लान, स्वीप प्लानिंग, मेडिकल प्लान समेत अन्य कोषांगों आदि दायित्व के निर्वहन और कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त ने आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग,



मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, चुनावी प्रबंधन, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट की कार्य प्रणाली, आदर्श आचार संहिता, मीडिया कोषांग की भूमिका, कानून व्यवस्था आदि का ज्ञान रहे। इसलिए सभी बातों को अच्छी तरह से समझ ले। बैठक में उपायुक्त ने चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्मिक कोषांग को चुनाव के दौरान कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों से संबंधित डाटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया। चुनाव के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों से संबंधित सूची जल्द से जल्द सामग्री कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त ने मतदान के समय मतदान कर्मियों को सेक्टर व बूथ तक पहुंचाने के लिए छोटी-बड़ी वाहनों का आकलन करते हुए वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कोषांग पदाधिकारी को दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आगामी चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु यह बहुत जरूरी है कि चुनाव में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग को कार्य योजना तैयार करते हुए प्रशिक्षण संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## दंत रोग चिकित्सक डॉ. अनु वर्मा ने ब्लड डोनेट कर दिखाई मानवता

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को कुशवाहा समाज में एक निर्बल महिला लक्ष्मी देवी को 4 युनिट ओ नेगेटिव रक्त की जरूरत पड़ी। उस गरीब महिला के पति रंजीत वर्मा चितमाडीह, बैंगाबाद के रहने वाले ने अपनी पूरी कोशिश किया परंतु उसे असफलता ही हाथ लगा। आखिर एक गरीब व्यक्ति की पहुंच ही महज कितनी दूर होती है, जिसके कारण उसे समय पर रक्त नहीं मिल पा रहा था। ऐसी स्थिति में कुशवाहा समाज के एक समाजसेवी युवा प्रेमचंद वर्मा ने सोशल मीडिया का सहारा लेते हुए त्तयपरता दिखाई और कुशवाहा समाज के ग्रुप में पोस्ट व शेयर किया तो ग्रुप में जुड़े सभी सदस्यों में से एक ने निःसंकोच होकर रक्तदान करने के लिए आगे आई, जिसका नाम डॉक्टर अनु वर्मा है, स्माइल डेंटल क्लिनिक चिकित्सक पचंबा, गिरिडीह की है। डॉ अनु वर्मा का डेंटल क्लिनिक बड़ा चौक मेन रोड पाचंबा में स्थित है वह 1 युनिट ब्लड खुद से डोनेट की और हरसंभव मदद करने की आश्वासन दिया। डॉ अनु वर्मा को सच्ची भावना के साथ धन्यवाद और साथ-ही-साथ उस कुशवाहा व्हाट्सएप ग्रुप को भी धन्यवाद जिससे किसी गरीब व्यक्ति की जान बची। मानवता का परिचय दिजिए 6 माह या 1 साल में एक बार ब्लड डोनेट अवश्य किजिए और किसी को जीवन दान दिजिए।



## स्कूली बच्चों के बीच किया गया कॉपी वितरण

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के पराँचीडीह गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मे मंगलवार को बच्चों के बीच कॉपी वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामदेव राणा की उपस्थिति मे प्रथम कक्षा से आठवीं कक्षा के करीब सैकड़ों बच्चों को कॉपी पेन दिया गया। रामदेव राणा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही पोशाक, किताब, छात्रवृत्ति वितरण योजना सराहनीय है। यह योजना गरीब अभिभावकों के लिए सार्थक सिद्ध हो रही है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार समय समय पर कई तरह के योजना को लाती है इन योजनाओं के कारण सरकारी विद्यालय में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए अभिभावक शिक्षकों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। मौके पर सहायक शिक्षक टोडी नारायण वर्मा, सहायक शिक्षिका नीलम चौधरी, प्रबंधन समिति अध्यक्ष भगीरथ प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष रीना देवी, सदस्य बबीता वर्मा, सविता देवी, गीता देवी, रिंकू देवी, झलीया देवी, प्रवीन कुमार, जितेन्द्र कुमार, अजित पांडेय, मोहन प्रसाद वर्मा, बहादुर प्रसाद सहित अभिभावक उपस्थित थे।



## फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह महाविद्यालय गिरिडीह बीएड विभाग द्वारा सोमवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन। इस कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचर्य डॉ अनुज कुमार तथा सभी शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। वही छात्र अमित यादव ने बताया कि सेकंड एयर के छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम को आयोजन किया गया है। जिसमें फर्स्ट ईयर के छात्रों को इस कॉलेज में स्वागत हम लोग कर रहे हैं इस कार्यक्रम माध्यम से हम लोग जूनियर छात्र-छात्राओं को कॉलेज की शैक्षणिक वातावरण को बताने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही इस प्रोग्राम में अनेक प्रकार की कल्चरल एक्टिविटी भी छात्रों के द्वारा किया जा रहा है विभाग के धर्मेंद्र कुमार, रश्मि कुमारी विनीता कुमारी, आशा रजवार, अरुणिमा सिंह, हीरालाल मंडल, सिरिल तथा सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## अक्षत व निमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जारी

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विश्व हिंदू परिषद द्वारा आज मंगलवार को भी दक्षिणी टुंडी के विभिन्न गांवों में लगभग 500 घरों में अक्षत एवं निमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जारी रहा। बताया जाता है की टुंडी विश्व हिंदू परिषद द्वारा इन दिनों बड़े पैमाने पर राम भक्तों के बीच अक्षत एवं निमंत्रण पत्र का कार्य बड़े जोर शोर से चलाया जा रहा है आज के इस वितरण कार्यक्रम का में विश्व हिंदू परिषद के धनबाद ग्रामीण जिला सत्संग प्रमुख देव कुमार पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं इस वितरण का संचालन विश्व हिंदू परिषद के टुंडी प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर ने किया। मौके पर संतोष जायसवाल ,अजय मंडल, धर्माचार्य प्रमुख रामदेव गोस्वामी ,राजेश, मनोज महतो, शुक्र महतो ,राहुल महथा समेत सैकड़ो विश्व हिंदू परिषद के सदस्य उपस्थित।



## इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट 11 जनवरी को, तैयारी पूरी



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में विनोबा भावे विश्व विद्यालय द्वारा, हजारीबाग इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन 11 जनवरी से 13 जनवरी को होने वाला है।वही इस बार मेजबान गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह है।वही इसी को लेकर तैयारी जोर- शोर से चल रही है। इस टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय की कई टीमों के शामिल होंगे। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई कमिटियों का गठन किया गया है। प्रत्येक कमिटी के सदस्यों की सक्रियता के लिए भी मीटिंग हुई। वही कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार इसके लिए खासे तत्पर हैं। इसके प्रभारी सचिव हैं डॉ. एम. एन. सिंह और उप सचिव हैं नयन सोरेन।

### खंडोली मोड़ के समीप सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल बस और ऑटो में सीधी भिड़ंत

## बाल बाल बचे स्कूली छात्र, ऑटो चालक घायल, ऑटो हुई क्षतिग्रस्त

**स्कूल बस बेंगाबाद इलाके से बच्चों को लेकर जा रही थी स्कूल। घने कोहरे में खोया संतुलन**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** खंडोली मोड़ के समीप सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल बस और ऑटो में सीधी भिड़ंत।

में घने कोहरा के वजह से स्कूली वैन और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई. जिसके बाद ऑटो के उड़े परखच्चे उड़ गए. हादसे में ऑटो सवार दो युवक घायल हो गए. दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. दोनों को घायल अवस्था में गिरिडीह अस्पताल भेज दिया गया है. वहीं, गनीमत रही कि स्कूली बस में सवार बच्चे बाल बाल बच गए.

**तेज रफ्तार में आ रही थी स्कूली वैन :-** घटना गिरिडीह देवघर मुख्य मार्ग खंडोली मोड के पास की है. वहीं, लोगों ने बताया है कि तेज रफ्तार से आ रही स्कूली वैन ने दूसरी छोर में जाकर ऑटो को टक्कर मारी दी.

जिसमें ऑटो सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायल की पहचान बनहती गांव निवासी आकूब अंसारी और डोमापहाड़ी निवासी मनोज रजक के रूप में की गई है. स्कूली बस के गलती और घोर लापरवाही के कारण यह घटी है।

## गिरिडीह : टोटो चालकों का आतंक, टोटो में बैठने से इनकार करने पर छात्रा को मारा धक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में टोटो चालक का मनोबल लगातार बढ़ते जा रहा है। वही मंगलवार को सर जे सी बोस की छात्रा द्वारा टोटो पर बैठने से इंकार करने पर टोटो चालक ने छात्रा को धक्का मार गिर दिया ।

टोटो के धक्के से छात्रा घायल हो गई. घायल छात्रा तमन्ना प्रवीण तेलोडीह की रहने वाली है और वह सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में 12 वीं की छात्रा है. घायल छात्रा को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया है. छात्रा का कहना है कि स्कूल से निकलने के बाद टोटो चालक ने उसे टोटो पर बैठने के लिए कहा. इंकार करने पर टोटो चालक पीछे से टोटो लेकर आया और उसे धक्का मारते हुए आगे बढ़ गया. वही लगातार महिला कॉलेज रॉड में इस तरह का मामला सामने या रही है । वही इसपर पुलिस प्रशासन को टोटो चालको पर कार्रवई करने की आवश्यकता है।

## महाप्रबंधक की पहल से कई रेलकर्मी की लंबित समस्याओं का हुआ निराकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने मुख्यालय, हाजीपुर में अपने कक्ष में आज 08 रेलकर्मी/उनके आश्रित से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है । इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक



से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं । महाप्रबंधक के इस पहल से रेलकर्मियों में काफी हर्ष है । कर्मचारी कल्याण के प्रति महाप्रबंधक की यह पहल रेलकर्मियों को और अधिक निष्ठा के साथ कार्य निष्पादन हेतु प्रेरक का काम करेगा ।

## डीसी रेल लाइन पर डीजीएमएस षड्यंत्र रचना बंद करें : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कतरास रेलवे स्टेशन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डीजीएमएस के निदेशक प्रभात कुमार द्वारा डीसी रेल लाइन को खतरा बताए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि अगर रेल मार्ग को खतरा है तो सरकार डीजीएमएस को किस बात के लिए रखी है। कहीं खतरा है तो डीजीएमएस उसे दुरुस्त करे। विज्ञान का युग है कोई काम असंभव नहीं है। डीजीएमएस को आग बुझाने के दिशा में बड़ा कदम उठाना चाहिए। डीजीएमएस का पूरे देश में नाम है। ऑफिस में बैठकर षड्यंत्र ना रचे। डीसी लाइन को अगर बंद करने का सोचा भी गया तो एरिया 1 से लेकर एरिया 12 तक का



बीसीसीएल का चक्का जाम कर देंगे। बीसीसीएल तथा रेल प्रबंधक 24 घंटा इस रेल लाइन पर नजर रखे हुए हैं कहीं कोई खतरा नहीं है। श्री महतो ने बीसीसीएल प्रबंधन से भी रेल मार्ग को बचाने में पहल करने की अपील की है।

एक सवाल के जवाब में कहा कि रेल किनारे जितना भी अवैध उत्खनन कर कोयला चोरी हुई है सभी कोयला अमितेष सहाय के भट्ठा गया है। अमितेष सहाय क्या है, कही का पार्षद है, मुखिया है, विधायक है या सासंद है जो मै उससे सहायता मागने गया था। हिम्मत है तो मुझे धनबाद मे कही बुलाये या कतरास मे वो आ जाए और सामने ऑख मे ऑख मिलाकर बातचीत करे। ये वो अभितेष सहाय है जिसके वजह झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार मे गरीब असहाय आदिवासियो के खिलाफ कार्रवाई हुई है। अमितेष सहाय पुलिस का ब्रोकर है। इसी के इशारे पर सजीव कुमार ने कोयला चोरी की इतनी बड़ी सम्राज्य कायम कर रखा था। मौके पर मुकेश झा, शैलेश बर्मन, महेश पासवान, भरत शर्मा, सुर्यदेव मिश्रा, बब्लू बनर्जी, प्रकाश राम गुमा , श्याम किशोर , कुन्दन सिंह, दिनेश उपाध्याय, बलबीर सिंह, सुरेश शर्मा, विजय शंकर चौहान, बबलू बर्मन, अनिल पाण्डेय, रामकुमार साहु, चन्दन चौहान, निलेश सिंह, राकेश हजारी, प्रदीप गुप्ता, संतोष चौधरी, गौतम गोस्वामी, गिता शर्मा, राजेश चौहान, आनंद यादव आदि उपस्थित थे।

## बीसीसीएल ने अवैध उत्खनन की किया भराई



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महेशपुर कोलियरी 9 सीम में अवैध उत्खनन स्थल को बीसीसीएल ने बंद किया। बरोरा थाना अंतर्गत महेशपुर कोलियरी में सोलो साइडिंग के बग़ल बंद पड़ी 9 सीम खदान के समीप अवैध माइन्स को बीसीसीएल ने स्थानीय थाना एवं सीआईएसएफ के मौजूदगी बंद किया गया। मौके पर भरत रजक कन्हाई प्रसाद साव महेशपुर पीओ विजय कुमार मेनेजर नारायण हांसदा मृत्युंजय कुमार दास आदि मौजूद थे।

## एनपीआर रद्द करने की मांग को लेकर ईस्ट सेंट्रल रेल मेंस कांग्रेस ने दिया एकदिवसीय भूख हड़ताल धरना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस का मंगलवार को कतरास स्टेशन प्रांगण में एनपीएस रद्द करने तथा ओपीएस बहाल करने की मांग को लेकर एकदिवसीय भूख हड़ताल धरना दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रेम शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि एनएफआइआर द्वारा पूर्व में रेल मंत्री सुरेश प्रभु से वार्ता हुई थी। जिसमें उन्होंने अपनी ओर से एनपीएस खत्म करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को दिया था जो अभी तक मान्यता नहीं दिया गया है। एनएफआइआर ने यह बताया था कि रेल कर्मियों के कार्य करने का विशिष्ट तरीका है। तथा सेना की तरह कार्य करते हैं। विगत करोना महामारी के समय कार्य करते समय लगभग 3000 मजदूर से अधिक रेल कर्मियों को अपनी जान गवाही है। युद्ध के समय भी सेना को आर्मस पहुंचने का कार्य भी रेल कर्मी ही करते हैं। रेल कर्मियों के लिए एनपीएस से मुक्त कर ओपीएस लागू किया जाए।

## समाजसेवियों ने नव वर्ष पर किया खाद्य सामाग्री का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद, समाजसेविका सह वार्ड संख्या 14 की पार्षद पद की भावी उम्मीदवार जुली परवीन उर्फ जुली बाजी एवं आईसीटीसी काउंशेलर सह रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद की सदस्य बेनज़ीर परवीन के संयुक्त तत्वावधान में छोटे छोटे बच्चों के बीच उपहार स्वरूप बिस्किट, टॉफी, पानी आदि का वितरण किया गया। साथ ही सभी को नए वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। वितरण कार्य के दौरान बच्चे



एवं महिलाओं की काफी भीड़ थी तथा सभी काफी उत्साहित दिखे। खाद्य सामाग्री की प्राप्ति के पश्चात सभी ने समाजसेवियों का आभार प्रकट किया। साथ ही अपने क्षेत्र की सड़क, नाली, बिजली, पानी सहित अन्य बुनियादी समस्याओं से समाजसेवियों को अवगत भी कराया।

वहीं वासेपुर के इन समाजिक कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना एवं सारी समस्याओं के शीघ्र निदान की बात कही।

# झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में स्विफ्ट चैटबोट को लेकर किया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में आज दिनांक 09.01.2024 को जिला सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्कूल, नदिया,हिन्दू,लोहरदगा के प्रांगण में चैटबोट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड शिक्षा परियोजना के अशोक पाण्डेय, राज्य प्रबंधक आर्यन गर्ग और एपीओ सरिता इक्का द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में प्रखण्ड साधन सेवी,संकुल साधन सेवी,मास्टर प्रशिक्षकों को स्विफ़्ट चैटबोट का प्रशिक्षण दिया गया। ये मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर चैटबोट के माध्यम से शिक्षकों व बच्चों को सिखाने का कार्य करेंगे। कार्यशाला में सभी प्रतिभागी के बीच स्विफ्ट चैट एप आधारित डीजीसाथ वीकली प्रैक्टिस,शिक्षक सहायक और जिज्ञासा चैट बोर्ड सभी विद्यालय में लागू करने पर चर्चा की गई। कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को स्विफ्ट चैट एप आधारित डीजीसाथ



वीकली प्रैक्टिस,शिक्षक सहायक और जिज्ञासा चैटबोट के बारे में बताया गया। शैक्षणिक परामर्शी संस्था कन्वीजीनियस के प्रतिनिधि आर्यन गर्ग ने बताया कि शिक्षक और बच्चों को सीखने सिखाने की प्रक्रिया आसान करने के लिए शिक्षक सहायक शिक्षकों के लिए और डीजीसाथ वीकली प्रेक्टिस बच्चों के लिए लांच किया गया है। उन्होंने बताया कि चैटबोट के माध्यम से शिक्षक अपने क्लासरूम जाने से पूर्व शिक्षक सहायक चैट बोर्ड के उपयोग से लेसन प्लान,वर्कशीट और वीडियो के माध्यम से अपनी क्लासरूम में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आसान कर पाएंगे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा सचिव, झारखंड सरकार के निदेशानुसार दिनांक 11.01.2024 को पूरे राज्य में एक साथ सीटी बजाओ अभियान का आयोजन किया जाना है। इससे संबंधित वीडियो, फोटोग्राफ सोशल मीडिया में हैशटैग सीटी बजाओ को उक्त प्लेटफॉर्म में अपलोड किया जाना है,से संबंधित जानकारी दी गई। उक्त आयोजन जिले के प्रत्येक विद्यालयों में किया जाना है और सोशल मीडिया में वीडियो एवं फ़ोटो हैशटैग के साथ अपलोड करना है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी,प्रत्येक प्रखंड से दो-दो सक्रिय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, प्रति प्रखंड से दो-दो मास्टर प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

# प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना के लिये विशेष कैम्प का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यलय परिसर में बाल विकास परियोजना द्वारा प्रधानम मातृत्व वंदना के लिये विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प में गर्भवती महिलाएँ,धात्री महिलाएँ और बच्चों का बैंक पासबुक व आधार कार्ड में त्रुटि का निराकरण किया गया। जिसमें त्रुटिकरण के लिये लगभग 60 आवेदनों का सुधार किया गया। तथा नया पंजीकरण के लिये करीब 70 आवेदन जमा लिया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने जनकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना केंद्र सरकार का गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिये महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के मध्यम से गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य और पोषण के लिये 5000 रु दिया जाता है। साथ ही दूसरी बार गर्भवती होने और बेटी का जन्म देने पर 6000 रु का राशि केंद्र सरकार द्वारा दिया जाता है। साथ ही बताया कि लाभार्थी महिलाओं का लाभ देने के लिये आवश्यक दस्तावेज का ऑनलाइन कर लाभ दिया जाता है। वही 80 सेविका और 130 लाभुक उपस्थित थे। तथा मौके पर शांति उराँव, रजनी देवी, पूनम मिंज, टिंकी देवी, शांता मिंज, सुषमा उराँव, अंजनी उराँव, सुमन्ती उराँव,यशोदा कुमारी, शहनाज बानो सहित प्रखंड क्षेत्र की सभी सेविकाएँ उपस्थित थे।

# हिंडाल्को कर्मी के सुपुत्र मयंक चित्तौड़ा प्रथम प्रयास में चार्टेड अकाउंटेड परीक्षा में हुए सफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडाल्को में कार्यरत वरीय अधिकारी गिरिराज चित्तौड़ा एवं जीटीपीएस की प्राध्यापिका सुनीता चित्तौड़ा के 22 वर्षीय सुपुत्र मयंक चित्तौड़ा चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में प्रथम प्रयास में उत्तीर्णता हासिल की है। ज्ञात हो कि मयंक चित्तौड़ा की प्राथमिक शिक्षा लोहरदगा के जीटीपीएस में हुई एवं 12वीं भीलवाड़ा में तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी के लिए वह मुंबई गए। जहां से कठिनतम परीक्षा की तैयारी में हुए सफल रहे। प्रथम प्रयास में ही चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास कर लोहरदगा के लिए कीर्तिमान स्थापित की है। मयंक को हिंडालको परिवार के अधिकारियों,



अभिभावकों एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। मयंक के पिता मौजूदा समय में बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स में कमर्शियल डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं। वह बताते हैं कि बचपन से ही मयंक अपने लक्ष्य के प्रति सदैव तत्पर रहता था। पढ़ाई के प्रति एकाग्र एवं भीड़भाड़ व फोटो फ्रेम की दुनिया से बिल्कुल अलग रहता था मयंक। पार्टी एवं रेस्टोरेंट से दूर रहता था। वह बताते हैं कि जीटीपीएस में प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद मयंक भीलवाड़ा में 12वीं की पढ़ाई पूरी की। जिसके बाद वह चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी के लिए मुंबई में चला गया। कठिन तपस्या व तैयारी के उपरांत आज मयंक इस परीक्षा के दोनों संवर्गों में उतीर्णता हासिल की है। मां सुनीता चित्तौड़ा कहती हैं बच्चे जब आगे बढ़ते हैं तो माता-पिता को सुकून मिलता है। उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मयंक के नाना सदैव मयंक को मार्गदर्शन करते रहते थे एवं उत्साह उसका उत्साहवर्धन कर मनोबल को बढ़ाया करते थे।

# जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नेसार अहमद उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विद्यालय में खेल सामाग्री आपूर्ति में अनियमितता के संबंध में जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नेसार अहमद ने मंगलवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण से मिल कर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि सर्व शिक्षा अभियान, लोहरदगा के अन्तर्गत विद्यालयों में खेल सामाग्री के आपूर्ति में भारी अनियमितता बरती गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,लोहरदगा द्वारा राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशित आदेश को भी अन्देखा करते हुए अपने फायदे के लिए एक खास आपूर्तिकर्ता के बिल की फर्जी पर्ची में सी.आर.पी. के माध्यम से जबरन प्रभारी शिक्षकों से मोहर एवं हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। जो शिक्षक नहीं लेना चाहते हैं, उन्हें धमकी भी दिया जा रहा है कि आपको नौकरी करना है या नहीं। शिक्षकों का कहना है कि आपूर्ति किये गए सामानों की गुणवत्ता बिलकुल ही निम्न स्तर की है। उक्त आपूर्ति के लिए फंड एसएनए अकाउंट में गया है। जिसका अभी तक जिला स्तर से विद्यालय के लिए पत्र भी निर्गत नहीं हुआ है। अगर हुआा भी है तो सिर्फ उस विशेष आपूर्तिकर्ता के पास ही है। श्री अहमद ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि इस संबंध में संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जाँच कराई जाए। साथ ही दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाय। उपायुक्त ने 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य श्री अहमद को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# बागवानी योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनरेगा अंतर्गत लोहरदगा जिला में बागवानी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु दो दिवसीय राजस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आज दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के वैज्ञानिक,डीआरडीए की सहायक तकनीकी पदाधिकारी सुनीता नीलमणि मिंज, जेएसएलपीएस बीपीओ सुनील राम रजक, मनरेगा सहायक अभियंता सुबोध कुमार सत्यम आदि द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रखण्डों से आये प्रतिभागियों को दी गई। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत अगले तीन माह के चिन्हित क्षेत्रों के बारे चर्चा की गई और जानकारी दी गई। बागवानी सखी के दायित्वों के साथ-साथ बागवानी सखी एप पर आंकड़ों को भरे जाने का तरीका बताया गया। साथ ही दीदी बगिया योजना व इसमें आंकड़ों के संधारण की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बिरसा हरित ग्राम योजना का इतिहास,वर्षवार की स्थिति व उपलब्धि,वर्तमान की चुनौतियां, पौधरोपण के तरीकों की जानकारी दी गई। आज के प्रशिक्षण में सभी प्रखण्डों से आये प्रतिभागियों में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय आजीविका एक्सपर्ट, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, बागवानी सखी, किसान आदि उपस्थित थे।

# सदर प्रखंड क्षेत्र में चलाया जा रहा है, विकसित भारत संकल्प यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम के तहत लोहरदगा सदर प्रखण्ड के जुरिया और हरमु पंचायत में आयोजित किया जा रहा है,इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती आशा लकडा,जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, प्रखंड अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी, प्रदेश कार्यसमित सदस्य ओम प्रकाश सिंह, बृजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह,राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री अनिल उराँव, सरोज प्रजापति, चन्द्रशेखर अग्रवाल, संजय वर्मन, प्रकाश नायक, सदर प्रखण्ड के अंचलाधिकारी, महामंत्री विवेक चौहान, नगर अध्यक्ष अमरेश भारती, राजेश महतो, जुरिया पंचायत के मुखिया रंथी उरांव, पंचायत समिती सदस्य दीपिका लकड़ा एवं हरमु पंचायत के मुखिया सुनिल उरांव, शम्भु सिंह,विगन महली, नरेश दसौधीं, शम्भु साहु इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे।

# यज्ञ सनातन परंपरा में सर्वश्रेष्ठ कर्मः आचार्य शरच्चंद्र आर्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पेशरार प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पुतरार में गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा के सौजन्य से यज्ञानुष्ठान एवं कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। गुरुकुल के आचार्य श्री शरच्चंद्र आर्य के नेतृत्व में संपन्न हुए। इस कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीणों ने भाग लेकर यज्ञ में आहुति डाली। आचार्य शरच्चंद्र आर्य ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यज्ञ सनातन परंपरा में सर्वश्रेष्ठ कर्म है। यज्ञ से केवल वातावरण ही शुद्ध नहीं होता बल्कि मानसिक शुद्धि एवं आचरण शुद्धि का भी स्रोत है। मंत्र एक ऐसा युक्ति है जो पूरे शारीरिक विन्यास को तरंगित करता है। उन्होंने ग्राम वासियों को समय-समय पर यज्ञ करने की सलाह दी। इस अवसर पर 50 ग्रामीण जनों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में पुतरार ग्राम समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष देवदीप खेरवार,सचिव श्रीमती चंद्रमुनि उरांव एवं कोषाध्यक्ष के रूप में मारवाड़ी खेरवार को रखा गया तथा सात सदस्य चुने गए। कार्यक्रम को नितेश सिंह, सुखदेव मुंडा,रविंद्र कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री सुखनाथ नगेसिया,श्री चंद्रनाथ खेरवार,श्रीमती सविता देवी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक भोजन में सभी ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा 11 को सिमडेगा में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केंद्रीय कृषि मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा 11 जनवरी गुरुवार को सिमडेगा दौरा में रहेंगे केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा की माननीय मंत्री जी 11 जनवरी 11 बजे सिमडेगा प्रखंड के खिजरी में हमारा संकप्ल विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेंगे व 1 बजे सिमडेगा कॉलेज में वनाधिकार अधिनियम पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। वहीं 2:30बजे जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा में हमारा संकप्ल विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेंगे साथ ही 3ः45 में लचरागढ़ में आम जन एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर संवाद करेंगे। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने आह्वान किया है।

# झारखंड पार्टी के द्वारा सिमडेगा नगर भवन में आयोजित हुई नगर स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी द्वारा सिमडेगा नगर भवन में नगर स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया । मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सिमडेगा गांधी मैदान से जुलूस के रूप में हुई जहां पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे। पारंपरिक ढोल एवम् नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए सिमडेगा में रोड होते हुए नगर भवन जुलूस पहुंची , जहां पर सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। मौके पर स्वागत भाषण बिरसा मांझी के द्वारा किया गया । इसके बाद जिला परिषद अध्यक्ष सह झापा नेत्री रोष प्रतिमा सोरेंग के द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधायक के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने क्षेत्र की जनता को छलने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा वर्तमान समय में सिमडेगा और कोलेबिरा के विकास की गति रुक गई है ऐसे में झारखंड पार्टी का सहयोग कर आने वाले चुनाव में सहयोग करें जिससे कि क्षेत्र का विकास हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा की क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को दूर करने के लिए राष्ट्रीय पार्टी नहीं आती है,कांग्रेस से ना राहुल गांधी आएंगे ,भाजपा से ना नरेंद्र मोदी आएंगे और ना ही झारखंड मुक्ति मोर्चा से हेमंत सोरेन आएंगे उन्होंने कहा क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिए झारखंड पार्टी क्षेत्र में खड़ी है। क्योंकि यह माटी की पार्टी है और लोगों की समस्याओं को सुनना पहले प्राथमिकता है ।उन्होंने युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में आकर समाज सुधारने की लिए आवाहन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री एक्का ने कहा आज नगर सम्मेलन करने का एकमात्र उद्देश्य है की क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को सभी लोगों को मंथन करने की आवश्यकता है ,केंद्र और राज्य सरकार जिस प्रकार से इस क्षेत्र के लोगों का शोषण करने का काम किया है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। आज अस्पताल में समुचित दवाई डॉक्टर एवं क्षेत्र में अधिकारियों की कमी से सिमडेगा जिला जूझ रहा है लेकिन इस पर किसी को ध्यान नहीं। सभी लोग कमीशन खोरी में व्यस्त है और यहां की जनता त्राहिमाम कर रही है। आज सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधायकों के लापरवाही की वजह से यहां पर विकास कार्य ठप हो गया है जिस गति देने की आवश्यकता है।

# आदर्श ग्राम भौरों में शहीद पाण्डेय गणपत राय जयंती 17 जनवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भण्डरा प्रखण्ड अंतर्गत आदर्श ग्राम भौरों में शहीद पाण्डेय गणपत राय जयंती का आयोजन शहीद स्मारक स्थल में दिनांक 17.01.2024 को पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा। इस जयंती आयोजन के नोडल पदाधिकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भण्डरा एवं जिला कृषि पदाधिकारी,लोहरदगा होंगे। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लमाया जाएगा। आपूर्ति विभाग द्वारा विभाग की योजनाओं से संबंधित शिविर लगाया जाएगा। समाज कल्याण विभाग,कृषि विभाग द्वारा अपने-अपने विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगा। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा द्वारा संपूर्ण स्वच्छता अभियान से संबंधित उपलब्धि एवं जनसुलभा हेतु जानकारी के लिए स्टॉल लगाया जाएगा। अंचल कार्यालय भण्डरा द्वारा सभी तरह के प्रमाण-पत्र संबंधी स्टॉल लगाये जायेंगे। हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लोहरदगा द्वारा खनन कार्य एवं सामुदायिक विकास कार्य से संबंधित स्टॉल लगाया जाएगा। सभी व्यवस्थाओं के सफल कार्यान्वयन के वरीय प्रभार में अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा रहेंगे।

# बिरसा सिंचाई कूप व नाडेफ टैंक का लक्ष्य को पूर्ण करें : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में पंचायत सचिव व रोजगरसेवको के साथ बैठक का आयोजन हुआ। आयोजित बैठक में बीडीओ निर्देश देते हुए कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना द्वारा संचालित योजना से आम बागवानी का घेरान कर घास फूस का निराई करना तथा मनरेगा योजना से संचालित सभी योजनाओं का जियो टैग करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूरे प्रखंड में नाडेफ



टैंक का 184 का लक्ष्य को पूर्ण करने के लिये दो दिन में एक साथ कार्य पररम्भ करने का तथा बिरसा सिंचाई कूप का 268 लक्ष्य को को शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिये जियो टैग कर कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी 16 जनवरी से सामाजिक अंकेक्षण कार्य पररम्भ होने से पूर्व अभिलेखों का सत्यापन के लिये आवश्यक दस्तावेजों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देश देते हुए कहा गया की पुरानी लंबित कच्ची योजनाओं को एमआईएस के द्वारा पूर्ण कर अभिलेख बन्द करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, मनु कुमारी, अधीश खाखा, नागमणी उराँव, ओमप्रकाश साहु, सुजीत उराँव, रिझवान अख्तर, डॉली तिर्की, मदुसुदन भगत सहित सभी पंचायत सचिव व रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# हमें हॉकी खेल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है और इस खेल के महत्व को समझते हुए हमें इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेने की है जरुरत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :**जलडेगा प्रखंड के इचापिढ़ी में नव वर्ष हॉकी धमाका 2024 हॉकी खेल का आयोजन 8-9 जनवरी 2024 को किया गया । जिसका फाइनल मैच ओड़गा महुआटोली और कोलोमडेगा के बीच खेला गया।जिसमे महुआटोली टीम 2- 0 से कोलोमडेगा टीम को हराकर विजेता बनी।फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी उपस्थित हुए।विधायक का स्वागत धुमधाम से नाच गान के साथ किया गया। विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने सभी खिलाड़ियों और उपस्तिथ जन समुह को संबोधित करते हुए कहा कि आज स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए खेल का आयोजन अतिआवश्यक है।मैं खेल आयोजन समिति को बिशेष धन्यवाद और बधाई देता हुँ। आगे विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिता से टीमवर्क और लीडरशिप की भावना बढ़ती है। नीरस जीवन में ऊर्जा का संचार होता है। तनाव का स्तर कम होता है और लेखन-पढ़ाई बेहतर होती है। उन्?होंने कहा कि वर्तमान में खेल के क्षेत्र में बेहतर जॉब के अवसर मिल रहे हैं।हमें हॉकी खेल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है और इस खेल के महत्व को समझते हुए हमें इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेने की जरुरत है। हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और इसे वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय करने में हम सभी का योगदान होना चाहिए। हमारी सरकार खेल के प्रति बहुत ही संवेदनशील है इसीलिये खेल के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है। आगे उन्होने कहा कि बदलती परिस्थितियों एवं परिवेश के अनुरूप आदिवासियों की आर्थिक, सामाजिक, रीति-रिवाज ,उनकी परंपरा आदि को संजोने के साथ ही शैक्षणिक सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर उनका उन्नयन सबसे बड़ी चुनौती है जिससे आज के समय में हम सबको को बचाए रखना है और आने वाली पीढ़ी को इसकी जानकारी देते रहना है ताकि हमारी संस्कृति, सभ्यता जीवित रहे।मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि सह जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस रावेल लकड़ा ,अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया,जिला सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस जमीर हसन,ओड़गा पंचायत अध्यक्ष लजरूस समद, निरल जोजो, नेल्सन जोजो, अनिल डांग, अमर टोपनो,अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, रहीम खान, कमरुद्दीन खान, ओड़गा मुखिया मुकुट समद, उप प्रमुख सत्यभामा बडिंग, खेल समिति के बिमल डांग, सुनील बडिंग, मतियस डांग, प्रेमदान बडिंग ,अमर कंडुलना, सुधीर इंदवार आदि उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



चलते चलते एक नजर

## मुख्यमंत्री जेल जाने के पहले पत्नी कल्पना सोरेन को बनाना चाहते हैं सीएम : बाबूलाल मरांडी



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की और वर्ष 2024की शुभकामनाएं देते हुए पिछले दिनों गांडेय विधानसभा उपचुनाव कराए जाने की स्थिति में उत्पन्न होने वाले संवैधानिक संकट से संबंधित भेजे गए पत्र की चर्चा की।प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी शामिल थे। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सत्तापक्ष के एक विधायक जो गांडेय विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दबाव देकर सीट इस्तीफा करवाया। मरांडी ने कहा कि सरफराज अहमद पूरी तरह स्वस्थ हैं,वे देश से बाहर भी नही जा रहे ,ऐसे में उनका इस्तीफा अकारण नहीं हुआ बल्कि मुख्यमंत्री अपनी जेल यात्रा के पूर्व लालू प्रसाद की तर्ज पर अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में गांडेय के विधायक द्वारा दिये गये इस्तीफ़े के तहत उपचुनाव नही कराया जा सकता है। सेक्शन 151ए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत अगर सामान्य चुनाव में एक साल के कम का समय शेष हो तो उपचुनाव नहीं कराये जा सकते हैं।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप कोर कमेटी की बैठक में मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सिस्टमैटिक वोटर एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन यानी स्वीप की कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक का मूल उद्देश्य था आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता गतिविधियां संचालित करने की रूपरेखा तैयार करना। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्यों से सीईओ ने न केवल सुझाव लिए, बल्कि राज्य के मतदाताओं को जागरूक बनाने के लिए सभी सहभागी संगठनों से अपने-अपने स्तर पर बेहतर प्रयास करने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि स्वीप का संचालनात्मक स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है। हालांकि, उद्देश्य वही है अधिक से अधिक जागरुकता फैलाना।

# शांति निवास को हराकर बीपी डीएवी जूनियर वर्ग के फाइनल में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के सेमी फाइनल में बीपीडीएवी ने शांति निवास को 11 रनो से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीपीडीएवी के चेतन को मुख्य अतिथि गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक राकेश पाल ने दिया। चेतन ने चार महत्वपूर्ण विकेट प्राप्त किया। शांति निवास हाई स्कूल ने टॉस जीतकर बीपीडीएबी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बीपीडीएवी ने नैतिक के 46 और सत्यम को 15 रन की बदौलत निर्धारित ओवर में छह विकेट खोकर 107 रन बनाए। शांति निवास की और से आयुष ने तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम श्रीजीत के 34 रनो के सहयोग से नौ विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी। बीपीडीएवी के चेतन ने चार विकेट झटके।

इस मौके पर मुख्य अतिथि राकेश पाल ने कहा की सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से ही खेलना चाहिए। यदि किसी खिलाड़ी में हीन भावना है तो वह सफल खिलाड़ी नही बन सकता। विद्यार्थियों को जीवन में काफी तनाव रहता है लेकिन इस तरह के खेल उन्हें मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, आशुतोष रंजन, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय, रणजीत तिवारी, नैतिक, आलोक कुमार, आदित्य तिवारी, अनिल कुमार, धीरज दुबे, प्रवीण मिश्रा, प्रिंस दुबे आदि शामिल थे।

## सीएम से मिले ब्रिगेडियर संजय कान्डपाल और कर्नल विनय रंजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में स्टेशन कमांडर, रामगढ़ कैंट ब्रिगेडियर संजय कान्डपाल एवं प्रशासनिक कमांडर, रामगढ़ कैंट कर्नल विनय रंजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं।

# एआईएमआईएम के सदस्यों ने परिजन को दिया सहयोग राशि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड सोनदाग गांव के निवासी लकवाग्रस्त अवधेश राम के परिजन को सहयोग राशि प्रदान किया।

इस अवसर पर बताया गया की रीना देवी के पति लकवाग्रस्त अवधेश राम का निधन एक सप्ताह पहले हो गई थी। इसकी खबर मिलने के बाद एआईएमआईएम के प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन अंसारी, प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, प्रखंड महासचिव मोबिन अंसारी, प्रखंड सचिव शमशाद खान, प्रखंड यूवा अध्यक्ष खुशदिल अंसारी, प्रखंड सचिव असगर अंसारी, इरशाद अंसारी, वकील अंसारी, डॉ. फिरोज अंसारी, सद्दाम अंसारी आदि अवधेश राम के घर पर पीड़ित परिवार को गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह एआईएमआईएम के प्रभारी डॉ. एम. एन. खान की ओर से खाने पीने का सामान, चावल आदि दिया गया। वहीं तत्काल सहयोग राशि भी दिया गया। वहीं आश्वासन दिया कि एआईएमआईएम पार्टी के लोग हमेशा आपके परिवार के साथ है। मौके पर पर ग्रामीण शिव कुमार राम, राज कुमार राम, रवि कुमार रवि, गिरवर राम, करीम राम, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रशासन पर पूर्ण विश्वास, बागेश्वर सरकार जरूर आएंगे पलामू : अरुणा शंकर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि बुधवार को उपायुक्त पलामू द्वारा अपने कार्यालय में 11ः30 बजे हनुमंत कथा कराने हेतु एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक रखी गई है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिला प्रशासन हम सब को बागेश्वर धाम श्री धीरेंद्र शास्त्री सरकार को पलामू में कथा कराने की अनुमति समीक्षा उपरांत अवश्य देगी। प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के दर्शन एवं कथा सुनने के लिए पूरे राज्य के लोगों में उत्सुकता है। सभी की निगाहें होने वाले जिला प्रशासन की बैठक के निर्णय पर लगी रहेगी। बता दें कि यह मामला हाई कोर्ट में चला गया है। पिछले दिनों जस्टिस गौतम चौधरी ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त द्वारा कई ऐसे बिंदु कार्यक्रम को रद्द करने के लिए उठाए गए हैं जो उचित प्रतीत नहीं होता है। अगला अंतिम डेट 16 तारीख को निर्धारित करते हुए जिला प्रशासन से एफिडेविट फाइल करने के लिए कहा गया है। हाई कोर्ट ने कहा कि पिछले 2 साल में इस तरह की कथा में जो अनुमति दिए गए हैं क्या उनमें हनुमंत कथा करने के लिए जो शर्तें रखे गए हैं वैसे शर्त पूर्व में कथा करने वालों को भी रखे गए थे ? साथ ही इस बार विशेष संज्ञान लेते हुए न्यायाधीश ने चीफ सेक्रेटरी, झारखंड को भी एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि कथा, जो सबों का मौलिक अधिकार है सरकार द्वारा अनुमति क्यों नहीं दिया जा रहा है ?

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद वीडी राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम श्रीबंशीधर नगर के ग्राम पंचायत भोजपुर एवं कधवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक सभी के प्रयासों से देश को विकसित भारत बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं यथाः प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है जिससे समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करना है।उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 48 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उज्ज्वला योजना के तहत गैस चुल्हा एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान योजना बनाने सहित अन्य योजनाओं का स्टाल लगाया गया था। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा नशा मुक्ति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का नाट्य कला का मंचन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मुकेश चौबे, धीरेन्द्र चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, कनिष्क सिंह, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, विवेकानंद पाण्डेय,विभुति भूषण चौबे, संजय कसेरा, जेएसएलपीएस के समन्वयक धनंजय कुमार, भोजपुर पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव,गरबांध मुखिया सिस्टबयानी केरकेट्टा, कधवन पंचायत के मुखिया सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, प्रखंड पदाधिकारीगण एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर 11 जनवरी को झारखंड प्रभारी करेंगे बैठक

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर 11 जनवरी को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी । बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कमिटी के पदाधिकारियों, मंत्री, सांसद, विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष की अनिवार्य उपस्थिति निर्धारित की गई है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को बताया कि राहुल गांधी 14 जनवरी को 6700 किमी. की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत मणिपुर की राजधानी इम्फाल से कर रहे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से लेकर 20 मार्च तक मणिपुर से चलकर मुम्बई में समाप्त होगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभवतः फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में झारखंड प्रवेश करेगी।

## जायंट्स सहेली का पदस्थापना समारोह संपन्न, सदस्यों ने लिया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली का पदस्थापना समारोह स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में संपन्न हुआ। सत्र 2024 के लिए नए अध्यक्ष के रूप में रंजना जायसवाल, उपाध्यक्ष आंतरिक रीना अग्रवाल, उपाध्यक्ष बाह्य संध्या केसरी, प्रशासनिक निर्देशक रीमा स्वरूप एवं वित्त निदेशक बिना केसरी के अलावा निदेशक मंडल के सदस्य संगीता गुप्ता, पल्लवी पुंज, वन्दना सोनी, रीना केशरी, वर्षा अग्रवाल को शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर एक नए सदस्य करुणा सिंह को भी शपथ दिलाई गई। शपथ के पश्चात् सभी शपथ लेने वालों को को लेपल पिन लगा कर सबको बधाई दी गई। शपथ ग्रहण जायंट्स वेलफेयर फाउन्डेशन फेडरेशन-8 के निवर्तमान यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी (रूपा गंजी) के द्वारा कराया गया।

इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउन्डेशन के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केसरी फेडरेशन-8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केसरी, फेडरेशन-8 के निवर्तमान उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केसरी, फेडरेशन पदाधिकारी डॉ अशोक सोनी, जायंट्स गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली ग्रुप के अध्यक्ष रितु जायसवाल ने की।

इस अवसर पर जायंट्स गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पुर्व अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, रीता केशरी, लता गुप्ता, माला केसरी, सुनीता केशरी, सुषमा केशरी सहित कंचन कुमारी, रीना गुप्ता, चांदनी केशरी, प्रियंका केशरी, रीना केशरी ,मंजु गुप्ता, रीना सोनी आदि सदस्य उपस्थित थीं।

# पर्यावरणविद कौशल ने अजमेर जा रहे यात्रियों को पौधा देकर किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत मुख्यालय स्थित आजाद नगर में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला के साथ ड्राई फूड और थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम का पौधा देकर उन्हें सम्मान पूर्वक रवाना किया। पर्यावरणविद ने सभी अकीदतमंदों की सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इतिहास गवाह है कि मक्का मदीने का रोजा का गुम्बद 14 सौ वर्ष से हरा है । जिसका रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा है। इसीलिए तो जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। पूर्व उपमुखिया अफजल अंसारी ने कहा कि धन्य है डाली बाजार की धरती जहां के विश्वस्तरीय पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल उनके धर्मपत्नी सह मुखिया श्रीमती पूनम जायसवाल व पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल जैसे लोग सबके सुख दुःख में यहां के हर समुदाय के लोगों के साथ खड़े रहते हैं,जो हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है।अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियों में पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया नगीना बीवी, जुबेर अंसारी , शहाबुद्दीन अंसारी, जहरू अंसारी, करीमन अंसारी, शाहजहां अंसारी, बड़ा यासीन, शमीम अंसारी, असलम अंसारी , परवेज आलम, इदरीश अंसारी, सरताज अंसारी, रजि अहमद, नुरुल हुदा, मकबूल अंसारी आदि शामिल थे।

## 2024-25 के बजट में गरीब व अल्पसंख्यकों को ध्यान में रखा जाए : अकरम राशिद

रांची। मो अकरम राशिद संयोजक जन सूचना अधिकार मंच रांची ने बयान जारी करते हुए मांग की है कि वर्ष 2024-25 का झारखंड राज्य सरकार का बजट गरीब जनता, मुस्लिम अल्पसंख्यक (सच्चर कमेटी की रिपोर्ट को नजर में रखते हुए) के हित को सामने रखते हुए उनके अनुसार हो। राज्य में मॉब लिंचिंग जैसी घटनाएं में घटित परिवार को मुआवजा का भी प्रावधान हो, शिक्षा को सामने रखते हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम09 के तहत बजट में अधिक से अधिक राशि हो, जन् मुद्दे एवं जन समस्याओं पर आधारित योजना पर अधिक से अधिक राशि सरकार को देना चाहिए। जिससे गरीब जनता को लाभ मिल सके। क्योंकि यह राज्य मुस्लिम और आदिवासी के जनसंख्या के आधार पर प्राप्त हुआ है। यूं कहे तो सरकार को इन दो समुदाय को इस बजट में लाभ मिले इस पर सीधा फोकस करना चाहिए।

# सोशल मीडिया पर सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ महाभियान 11 को, शिक्षा सचिव ने दिए दिशा-निर्देश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान के तहत 11 जनवरी को प्रातः सभी जिलों में स्कूल आते हुए बच्चों की सीटी बजाती हुई तस्वीर या वीडियो #SeetiBajao को टैग करते हुए पोस्ट किया जाएगा।इस सोशल मीडिया महा अभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र छात्राये, अभिभावक आदि अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। साथ ही समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इनके अलावा सरस्वती वाहिनी के सदस्य एवं माता समिति के सदस्य भी इसमें शामिल होंगे। सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान के संदर्भ में राज्य शिक्षा सचिव के रवि कुमार के निर्देशानुसार मंगलवार को विभिन्न जिलों में 11 जनवरी के सोशल मीडिया महा अभियान को देखते हुए अहम बैठक की गयी। इसमें जिला के सभी ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही 11 जनवरी के दिन इस महाअभियान की व्यापक सफलता को लेकर पदाधिकारियों को ब्लॉक स्तर तक हर विद्यालय में पूरी तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है। सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ सोशल मीडिया महाअभियान को देखते हुए स्कूलों को पर्याप्त सीटी रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सभी जिला पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर पर्याप्त संख्या में सीटी मौजूद रखने का निर्देश दिया है। जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है, उन्हें तत्काल इसका क्रय कर लेने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस कार्यक्रम को प्रयास, एसएमसी और पीटीएम से भी जोड़ा जाएगा। राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को जारी दिशा निर्देशों में स्पष्ट किया है कि इस सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए सोशल मीडिया के सभी माध्यमों का प्रचूर इस्तेमाल करे। सिर्फ एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ही नहीं, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और कू एप का भी इस्तेमाल सुनिश्चित करें। सभी माध्यमों द्वारा #SeetiBajao को पोस्ट करें। उल्लेखनीय है कि सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान को सिमडेगा जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। जिले में इसके सकारात्मक परिणाम को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पूरे राज्य में इसे अभियान के रूप में शुरू करने का निर्णय लिया।